3 राजधानी
सिंगल यूज प्लास्टिक पर आज से पाबंदी

6 अभिमत
उच्च शिक्षा को सार्थक बनाना आवश्यक

10 विदेश
इजराइल में सरकार गिरी

12 स्पोर्ट्स
बुमराह की कप्तानी का होगा टेस्ट

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 233
नई दिल्ली, शुक्रवार, 1 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



कंगना रनौत ने शिवसेना पर साधा निशाना

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री व फडणवीस उपमुख्यमंत्री बने

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**भारतीय** जनता पार्टी ने एक बार फिर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों एवं विश्लेषकों को चौंका दिया। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद भाजपा ने शिवसेना के बागी गुट का नेतृत्व कर रहे पूर्व मंत्री और मराठा नेता एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। साथ ही राज्य में अपने ही पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के कद्दवर ब्राह्मण चेहरा देवेंद्र फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाकर एक चतुर राजनीतिक कदम उठाया है। दिवंगत शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद उनके कभी सबसे भरोसेमंद पार्टी सहयोगी रहे शिंदे ने गुरुवार को औपचारिक रूप से सरकार बनाने का दावा पेश किया।

शिंदे इस मौके पर दिवंगत बालासाहेब ठाकरे और ठाणे जिले के दिवंगत शिवसेना प्रमुख आनंद दीघे का नाम लेना नहीं भूले, जिन्हें ठाणे का बाल ठाकरे माना जाता था। दीघे के प्रति शिंदे की श्रद्धा को इस तथ्य के रूप में देखा जा रहा है कि कभी ठाणे में ऑटोरिक्शा चलाने वाले शिंदे एक शाखा प्रमुख से वरिष्ठ मंत्री और अब मुख्यमंत्री तक की कुर्सी तक पहुंचे। केंद्रीय भाजपा नेतृत्व ने शिंदे के विद्रोह के पहले ही दिन से सत्तारूढ़ शिवसेना के भीतर के घटनाक्रम पर नजर रखी। शिंदे गुट के विधायक पहले भाजपा शासित गुजरात के सूरत, वहां से भाजपा के शासन वाले असम के गुवाहाटी और फिर गोवा पहुंचे। यहां से पूरी तैयारी के साथ उन्हें मुम्बई लाया गया। हालांकि यह विडंबना ही है कि सितंबर-अक्टूबर 2019 तक फडणवीस के मंत्रिमंडल में पांच साल तक वरिष्ठ मंत्री के रूप में काम करने वाले अब मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालकर उनके बॉस बन गए।

शिंदे और फडणवीस ने दक्षिण मुंबई के राजभवन में आनन-फानन में बुलाए गए शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के समक्ष क्रमशः मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री पद के लिए अपने ही नेता फडणवीस के बजाय शिंदे का समर्थन कर, भाजपा निवर्तमान मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से जनता की सहानुभूति छीनना चाहती है। इस कदम को भाजपा की चाल के रूप में माना जा रहा है। इससे पहले दोपहर में शिवसेना के बागी नेता के साथ संयुक्त रूप से मीडिया से बातचीत में फडणवीस ने यह कहकर पूरे राज्य को आश्चर्यचकित कर दिया था कि एकनाथ शिंदे शाम 7.30 बजे अगले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे और भाजपा शिंदे सरकार का समर्थन करेगी।

जाहिर तौर पर शिंदे के अधीन काम करने की संभावना से नाखुश फडणवीस ने साथ-साथ यह भी घोषणा की थी कि वह शिंदे सरकार का हिस्सा नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि हमने भाजपा के 106, शिंदे समर्थक विधायकों और 16 निर्दलीय एवं अन्य की सूची राज्यपाल को सौंप दी है। इसी के तहत शिंदे आज शाम साढ़े सात बजे राजभवन में अकेले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। मैं सरकार का हिस्सा नहीं बनूंगा। शिंदे के शपथ ग्रहण के बाद शिंदे खेमे और भाजपा दोनों के मंत्रियों को शामिल करने के लिए मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। भाजपा नेतृत्व ने महसूस किया कि नई सरकार में फडणवीस की अनुपस्थिति राज्य में लोगों को गलत संकेत जाएगा, इसलिए उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में शिंदे मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए राजी किया गया। शिवसेना के 55 में से 40 और कुछ अन्य मिलाकर 51 विधायकों का समर्थन होने का दावा करने वाले शिंदे सीध विपक्ष के नेता फडणवीस के आधिकारिक आवास सागर बंगले में गए। वहां से वह और फडणवीस राजभवन गए और राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल से हरी झंडी मिलने के बाद फडणवीस और शिंदे दोनों ने संयुक्त रूप से मीडिया से बातचीत में नई सरकार बनाने का ऐलान कर दिया।



मुंबई में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के साथ एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस

## नड्डा के निर्देश पर उपमुख्यमंत्री बनने को तैयार हुए फडणवीस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● दो घंटे पहले पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह सरकार का हिस्सा नहीं होंगे

**पूर्व मुख्यमंत्री** देवेंद्र फडणवीस द्वारा गुरुवार को यह स्पष्ट करने कि वह नई महाराष्ट्र सरकार का हिस्सा नहीं होंगे। इसके दो घंटे बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घोषणा की कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने फैसला किया है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अधीन फडणवीस उप मुख्यमंत्री के रूप में नई सरकार का हिस्सा होंगे। फडणवीस को उद्धव ठाकरे सरकार को गिराने में प्रमुख वास्तुकार की भूमिका में देखा गया और उनको मुख्यमंत्री पद का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था।

सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय भाजपा नेतृत्व ने इस मुद्दे पर अपना विचार बदल दिया और फडणवीस को राज्य के व्यापक हितों को देखते हुए सरकार में शामिल होने के लिए कहा। नड्डा ने ट्वीट किया कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उनसे व्यक्तिगत अनुरोध किया और केंद्रीय नेतृत्व ने कहा है कि देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम के रूप में कार्यभार संभालना चाहिए। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि फडणवीस ने एकनाथ शिंदे कैबिनेट में शामिल होने का फैसला किया है। ( शेष पेज 8 )

## महाराष्ट्र सरकार जाने के बाद कांग्रेस को झारखंड की चिंता

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

● झारखंड मुक्ति मोर्चा और भाजपा में नजदीकियों के संकेत

**महाराष्ट्र** में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार गिरने के बाद कांग्रेस नेतृत्व अब झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गठबंधन सरकार को लेकर चिंता करने के साथ सतर्क नजर आ रही है। ताजा मामलों को देखते हुए लग रहा है कि झामुमो की भाजपा से नजदीकियां बढ़ रही हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर राष्ट्रपति पद के चुनाव में एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने की बात कही है। वहीं सोरेन अपने परिवार के सदस्यों को खनन पट्टे आवंटित करने के आरोपों को लेकर पहले से ही केंद्रीय जांच एजेंसियों का सामना कर रहे हैं। जबकि झामुमो और कांग्रेस के वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने कहा कि राज्य के लोगों के जनादेश का सम्मान किया जाएगा। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने द पायनियर को बताया कि महाराष्ट्र के बाद पार्टी झारखंड पर ध्यान केंद्रित करेगी। भाजपा पदाधिकारी ने कहा कि पिछले साल जुलाई-अगस्त में हमने झारखंड में गठबंधन सरकार को हटाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके थे।

झामुमो-कांग्रेस गठबंधन में दरार का पहला संकेत झामुमो द्वारा राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस की मांग को खारिज कर अपना उम्मीदवार खड़ा करने के साथ हुआ। इसके बाद झामुमो ने राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन करने से इनकार कर दिया। झारखंड में सोरेन सरकार को गिराने की भाजपा के योजना बनाने के सवाल पर झारखंड पार्टी प्रमुख दीपक प्रकाश ने द पायनियर को बताया कि हम इस तरह कोई रणनीति नहीं बना रहे हैं। हम केवल राज्य के लोगों के हित में रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस सरकार भ्रष्ट लोगों से भरी हुई है और सरकार ने विकास के कोई संकेत नहीं दिखाया है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हों तो आप क्या कह सकते हैं। झारखंड बनने के बाद से भाजपा ने हमेशा एक स्वच्छ और विकासोन्मुखी सरकार दी है और पार्टी सुशासन के लिए प्रयास करना जारी रखेगी। संयोग से, कांग्रेस के कई नेता और राज्य के पदाधिकारी अक्सर सोरेन के नेतृत्व वाले गठबंधन सरकार की नाराजगी की शिकायत करते हुए कांग्रेस मुख्यालय का चक्कर लगाते रहे हैं।

## इसरों का एक और सफल मिशन तीन विदेशी उपग्रह कक्षा में स्थापित

**भाषा।** श्रीहरिकोटा

**इसरो** ने एक सप्ताह के भीतर अपने दूसरे सफल मिशन में पीएसएलवी सी-53 से तीन विदेशी उपग्रहों को बृहस्पतिवार को यहां प्रक्षेपण स्थल से सटीक तरीके से कक्षा में स्थापित किया। इस मिशन के साथ पीएसएलवी सी-53 ने एक प्रामाणिक रॉकेट होने की साख को कायम रखा है। पीएसएलवी सी-53 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की व्यावसायिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) का दूसरा विशेष वाणिज्यिक मिशन है। उसने 23 जून को संचार उपग्रह जीसैट-24 का फ्रेंच गुयाना (दक्षिण अमेरिका) के कोउरू से सफल प्रक्षेपण किया था।

बृहस्पतिवार को चार स्तर वाले 44.4 मीटर लंबे पीएसएलवी-सी53 ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉंच पैड से उड़ान भरी और सिंगापुर के तीन उपग्रहों- डीएस-ईओ, न्यूएसएआर और स्कूब-। को निर्धारित कक्षा में स्थापित किया। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने इस बात की पुष्टि की कि मिशन ने अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि रॉकेट ने तीन उपग्रहों को सटीकता से कक्षा में स्थापित किया। उन्होंने एनएसआईएल को इसी महीने एक और बड़े मिशन को पूरा करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, आज के मिशन के साथ, ए तीनों उपग्रह सही कक्षा में स्थापित हो गए। मिशन के निदेशक एस आर बीजू ने प्रक्षेपण को शानदार बताया। प्रक्षेपण यान ने 25 घंटे की उलटी गिनती समाप्त होते ही शाम 6:02 बजे उड़ान भरी। ( शेष पेज 8 )



## मई में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन लगभग 18 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ( भाषा )।** आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन मई, 2022 के दौरान एक साल पहले के समान महीने की तुलना में 18.1 प्रतिशत बढ़ा है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अप्रैल, 2022 में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली जैसे आठ बुनियादी क्षेत्रों के उत्पादन में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आंकड़ों के अनुसार, कोयला, कच्चा तेल, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, सीमेंट और बिजली का उत्पादन मई में क्रमशः 25.1 प्रतिशत, 4.6 प्रतिशत, 16.7 प्रतिशत, 22.8 प्रतिशत, 26.3 प्रतिशत और 22 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा प्राकृतिक गैस और इस्पात उत्पादन की वृद्धि दर मई में घटकर क्रमशः सात और 15 प्रतिशत रह गई। मई, 2021 में प्राकृतिक गैस का उत्पादन 20.1 प्रतिशत और इस्पात का उत्पादन 55.2 प्रतिशत बढ़ा था। कुल मिलाकर अप्रैल-मई 2022-23 के दौरान आठ बुनियादी उद्योगों उत्पादन 13.6 प्रतिशत बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 13.6 प्रतिशत बढ़ा था।

## मणिपुर में भूस्खलन के कारण आठ की मौत, 72 लापता

**भाषा।** इंफाल

**मणिपुर** के नोनी जिले में एक रेलवे निर्माण स्थल पर हुए विनाशकारी भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 70 से अधिक अन्य लोग लापता हो गए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना बुधवार रात टुपुल यार्ड रेलवे निर्माण शिविर में हुई। उन्होंने बताया कि प्रादेशिक सेना के सात जवानों समेत आठ लोगों के शवों को निकाल लिया गया है और करीब 72 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। भूस्खलन के कारण बड़े पैमाने पर मलबे ने इजेई नदी को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे एक जलाशय बन गया है, जो निचले इलाकों को जलमग्न कर सकता है। नोनी जिले के उपायुक्त द्वारा जारी एक परामर्श में कहा गया है, टुपुल यार्ड रेलवे निर्माण शिविर में भूस्खलन के कारण हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। भूस्खलन के कारण बड़े पैमाने पर मलबे ने इजेई नदी को अवरुद्ध कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप एक जलाशय बन गया है, जो नोनी जिला मुख्यालय के निचले इलाकों को जलमग्न कर सकता है। प्रशासन ने इन इलाकों में रहने वाले लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी है। कई स्थानों पर सड़कों के अवरुद्ध होने के कारण लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग-37 की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना को लेकर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की है। अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम भूस्खलन वाली जगह पर पहुंच गई है, जबकि दो और टीम जल्द ही पहुंच जाएंगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने ट्वीट किया, मणिपुर में टुपुल रेलवे स्टेशन के पास हुए भूस्खलन के मद्देनजर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की। बचाव कार्य जोरों पर है। एनडीआरएफ की एक टीम पहले ही मौके पर पहुंच गई है और बचाव कार्य में जुट गई है। ( शेष पेज 8 )

## दिल्ली-उत्तर प्रदेश में छाया मानसून

● अगले तीन से पांच दिनों तक दिल्ली-यूपी समेत देश के ज्यादातर हिस्सों में होगी अच्छी वर्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली,** उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि में मानसून पूरी तरह छा गया है। बृहस्पतिवार को सीजन की पहली बारिश से लगभग पूरा उत्तर भारत सराबोर हो गया। इससे कई दिन से गर्मी और उमस से बेहाल लोगों को खासी राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में हरियाणा, पंजाब और राजस्थान को भी मानसून कवर कर लेगा। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार सुबह से ही दिल्ली, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश हुई। हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भी अच्छी बारिश हुई है। नई दिल्ली के सफदरजंग वेधशाला ने सुबह साढ़े आठ बजे से महज छह घंटों में 110 मिलीमीटर बारिश दर्ज की, जो कम से कम 14 वर्षों में जून में किसी दिन होने वाली अधिकतम बारिश है। राजधानी में 18 जून 1936 को 235.5 मिमी. बारिश हुई थी जो अब तक का रिकॉर्ड है। दिल्ली में जून में औसतन 65.5 मिमी. बारिश होती है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार मानसून आने के पहले 10 दिनों में दिल्ली में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून 30 जून को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। मानसून ट्रफ अब दीसा, रतलाम, टोंक, सीकर, रोहतक और पठानकोट से होते हुए आगे बढ़ रही है।

दक्षिण-पश्चिमी मानसून आमतौर पर 27 जून को राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में छा जाता है। नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान उत्तराखंड समेत देश के ज्यादातर हिस्सों में अगले तीन से पांच दिनों में कहीं-कहीं ( शेष पेज 8 )




नई दिल्ली में मानूसनी बारिश का आनंद लेते लोग — फोटोः रंजन डिमरी

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,019 | ↓ 8 | |
| निफ्टी | 15,780 | ↓ 18 | |
| सोना | 50,700 | ↓ 29 | /10g |
| चांदी | 59,050 | ↓ 11 | /kg |

### क्विक न्यूज

**18 जुलाई से आरंभ होगा संसद का मानसून सत्र**

**नई दिल्ली।** संसद का माननसून सत्र 18 जुलाई से शुरू होगा और अगस्त के दूसरे हफ्ते में 12 अगस्त तक चलेगा। लोकसभा सचिवालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, 17वीं लोकसभा का नौवा सत्र 18 जुलाई से शुरू होगा और इसके 12 अगस्त तक चलने की संभावना है। वहीं, राज्यसभा सचिवालय के बुलेटिन में कहा गया है कि राज्यसभा का 257वां सत्र 18 जुलाई से शुरू होगा। संसद का यह मानसून सत्र खास रहने वाला है क्योंकि 18 जुलाई को ही राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान है। मानसून सत्र में 18 जुलाई से 12 अगस्त के बीच कुल 17 कार्यदिवस पड़ रहे हैं। इस सत्र में सरकार कई विधेयकों को सदन में पेश कर सकती है।

# अब न सबूत मिटेंगे, न होगी जांच में देर

**संजय राय।** नई दिल्ली

● दिल्ली पुलिस के प्रत्येक जिले में तैनात होंगी मोबाइल फोरेंसिक साइंस लैब

● एफएसएल की टीम भी पीसीआर की तरह ही जल्द ही घटना स्थल पर पहुंचेगी

**अपराध** स्थल पर अब न सबूत नष्ट होंगे और न ही जांच में देर होगी। शीघ्र ही दिल्ली पुलिस के सभी 15 जिलों में मोबाइल फारेंसिक लैब की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पीसीआर की तरह ही एफएसएल की टीम भी जल्द से जल्द मौके पर पहुंच जाए और सबूत एकत्र कर समय पर उनकी जांच पूरी करे। अभी फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) रोहिणी में है। पूरी दिल्ली में यहीं से टीम जाती है। कई बार घटनास्थल दूर होने की वजह से सबूत नष्ट होने या कुछ हद तक खराब होने की संभावना रहती है। अभी इस योजना का ट्रायल दो जिलों में चल रहा है, जहां दो मोबाइल वैन काम कर रही हैं। अगले तीन महीनों में इनकी संख्या बढ़ाकर छह की जाएगी और प्रत्येक जिले में एक-एक वैन अवश्य काम करेगी।

मौजूदा व्यवस्था में लैब के विशेषज्ञों को घटनास्थल पर पर जाने के लिए लैब के रोहिणी स्थित मुख्यालय से ही जाना पड़ता है। वारदात दूर होने पर कई बार रास्ते में यातायात जाम होने या अन्य वजह से समय लग जाता है। ऐसे में कई बार मौका-ए-वारदात पर घरवालों या अन्य बाहरी लोगों की अधिक आवाजाही से फिंगरप्रिंट और अन्य सबूत नष्ट होने का खतरा रहता था। कई बार बारिश होने या अन्य तरह की वजह से सबूत धुल जाता था। इस तरह की समस्या को खत्म करने के लिए हर जिले में लैब की मोबाइल टीमों को तैनात किया जा रहा है। इसका फायदा दिल्ली पुलिस को जांच में अपराधियों को सजा दिलाने में मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि इसका सबसे बड़ा फायदा किसी भी घटना और दुर्घटना में एफएसएल टीम के जल्द से जल्द पहुंचने के रूप में होगा। कोशिश होगी कि किसी भी वारदात वाली जगह मोबाइल टीम 15 से 30 मिनट के अंदर पहुंच जाए।

इस बीच उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रोहिणी स्थित फोरेंसिक साइंस लैब मुख्यालय के कामकाज और कार्य प्रगति की समीक्षा की। यहां उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये, जिसमें पीडब्ल्यूडी को नए भवन निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा से पहले मार्च, 2023 तक पूरा करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली पुलिस के दो जिलों में तैनात मोबाइल लैब की संख्या बढ़ाकर चार करने और तीन महीने के भीतर छह करने के निर्देश दिये। इसके अलावा क्रमशः सभी 15 पुलिस जिलों में 1-1 मोबाइल फारेंसिक लैब तैनात करने को कहा। एलजी ने मौजूदा प्रयोगशालाओं को आधुनिक उपकरणों और प्रौद्योगिकी से लैस कर उनको सशक्त ( शेष पेज 8 )



रोहिणी स्थित फोरेंसिक साइंस लैब का निरीक्षण करते उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना

## मुंबई हमला मामले में आतंकी मजीद मीर से होगी पूछताछ

**भाषा।** लाहौर

**अति वांछित** आतंकवादियों में से एक और 2008 के मुंबई हमलों के साजिशकर्ता साजिद मजीद मीर से अधिकारियों द्वारा इस हमले को लेकर पूछताछ की जाएगी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान ने पहले साजिद मजीद मीर को मृत घोषित किया था।

साजिद मीर 26 नवंबर 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों में अपनी भूमिका के लिए भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों की सूची में शामिल है। प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकवादी समूह के सदस्य 43 वर्षीय मीर को इस महीने की शुरुआत में लाहौर में एक आतंकवाद-रोधी अदालत (एटीसी) द्वारा आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में 15 साल से अधिक जेल की सजा सुनाई गई थी। मुंबई मामले की जांच से जुड़े संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, एफआईए टीम मुंबई हमले के मामले में मीर की कथित भूमिका के लिए गुजरांवाला जेल में मीर से पूछताछ करेगी। वह यहां से करीब 80 किलोमीटर दूर केंद्रीय जेल गुजरांवाला में कैद है। मीर को आतंकी वित्तपोषण के एक अलग मामले में भी दोषी ठहराया गया है जिसका मुंबई हमले के मामले से कोई लेना-देना नहीं है। अधिकारी ने कहा, मीर से जमात-उद-दावा (जेयूडी) के प्रमुख हाफिज सईद और लश्कर के ऑपरेशन कमांडर जकीउर रहमान लखवी के साथ उसके संबंधों और हमले के वित्तपोषण के लिए भी पूछताछ की जाएगी। मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद और लखवी को लाहौर की कोट लखपत जेल में रखा गया है, ( शेष पेज 8 )

# कालिंदी कुंज से पृथला गोलचक्कर तक सिग्नल फ्री ट्रैफिक

## जाम का झंझट हुआ खत्म, शशि चौक और सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन तक हटाई गई लालबत्ती

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा शहर के निवासियों के लिए अच्छी खबर है। कालिंदी कुंज से लेकर पृथला गोल चक्कर तक ट्रैफिक नॉन स्टॉप हो गया है। इस रास्ते में केवल एक तिराहे पर लाल बत्ती थी, उसे हटा दिया गया है।

अब लोगों को सामान्य ट्रैफिक के दौरान इस रूट पर कहीं भी ठहरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पृथला गोल चक्कर पर फ्लाईओवर बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

यह फ्लाईओवर बनने के बाद कालिंदी कुंज से लेकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौर सिटी चौराहे तक ट्रैफिक सिग्नल फ्री हो जाएगा। नोएडा अथॉरिटी और ट्रैफिक पुलिस मिलकर शहर में यातायात व्यवस्था को सिग्नल फ्री बनाने में जुटे हैं। इसी सिलसिले में कालिंदी कुंज से पर्थला गोल चक्कर मास्टर प्लान रोड-3 पर सेक्टर-39 पीजी कॉलेज तिराहा बंद कर दिया गया है। इस तिराहे और शशि चौक के बीच सेक्टर-36 व 39 के सामने बनाया गया यू.टर्न खोल दिया गया है। इससे वाहन निकलने लगे हैं। अब शशि चौक और सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन की तरफजाने वाला ट्रैफिक बगैर रुके निकलने लगा है। यहां का ट्रैफि क सिग्नल बंद कर दिया गया है। अथॉरिटी के ट्रैफि क सेल के अधिकारियों ने तिराहा बंद करने और यू-टर्न खोलने की पुष्टि की है। अभी तक इस तिराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगा हुआ था। शशि चौक से सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन और पर्थला की तरफजाने वाले वाहनों या सिटी सेंटर से शशि चौक की तरफ जाने वालों को इस सिग्नल पर रुकना ही पड़ता था। यह ट्रैफि क रोककर सिटी सेंटर की तरफ से स्टेडियम रोड सेक्टर-36, सेक्टर-11, सेक्टर-12, सेक्टर-22, सेक्टर-55, सेक्टर-56 पर जाने वालों को रास्ता मिलता था। अब तिराहे से आगे और शशि चौक से पहले यू-टर्न बना दिया गया है। इस यू-टर्न से वाहन दाहिने मुड़कर कुछ दूर चलने के बाद बाएं मुड़कर स्टेडियम रोड पर निकल जा रहे हैं।

स्टेडियम रोड से आने वाला ट्रैफिक सेक्टर-38 शशि चौक की तरफ इस तिराहे से निकलता था, वह सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के आगे पेट्रोल पंप के सामने बने यू-टर्न से होकर वापस आ रहा है। इस तरह तिराहा बंद होने के साथ इसका ट्रैफि क दोनों यू-टर्न पर डॉयवर्ट हो गया है। तिराहा बंद करने की योजना 6 साल पुरानी थी, लेकिन कई बार टेंडर होने के बाद काम शुरू नहीं किया जा सका था। दरअसल, करीब 10 साल पहले राइट्स ने शहर में ट्रैफिक को निर्बाध करने के लिए एक रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके तहत शहर में चौराहों व तिराहों पर फ्लाईओवर, अंडरपास, यूटर्न और स्लिप रोड बनाने की सिफारिश की गई थी।

अथॉरिटी मास्टर प्लान रोड-3 कालिंदी कुंज से लेकर परथला गोल चक्कर तक को सिग्नल फ्री बना रही है। इसी सिलसिले में सेक्टर-37 में फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए गए। सिटी सेंटर और मोरना डिपो के बीच अंडरपास बनाया गया। सेक्टर-71 चौराहे को सिग्नल फ्री किया गया है। पृथला गोल चक्कर पर फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। शहर की एलिवेटेड रोड भी राइट्स की सिफारिशों पर ही बनाई जा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार




मीडिया क्लब में प्रेस वार्ता करते प्रताप सिंह।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप

**नोएडा।** शहर के बीचोंबीच सेक्टर-44 में नोएडा अथॉरिटी की करोड़ों रुपए की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर रखी है। ऐसा दावा गुरुवार को नोएडा मीडिया क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह सनसनीखेज खुलासा खुद आरोपियों के सगे भाई ने किया है। प्रताप सिंह चौहान ने दावा किया सेक्टर-44 में दबंगों का नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा है। नोएडा मीडिया क्लब में वादी प्रताप सिंह चौहान ने अपने सगे तीन भाइयों पर नोएडा प्राधिकरण की जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, मेरे सगे भाइयों ने सेक्टर-44 में अवैध रूप से नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर मकान बना रखे हैं। कब्जा की गई जमीन की कीमत लगभग 44 करोड़ रुपये है।

### फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने छोड़ी सपा

**नोएडा।** फेडरेशन ऑफनोएडा रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन फोनरवो के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया हैं। योगेंद्र शर्मा ने बताया कि निजीकारणों से गुरुवार को पार्टी से त्यागपत्र दिया है। योगेंद्र शर्मा को प्रदेश के विधानसभा चुनाव से पहले 12 दिसंबर को लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई थी। वह विधानसभा चुनाव में नोएडा विधानसभा सीट से टिकट के लिए दावेदारी कर रहे थे। लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट ना देकर फिर से अपने पुराने कार्यकर्ता पर ही भरोसा जताते हुए सुनील चौधरी को लगातार तीसरी बार इस सीट से चुनाव लड़ाया था। तभी से योगेन्द्र शर्मा सपा में लगभग निष्क्रिय चल रहे थे। गुरूवार को उन्होंने सपा को छोड़ने का ऐलान कर दिया। हालांकि अभी उन्होंने किसी अन्य दल की सदस्यता स्वीकार नहीं की है।

### आठ बदमाशों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

**नोएडा।** जिले में चोरी, छिनैती और लूटपाट करने वाले अलग.अलग गिरोह के तीन सरगना समेत आठ बदमाशों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट लगाया है। इनमें से कई बदमाश वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस इनकी तलाश में जुटी है जबकि कुछ बदमाश जेल में बंद हैं। सेक्टर बीटा.2 पुलिस कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि गैंग लीडर चांद निवासी मसूरी गाजियाबाद और उसके गैंग के सदस्य आरिफनिवासी मसूरी गाजियाबाद के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा गैंग लीडर अनुज कुमार और उसके गैंग के सदस्य अनूप और साजिद के खिलाफभी गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में आग, मची अफरातफरी

**नोएडा।** सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी के टावर नंबर पच्चीस के 19वें फ्लोर पर बृहस्पतिवार की तड़के शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग के कर्मचारियों और पुलिस ने सोसायटी के लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया। यह पूरी घटना सेक्टर-39 की है। मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर.100 स्थित लोटस बुलेबर्ड सोसाइटी के टावर नंबर पच्चीस के 19वें फ्लोर के बाहर बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई थी। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग और पुलिस ने सोसाइटी के गार्डों की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया है।

# फिल्म सिटी: फॉक्स और यूनिवर्सल स्टूडियो समेत चार कंपनियों ने टेंडर खरीदे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



● यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में फिल्म सिटी 1000 एकड़ जमीन पर बनाई जा रही है

यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे और जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक बसाई जा रही फि ल्म सिटी को लेकर देश और दुनिया की कंपनियां दिलचस्पी ले रही हैं। फिल्म सिटी प्रोजेक्ट का टेंडर निकाला गया है।

फॉक्स स्टूडियो समेत चार नामचीन कंपनियों ने टेंडर खरीदे हैं। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यमुना फिल्म सिटी को ना केवल देश बल्कि दुनिया की सबसे शानदार फिल्म सिटी बनाना चाहते हैं। इसके जरिए यूपी में फिल्म उद्योग और टूरिज्म को पंख लगाने की तैयारी चल रही है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-21 में फिल्म सिटी विकसित की जा रही है। जिसके लिए काफी तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है। फिल्म सिटी को बनाने के लिए प्राधिकरण द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी, जो 30 जून समाप्त हो गयी। इस टेंडर प्रक्रिया में फ ॉक्स स्टूडियो समेत कई कंपनियों ने रुचि दिखाई है।

टेंडर प्रक्रिया के बंद होते ही 4 जुलाई को तकनीकी बिड खोल दी जाएगी। फिल्म सिटी बनने से क्षेत्रवासियों को अधिक फायदा होगा। इससे यहां पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे और लोगों के लिए आमदनी के साधन बढ़ जाएंगे।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में फिल्म सिटी 1000 एकड़ जमीन पर बनाई जा रही है। इस फिल्म सिटी को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा। जिसके निर्माण के लिए प्राधिकरण द्वारा ग्लोबल टेंडर जारी किए गए थे। यह ग्लोबल टेंडर 30 जून को बंद हो गया। फॉक्स स्टूडियो और कंसोर्टियम के जरिए यूनिवर्सल स्टूडियो ने भी टेंडर खरीदे हैं। अभी 4 से ज्यादा कंपनियों ने टेंडर खरीदे हैं। अब 4 जुलाई को तकनीकी बिड खोली जाएगी।

यमुना फि ल्म सिटी बनाने के लिए हॉलीवुड के नामचीन फ ॉक्स स्टूडियो और यूनिवर्सल स्टूडियो के सामने आने से यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गई है।

### बाइक सवारों ने सफाईकर्मी को मारी टक्कर, तीनों की पुल से गिरकर मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में बुधवार रात करीब डेढ़ बजे जिला अस्पताल के सामने ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर से गिरकर बाइक सवार दो युवकों और सफाई कर्मचारी की मौत हो गई।

बाइक सवारों ने सफाई कर रहे निगम कर्मचारी को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद तीनों पुल से नीचे आ गिरे। थाना कोतवाली एसएचओ अमित खारी ने बताया कि बुधवार रात करीब डेढ़ बजे बाइक सवार दो युवक घंटाघर की तरफसे ठाकुरद्वारा की ओर जा रहे थे। ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर पर जिला एमएमजी अस्पताल के सामने पहुंचने पर बाइक सवारों ने पुल पर सफाई कर रहे सफाई कर्मचारी को टककर मार दी। टक्कर के बाद सफाई कर्मचारी और बाइक सवार दोनों युवक पुल से नीचे आ गिरे। तीनों को जिला अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ का कहना है कि बाइक सवारों की पहचान रजत और विशाल के रूप में हुई है, जबकि मृतक सफाईकर्मी मोदीनगर के मोहल्ला बिसोखर निवासी अनमोल है। प्रयागराज निवासी रजत परिवार के साथ तुराबनगर में रहता था।

# उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या के बाद नोएडा में अलर्ट

● धर्म गुरुओं के साथ की बैठक, दिया एकता और भाईचारे का संदेश



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल के नृशंस हत्याकांड के बाद नोएडा पुलिस भी अलर्ट पर है। नोएडा के बॉर्डरों और मुख्य स्थानों पर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस के आला अधिकारी सभी धर्मो के धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर शांति बनाने की अपील कर रहे हैं साथ ही किसी तरह का माहौल खराब न हो इसके लिए पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर भी निगरानी बनाए हुए है। इस घटना के बाद पूरे देश में तनाव पूर्ण माहौल बना है।

सेक्टर-6 स्थित सभागार में एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह और एसीपी.दो रजनीश वर्मा के नेतृत्व में सभी धर्मों के धर्मगुरु के साथ बैठक की गई। बुधवार को बैठक में सभी धर्मों के धर्म गुरुओं को बुलाया गया था। एक मंच पर सभी को एक साथ लाकर नोएडा पुलिस ने एकता और भाईचारे का संदेश देने का काम किया है।

नोएड पुलिस ने कमिश्नरी में कानून व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की। रणविजय सिंह ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को भी कहा गया है कि वो अपने.अपने क्षेत्रों में सभी सम्मानित प्रतिनिधियों के साथ बैठक करें और शांति और व्यवस्था बनाने में सहयोग करने के की अपील करें। उन्होंने बैठक में कहा इस बैठक का मकसद जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। सहयोग करने के लिए आप सभी को बुलाया गया है।


OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER- II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL- II, DELHI
4th Floor, Jeevan Tara Building, Parliament Street, New Delhi-110001.

PROCLAMATION OF SALE

NOTICE UNDER RULE 38 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION 25(A) THE RECOVERY OF DEBTS DUE TO BANKS & FINANCIAL INSTITUTIONS ACT,1993.

RC No. 192/2019 Dated: 15-06-2022

In the matter of:

ICICI BANK VS RAKESH BILLA

TO
CD#
Mr. Rakesh Billa. S/o. Mr. Bhagwan Das Billa. Prop. of M/s. Virnoir Metal (Borrower)
Office at: Y- 129, Loha Mandi, Narayana Industrial Area, Phase- I, New Delhi-110058. R/o. House No.182, B-3, Janak Puri, New Delhi- 110058

Whereas in execution of ibid RC No.192/2019 dated 01.04.2019 in OA No.933/2016 drawn up by the Hon'ble Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal-II, Delhi, the CD is to pay to the applicant **Rs.1,55,97,412.30 (RUPEES ONE CRORE FIFTY FIVE LACS NINETY SEVEN THOUSAND FOUR HUNDRED TWELVE & PAISE THIRTY ONLY)** has become due from you as per the ibid Recovery Certificate drawn in OA No. 933/2016 by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal - II, Delhi. The applicant is entitled to recover a sum of **Rs. 1,54,47,412.30 (Rupees One Crore Fifty Four Lacs Forty Seven Thousand Four Hundred Twelve & Paise Thirty Only) {Rs 91,34,194.40 in Loan Account No. LADEL00031685357 and Rs. 63,13,217.93 in Loan Account No. LUDEL00033490578}** alongwith pendentelite and future interest @10.20% & 14% per annum w.e.f. 23.11.2016 till realization with cost of Rs.1,50,000/- and costs from the Certificate Debtor (CDs), failing which the amount shall be recovered by sale of the hypothecated vehicles. In case of any shortfall, the same shall be recovered from the personal movable and immovable assets of the CD.

2. And whereas the undersigned has ordered the sale of the hypothecated vehicle mentioned in scheduled property for satisfaction of the said Recovery Certificate.
3. Notice is hereby given that in the absence of any order of postponement, the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) shall be sold through e-auction through **https://auctions.cardekho.com / auctions@cardekho.com** by e-auction at 11:00 AM on 27.07.2022.
4. **The CH bank shall ensure that prospective bidders are allowed inspection of the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) before day of auction for which Interested individuals may contact the concerned officer of CH Sh. Rajeev Ranjan (MOB: 8584874809).**
5. The sale shall be of the movable property of the above named Certificate Defaulters (CD), subject to the liabilities and claims attaching to the said hypothecated vehicle, if any.
6. The sale shall be stopped if, before lot is knocked down, the arrears mentioned in the said certificate, interest costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate alongwith the interest and costs has been paid to the undersigned.
7. At the sale the public generally are invited to bid either personally or by duly authorized agent. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold.
8. The property is being sold on **"AS IS WHERE IS" BASIS AND "AS IS WHAT IS BASIS."** The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Second Scheduled to the Income-Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions:
9. The particulars specified in the Schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.
10. **The Reserve Price and Earnest Money Deposit (EMD) be fixed as follows:**

| S. No. | Details of property | Reserve Price (in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Mercedes Benz/ C250 CDI, bearing Registrations UK- 14A-0006. | 10,00,000/- | 1,00,000/- |

11. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the Officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put to auction.
12. **Intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD)** by way of pay order/demand draft payable at New Delhi and in favour of Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi before the start of biding and identity proofs, address proofs etc. The said deposit shall be adjusted in the case of successful bidders; and in the case of unsuccessful bidders the same shall be refunded without interest, on the date of sale.
13. **Successful highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds** by way of pay order/demand draft favoring the Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi, within 24 hours (next working day) by way of bank draft, after adjusting the EMD stated above, failing which the EMD shall be forfeited.
14. **The purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds alongwith poundage fee @ 2% upto Rupees 1,000/- @ 1% of the sale price exceeding Rupees 1,000/ within 15 days from the date of auction. The Poundage fees shall be deposited through a demand draft payable in favor of the Registrar, DRT-II, Delhi.**
15. In case of default, the amount earlier deposited by the bidder, if the undersigned considers fit, after defraying the expenses of the sale shall be forfeited and the property shall be resold, and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part thereof or of any part of the sum for which it may subsequently be sold.
16. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.

Schedule of Property

| No. of lots | Description of property to be sold with names of co-owners where the property belongs to the defaulter and any other persons is co-owners | Revenue assessed upon the property or any part thereof | Details of any encumbrances to which the property is liable | Claims, if any, which have been put forward to the property and other known particulars bearing on its nature and value. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Mercedes Benz/ C250 CDI, bearing Registrations UK- 14A-0006. | No information | No information | No information |

Given under my hand and seal of this Tribunal at New Delhi on this 15.06.2022.

(Dattatrey Bajpayee)
Recovery Officer- II
DRT- II, Delhi



SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS VINOD GIRICS/ CS (COMM) No. 1168/2019 | Vehicle No- DL5CQ0140, Make & Model- MARUTI UDYOG LTD WAGON R, Manu Year- 2018, |
| ICICI BANK LTD VS RIZOO SOOD, CS (COMM) No. 798/2019 | Vehicle No.- UP14ET9537, Make and Model - GENERAL MOTORS CHEVROLET SAIL, Manu Year- 2015 |
| ICICI BANK LTD VS ZAFAR, CS (COMM) No. 1335 OF 2021 | Vehicle No. - DL12CB4752, Make and Model - FORD INDIA LTD, ECOSPORT 1.5 TITANIUM D, Manu Year- 2014 |
| ICICI BANK LTD VS PANKAJ SETHI, CS (Comm.) No. 2611/2021 | Vehicle No. - DL8CZ5955, Make and Model- AUDI, AUDI Q3 2.0 TDI, Manu Year – 2013 |
| ICICI BANK LTD VS SUKHBIR KUMAR, CS No. 1299/2021 | Vehicle No.- DL3CCM7598, Make and Model- RENAULT KWID RXL, Manu Year- 2017 |

**Auction Date: July 11, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram - 122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SONAM TOMAR, CS (COMM) No. 1829/2021 | Vehicle No.- UP14HT8563, Make and Model - ASHOK LEYLAND LTD, PARTNER, Manu Year- 2019 |
| ICICI BANK LTD VS BABAR, CS (Comm) No. 1377-21 | Vehicle No.- UP14JT1939, Make and Model- ASHOK LEYLAND LTD, AL GURU 1010 GURU 1010, Manu Year - 2019 |

**Auction Date: July 11, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Mahakal Parking yard, Khasra No. 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad- UP, 201102
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SANJEET, CS (COMM) No. 1270 OF 2021 | Vehicle No. - HR38Y5915, Make and Model - EICHER MOTOR LTD, EICHER PRO 1110XP, Manu Year - 2018 |
| ICICI BANK LTD VS PASHMEEN KAUR, CS (COMM) No. 338/2018 | Vehicle No. - DL1LX7564, Make and Model - FORCE MOTORS LTD, DELIVERY VAN LONG Manu Year-2017, |

**Auction Date: July 11, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** SHRIRAM AUTOMALL INDIA LTD., Pio Maniyaari road, Opposite Kanya Gurukul school, Narela, New Delhi - 110040
**Contact Person** – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction.

Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.

The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.


### सीमाओं से आने वाले शराब तस्करों पर पुलिस का पहरा, तीन गिरफ्तार

**नोएडा।** शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर की पुलिस लगातार करवाई कर रही है। दिल्ली हरियाणा के बॉर्डरों से लेकर जिले के प्रमुख चौराहे पर पुलिस का पहरा जारी है। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने हाल में ही एक सूचना के आधार पर 3 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इन आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस मंगलवार की रात तीन शराब तस्करों को धर दबोचा है। यह सभी हरियाणा से शराब लाकर जिले में जगह-जगह तस्करी करते थे। पुलिस इस गैंग में और कितने जने शामिल है पता करने में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान संदीप व संदीप पुत्र पवन के रूप में हुई है।

# दादरी-सिकंदराबाद रेलवे लाइन के पास बसेगी टाउनशिप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● भूमि अधिग्रहण का काम तेजी, तीन महीने बाद शुरू होगा काम

सिकंदराबाद और दादरी के बीच एक हाइटेक टाउनशिप बसाई जाएगी। जिसके लिए भूमि अधिग्रहण का काम तेजी से चल रहा है। जमीन पर दावे और आपत्तियों का निस्तारण अंतिम चरण में पहुंच चुका है। मिली जानकारी के मुताबिक अब हाईटेक टाउनशिप का निर्माण 3 माह में शुरू होने की उम्मीद है।

बुलंदशहर जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक टाउनशिप की रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है। अब आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। टाउनशिप में 600 एकड़ जमीन पर आवासीय और 300 एकड़ जमीन में ग्रीन बेल्ट का निर्माण होगा। शेष जमीन पर व्यावसायिक और औद्योगिक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। टाउनशिप की संशोधित डीपीआर तैयार हो चुकी है। जिसके मुताबिक यहां स्कूल और अस्पताल बनेंगे। टाउनशिप में शासन के नियमानुसार कुल भूमि का 35.40 फ ़ीसदी आवासीय, 4.6 फ ़ीसदी कमर्शियल, 4.6 फ़ीसदी इंडस्ट्रियल, 8.10 फ़ीसदी पब्लिक यूटिलिटी, 15 .18 फ ीसदी ग्रीन बेल्ट, 18.20 फ ीसदी रोड निर्माण और 3 से 5 फीसदी रिकरेशनल उपयोग के लिए निर्धारित किया गया है। इस टाउनशिप के कमर्शियल सेक्टर में दुकान और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स होगा।

# नोएडा-गाजियाबाद में जगह-जगह जलभराव

● लोगों ने सोशल मीडिय पर कसे तंज

पीएनएस। नोएडा/ गाजियाबाद



नोएडा समेत एनसीआर में बारिश दिन भर होती रही। लोगों को दफ्तर तक पहुंचने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा है। जगह-जगह पानी का जलभराव के वजह से वाहन की रफ्तार धीमी पड़ गई। अभी मानसून की शुरुआत हुई है, इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण के तमाम दावों की पोल खुल गई है।

नोएडा के निवासी सोशल मीडिया पर फोटो वीडियो डाल कर प्राधिकरण पर तंज कस रहे हैं। बारिश के कारण सुबह से ही कई सेक्टरों में बिजली और ट्रैफि क सिग्नल पूरी तरह ठप पड़े हुए हैं। जगह जगह जाम की स्थिति देखने को मिली हैं। कुछ सड़कों पर वाहनों की खराब होने की सूचना है। बारिश के कारण शहर से लेकर गांव की कच्ची सड़कों पर पानी भर गया। इससे लोगों को परेशानी हुई। इसके अलावा कई जगह सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर घरों तक पहुंच गया। वहीं गाजियाबाद में पहली बारिश में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर कई जगह जलभराव हो गया तो एलिवेटेड रोड के अंडरपास पानी से लबालब हो गए। इसमें कई गाड़ियां फंस गईं।

लोनी सीओ की गाड़ी का पहिया नाले में गिरने से गाड़ी पलटने से बाल.बाल बची। वहीं एक अन्य गाड़ी नाले में घुस गई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मानसून ने दी दस्तक, उमस-गर्मी पर पड़ा पानी

● आईएमडी ने शुक्रवार को मध्यम बारिश की चेतावनी के साथ ओरेंज अलर्ट जारी किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में मानसून ने दस्तक दे दी है। गुरुवार सुबह इस मौसम की पहली बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। ज्यादातर हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई। बारिश का लोगों ने दिल खोलकर स्वागत किया( बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी इस बारिश में भीगते नजर आए। सफदरजंग वेधशाला ने सुबह साढ़े आठ बजे से महज छह घंटों में 110 मिलीमीटर बारिश दर्ज की, जो कम से कम 14 वर्षों में जून में किसी दिन होने वाली अधिकतम बारिश है। इससे पहले 18 जून 1936 को 235.5 मिमी. बारिश दर्ज की गई थी जो अब तक का रिकॉर्ड है। दिल्ली में जून में औसतन 65.5 मिमी बारिश होती है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून 30 जून को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। दक्षिण-पश्चिमी मानसून आमतौर पर 27 जून को राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में इसका असर देखने को मिलता है। आईएमडी ने शुक्रवार को मध्यम बारिश की चेतावनी के साथ ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अधिकतम तापमान कम होकर 34-35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मानसून से पहले 10 दिनों में दिल्ली में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है और इससे बारिश की कमी की भरपाई होने में मदद मिलेगी।

पिछले साल आईएमडी ने अनुमान जताया था कि मानसून समय से करीब दो हफ्ते पहले दिल्ली में दस्तक देगा। लेकिन यह 13 जुलाई को दिल्ली पहुंचा था जो 19 वर्षों में सबसे अधिक देरी से आया मानसून था। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि तीन से पांच दिनों के अंतर को सामान्य माना जाता है। दिल्ली में एक जून के बाद से सामान्य से 67 प्रतिशत कम बारिश हुई है। लोधी रोड स्थित मौसम केंद्र ने इस अवधि के दौरान 102.2 मिमी. बारिश दर्ज की। रिज में 62.4 मिमी., पालम में 31.4 मिमी. और आयानगर में 48.3 मिमी. बारिश हुई। पंद्रह मिमी. से कम बारिश को हल्की, 15 से 64.5 मिमी के बीच को मध्यम, 64.5 मिमी से 115.5 मिमी को भारी और 115.6 से 204.4 मिमी को बहुत भारी बारिश माना जाता है। 204.4 मिमी से ऊपर की बारिश को अत्यधिक वर्षा माना जाता है।



बारिश से बचाव के लिए छात्रा अपनी मां से साथ छाता लगाकर स्कूल जाती हुई। फोटो: रंजन डिमरी

## जलजमाव वाले क्षेत्रों में तुरंत कार्रवाई करें : सिसोदिया

*नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार बारिश में जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए गुरुवार को बाढ़ नियंत्रण आदेश 2022 का विमोचन किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि मानसून के दौरान जलजमाव व यमुना नदी के जलस्तर बढ़ जाने के कारण खादर क्षेत्र में बाढ़ जैसी समस्या उत्पन्न न हो इससे बचने के लिए सभी नोडल एजेंसीज को साथ मिलकर काम करने की जरुरत है। पिछले साल भी सभी एजेंसीज के संयुक्त प्रयासों की मदद से इन समस्याओं से निपटने में काफी हद तक मदद मिली थी। इस बार भी राजस्व विभाग और अन्य संबंधित विभाग मानसून के दौरान बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहें।*

## पहली बारिश में ही उभरी जलभराव और जाम की समस्या

नई दिल्ली। मानसून की पहली बारिश होने से दिल्ली वालों को कई जगहों पर जाम और पानी भरने से परेशानी का सामना भी करना पड़ा। भारी बारिश के कारण आईटीओ, बारापुला, रिंग रोड और दिल्ली की सीमाओं, विशेष रूप से दिल्ली-नोएडा सीमा, चिल्ला बॉर्डर, यूपी गेट, दिल्ली-गुरुग्राम सड़क पर भारी जाम लग गया।प्रगति मैदान, विनोद नगर के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, पुल प्रहलादपुर अंडरपास, डब्ल्यूएचओ इमारत के सामने आईपी एस्टेट, जखीरा फ्लाईओवर के नीचे, जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन, लोनी रोड गोल चक्कर और आजादपुर मार्केट अंडरपास के पास पानी भरने ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई और घंटों तक वाहन रेंगते रहे। पुलिस ने पुल प्रहलादपुर अंडरपास को बंद कर दिया जिसकी वजह से महरौली-बदरपुर मार्ग पर जाने वाले यात्रियों को परेशानी हुई।



जलभराव के चलते लगा लंबा जाम।



सड़क पर भरे पानी से जूझते ऑटो चालक।

## नई बनी प्रगति मैदान सुरंग में भी भरा पानी

*मानसून की पहली बारिश आफत बन गई। हाल में ही खोली गई नवनिर्मित प्रगति मैदान सुरंग में जलभराव होने से लोक निर्माण विभाग के सभी दावों की पोल खुल गई है। इंडिया गेट को रिंग रोड से जोड़ने वाली इस सुरंग में जलभराव के कारण वाहनों की गति धीमी हो गई है। इसके अलावा आईटीओ, रिंग रोड, बारापुला कॉरिडोर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे, सराय काले खान में जलजमाव होने से ट्रैफिक जाम लग गया और घंटों तक वाहनों को रेंगते हुए देखा गया। पानी भरने से यातायात पुलिस ने पुल प्रहलादपुर अंडरपास को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दी, जिसकी वजह से महरौली-बदरपुर मार्ग पर वाहनों की रफ्तार थम गई। जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।*



प्रगति मैदान सुरंग में भरा पानी, वाहनां की लंबी कतारें।

## आईआईटी विशेषज्ञ बनाएंगे एसओएसई के लिए पाठ्यक्रम

● डीबीएसई ने रोबोटिक्स और ऑटोमेशन पाठ्यक्रम की दी जिम्मेदारी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली स्कूल शिक्षा बोर्ड (डीबीएसई) ने आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों को यहां सरकारी स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल्स (एसओएसई) के लिए रोबोटिक्स और ऑटोमेशन पाठ्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी दी है।

अधिकारियों ने बताया कि इस पाठ्यक्रम के माध्यम से, छात्रों को रोबोटिक्स और ऑटोमेशन के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाएगा जो उन्हें उच्च शिक्षा हासिल करने और इससे जुड़े विविध क्षेत्रों में करियर बनाने में सक्षम बनाएगा।

शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि स्कूल अब नियमित विषयों के इतर पाठ्यक्रम पेश करना शुरू करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में उन लोगों की जरूरत होगी जो रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, मशीन अध्ययन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों में कुशल होंगे, क्योंकि निकट भविष्य में हर उद्योग में कामकाज के लिए जरूरी हो जाएंगे। गुप्ता ने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए, एसओएसई ने आईआईटी दिल्ली के प्रौद्योगिकी नवोन्मेष केंद्र और आई-हब फाउंडेशन फॉर कोबोटिक्ट को पाठ्यक्रम डिजाइन करने की जिम्मेदारी दी है, जो रोबोटिक्स और ऑटोमेशन के मामले में अधिक प्रगतिशील और उद्योग-प्रासंगिक होगा और इसमें मशीन इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक्स प्रोग्रामिंग आदि शामिल होंगे लेकिन यह इन तक समिति नहीं होगा।

गुप्ता ने बताया कि आईएचएफसी उद्योग जगत के भागीदारों और कंपनियों से उद्योग-प्रासंगिक पाठ्यक्रम बनाने के लिए सहयोग लेगा। आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर एवं परियोजना निदेशक, आईएचएफसी, एसके साहा ने कहा कि यह अहम है कि छात्र को कम उम्र से ही कुछ कौशल सिखाएं जाएं जो उन्हें आगे जाकर प्रौद्योगिकी तौर पर उन्नत उद्योग एवं विश्व का सामना करने में कुशल बनाएं।

## 'भाजपा नेताओं को स्कूलों में नहीं मिली खामियां'

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को दावा किया कि सरकारी मोहल्ला क्लीनिक एवं विद्यालयों के निरीक्षण के लिए आए गुजरात भाजपा का प्रतिनिधिमंडल शासन के केजरीवाल मॉडल में कोई खामी नहीं खोज पाया।

गुजरात से भारतीय जनता पार्टी का यह प्रतिनिधिमंडल दिल्ली मॉडल देखने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा था। भाजपा शासन के दिल्ली मॉडल को फर्जी करार दे चुकी है। हालांकि आम आदमी पार्टी का दावा है कि प्रतिनिधिमंडल यह सीखने आया था कि कैसे गुजरात में लोगों को अच्छे विद्यालय एवं अस्पताल मुहैया कराए जा सकते हैं।

## प्रायोगिक व मौखिक परीक्षाएं प्रत्यक्ष कराएगा दिल्ली विवि

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने घोषणा की है कि स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक परीक्षाएं और मौखिक परीक्षाएं कोविड दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए प्रत्यक्ष रूप से कराई जाएंगी।

डीयू की परीक्षा शाखा ने बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी कर आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक, वायवा-वोस, परियोजनाओं (प्रोजेक्ट), मौखिक परीक्षा , एप्रेंटिसशिप और इंटर्नशिप के संदर्भ में पालन की जाने वाली प्रक्रिया का पूरा ब्योरा दिया। विश्वविद्यालय ने कहा कि आंतरिक मूल्यांकन के लिए 25 फीसदी अंक भार (वेटेज) और सेमेस्टर परीक्षा के लिए 75 फीसदी अंकभार होंगे।

अधिसूचना में कहा गया है, प्रायोगिक पाठ्यक्रम के आधार पर स्नातक के लिए प्रायोगिक कार्यक्रम कोविड दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए आयोजित कराए जाएंगे। प्रायोगिक, वायवा वोस, मौखिक परीक्षाएं (जहां भी लागू हों) ये सारी परीक्षाएं कोविड दिशानिर्देशों का पालन करते हुए प्रत्यक्ष रूप से कराई जाएंगी।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर आज से पाबंदी

● नियम का उल्लघंन करने पर होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 उत्पादों पर एक जुलाई से पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है। सरकार के आदेशों का उल्लंघन करने वाले सभी विनिर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों एवं विक्रेताओं पर कार्रवाई की जाएगी।

वहीं राजधानी दिल्ली में सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगने जा रहे बैन को लेकर व्यापारियों में असमंजस की स्थिति है। उनका कहना है कि दिल्ली के बाजार अभी इस तरह के बैन के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं क्योंकि प्लास्टिक का कोई विकल्प फिलहाल बाजार में मौजूद ही नहीं है।



सरकार को बैन लगाने से पहले प्लास्टिक का विकल्प ढूंढना चाहिए था। बैन के बाद पैकेजिंग मैटेरियल और दूसरी छोटी-मोटी चीजों के लिए परेशानी कई गुना तक बढ़ सकती है। इस बीच कैट ने व्यापारियों से एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के प्रतिबंध आदेश का पालन करने का अनुरोध किया है।

व्यापारियों का कहना है कि बाजारों में बिना जागरूकता अभियान चलाए और लोगों को जागरूक करे बिना इस बैन को सफल बनाना नामुमकिन है। वहीं लागू होने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के मद्देनजर, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने व्यापारियों को तथा उनके कर्मचारियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के आदेशों के नियमों का पालन करने और सिंगल यूज प्लास्टिक के किसी भी उपयोग को हतोत्साहित करने की सलाह दी है।

## जुबैर को लेकर बेंगलुरु गई पुलिस, घर की तलाशी

● पुलिस रिमांड की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई आज

पीएनएस नई दिल्ली/बेंगलुरु



दिल्ली पुलिस की चार सदस्यीय टीम ने गुरुवार दोपहर ऑल्ट न्यूज़ के सह संस्थापक मोहम्मद जुबैर के बेंगलुरु स्थित आवास पर लगभग तीन घंटे तक तलाशी ली।

पुलिस ने यह जानकारी दी। वहीं उच्च न्यायालय शुक्रवार को मोहम्मद जुबैर की पुलिस रिमांड की चुनौती की याचिका पर सुनवाई करेगा। दिल्ली पुलिस को जुबैर की चार दिन की हिरासत देने के निचली अदालत के 28 जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका न्यायमूर्ति संजीव नरूला के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

जुबैर की वकील वृंदा ग्रोवर ने गुरुवार को न्यायमूर्ति नरूला के समक्ष याचिका का उल्लेख किया, जो शुक्रवार को इसे सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हुए। जुबैर को 2018 में किए गए एक आपत्तिजनक ट्वीट के जरिए हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत ने जुबैर की पुलिस हिरासत की अवधि चार दिनों के लिए बढ़ा दी थी। पुलिस की टीम ने कवल बायरासांद्रा के पास उनके आवास की पहली मंज़िल और भूतल की तलाशी ली और जाते समय दिल्ली पुलिस की टीम का एक सदस्य हाथ में लैपटॉप बैग लिए नज़र आया। बेंगलुरु पुलिस ने तलाशी अभियान में अपने दिल्ली समकक्षों की सहायता की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमारी चार सदर्स्य टीम जुबैर के साथ उनके बेंगलुरु स्थित आवास पहुंची है।

## आईजीआई पर 59 लाख की विदेशी मुद्रा बरामद

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक पुलिस बल ने दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से चार लोगों को पकड़ा और उनके पास से 59 लाख रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त की।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को बल ने तीन यात्री और उनके साथ आए एक व्यक्ति को रोका। उन्होंने बताया कि मुसाफिरों के सामान में रखे एक टिफिन बॉक्स से 2,19,470 सऊदी रियाल और 15,200 अमेरिकी डॉलर बरामद हुए जिनका भारतीय मुद्रा में मूल्य करीब 59 लाख रुपए है। ये यात्री दुबई जा रहे थे। अधिकारी ने बताया कि चारों को बाद में आगे की जांच के लिए सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड-19 के 865 नए मामले, कोई मौत नहीं



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में 4.45 दैनिक संक्रमण दर के साथ कोविड-19 के 865 नए मामले मिले, जबकि किसी मरीज़ की मौत नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को साझा किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इन नए मामलों के साथ ही दिल्ली में अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 19,34,874 हो गई, जबकि मृतकों की संख्या 26,261 पर स्थिर रही। विभाग के अनुसार, दिल्ली में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के।,109 मामले सामने आए थे और संक्रमण दर 5.87 दर्ज की गई थी। बुलेटिन में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को कोविड-19 के 874 मामले आए थे और चार मरीज़ों ने संक्रमण के कारण दम तोड़ दिया था, जबकि संक्रमण दर 5.18 थी।

### 10 जुलाई को ईद उल अज़हा: मुफ्ती मुकर्रम

नई दिल्ली। दिल्ली समेत देश भर में ईद उल अज़हा का त्योहार 10 जुलाई को मनाया जाएगा। दिल्ली के आसमान में बृहस्पतिवार को बादलों के छाए रहने की वजह से चांद के दीदार नहीं हो सके। चांदनी चौक स्थित फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम डॉ मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने बताया, दिल्ली और आसपास के इलाकों में बारिश होने और आसमान में बादल छाए रहने की वजह से चांद नहीं दिख पाया है, लेकिन बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु समेत कई राज्यों के कई हिस्सों में बृहस्पतिवार को इस्लामी कलेंडर के आखिरी महीने ज़ुल हिज्जा का चांद आम तौर पर नज़र आया है और इसकी तसदीक (पुष्टि) हुई है। उन्होंने कहा, लिहाज़ा ईद-उल-अज़हा का त्योहार 10 ज़ुल हिज्जा यानी 10 जुलाई, रविवार को मनाया जाएगा। यह इक्तेफाक ही है कि इस बार आम कलेंडर और इस्लामी कलेंडर का नया महीना एक-साथ शुरू हो रहा है। इस्लामी कलेंडर में 29 या 30 दिन होते हैं जो चांद दिखने पर निर्भर करते हैं।

### विश्व सोशल मीडिया दिवस पर अभिव्यक्ति अभियान

नई दिल्ली। विश्व सोशल मीडिया दिवस की महत्ता का जश्न मनाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स में से एक कू ऐप ने एक्स्ट्रा सोशल नामक एक रोमांचक अभियान जारी किया है। कविताओं, आध्यात्मिकता, संगीत या व्यंजनों वाली पोस्ट डालकर खुद को अभिव्यक्त करने वाले इस मंच पर मौजूद क्रिएटर्स को पेश करते हुए यह अभियान पूरे भारत के साथ जुड़ाव को प्रोत्साहित करता है। यह ऐप पर यूजर्स को भाषाई मुश्किलों को दूर करने, विभिन्न राज्यों और संस्कृतियों के लोगों के साथ बातचीत करके भारत को बेहतर तरीके से जानने के लिए प्रेरित करता है और एक गहरा सामाजिक जुड़ाव बनाता है। इस अभियान के पीछे के विचार को स्पष्ट करते हुए ऐप के प्रवक्ता ने कहा, इसने लाखों गैर-अंग्रेजी बोलने वालों को अपनी मूल भाषा में स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने में सक्षम किया है।

## नए संसद भवन में दिखेगी देश की सांस्कृतिक विविधता और भव्यता

### प्रवेश द्वार पर स्थापित होगी प्रतिमा, आंतरिक सज्जा में लोकतंत्र की यात्रा का चित्रण, विविधता को तस्वीरों से सहेजा जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय संसद की नई इमारत में भारत की विविधता एवं भव्यता देखने को मिलेगी। नई इमारत के प्रवेश द्वार पर एक पांरपरिक प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही संवैधानिक विथिका (गैलरी) होगी, जिसमें भारतीय लोकतंत्र की यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। इमारत की आतंरिक सज्जा में देश की सांस्कृतिक विविधता व परंपराओं को तस्वीरों व कलाकृतियों के जरिए सहेजा जाएगा।

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने नई इमारत की आंतरिक सज्जा की योजना बनाने के लिए तीन समितियों का गठन किया है जो कला अधिष्ठापन, पेंटिंग, भित्तिचित्र और लेखों के जरिए भारतीय समाज की विविधता को प्रदर्शित करने की योजना को अमलीजामा पहनाएंगी। इस समितियों में शिक्षाविद, इतिहासकार, कलाकार, संस्कृति और शहरी विकास मंत्रालयों के कई विशेषज्ञ और अधिकारी शामिल हैं जो परिसर को सजाने के लिए संसाधन, निगरानी और कलाकृतियों को स्थापित करने का कार्य करेंगे।



प्रस्तावित सेंट्रल विस्टा का फोटो

सूत्रों ने बताया कि इनमें से एक समिति सलाहकार समिति है। उन्होंने बताया कि मोटे तौर पर ढांचे के छह हिस्सों को सजाने के लिए कलाकृतियों पर विचार किया जाएगा जिनमें द्वारों पर द्वारपालों की मूर्तियां (इन्हें अंतिम रूप देना अभी बाकी है), संविधान विथिका जो संविधान की प्रतिकृति होगी, भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली विथिका आदि होंगे।

उन्होंने बताया कि दो समितियों की अध्यक्षता क्रमश: संस्कृति सचिव गोविंद मोहन और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव सचिदानंद जोशी कर रहे हैं।

इन समितियों का गठन नई संसद इमारत में कला की अवस्थापना के लिए सामग्री की पहचान करने, उन्हें मंजूरी देने और मार्गदर्शन के लिए किया गया है। मोहन की टीम में संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों के अलावा भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम, पुरातत्ववेत्ता केके मोहम्मद, प्रसार भारती के पूर्व प्रमुख सूर्य प्रकाश और अन्य शामिल हैं। जोशी विशेषज्ञों की टीम का नेतृत्व करेंगे जिनमें इतिहासकार गौरी कृष्णन, वडोदरा स्थित एमएस विश्वविद्यालय के कुलपति वीके श्रीवास्तव और राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय के महनिदेशक अद्वैत गडनायक शामिल हैं। एक समिति के वरिष्ठ सदस्य ने बताया, नई संसद भारत की संस्कृति और विविधता को प्रदर्शित करेगी।

यह इमारत भारत की प्रकृति को प्रदर्शित करेगी जिससे हर भारतीय खुद को जुड़ा हुआ महसूस करे। उन्होंने बताया कि यह पूरे देश के विश्वास को समाहित करेगी लेकिन ऐसा करते वक्त हमारे दिमाग में है कि कलाकृतियां संग्रहालय या प्रदर्शनी के लिए न हों बल्कि संसद के लिए हों और हमें उसकी सुचिता को कायम रखना है।

# 112 क्रिटिकल स्थानों पर जल निकासी प्रबंधन देखेंगे 16 वरिष्ठ अधिकारी

### मानसून में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन की उच्च स्तरीय टीम तैयार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


बरसाती जल निकासी प्रबंधों को लेकर बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**मानसून** में जिला में जलभराव की स्थिति से निपटने को लेकर 16 वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गई है। इन अधिकारियों को जलभराव की पूर्व की घटनाओं के आधार पर आवंटित क्षेत्रों को विजिट करने को भी कहा गया है।

इस बाबत गुरुवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि अधिकारी जिला में जलभराव वाले चिन्हित 112 स्थानों पर स्वयं जाकर जल निकासी के इंतजाम देखें और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत उनके पास भेजें। इस मामले में शुरू से ही सचेत रहें और की गई कार्यवाही से उन्हें अपडेट करते रहें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जलभराव वाले ऐसे 112 स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां पर पिछले सालों में हुए जलभराव होता रहा है। ऐसे में जरूरी है कि इन स्थानों पर समय रहते आवश्यक इंतजाम किए जाएं। इन 112 स्थानों पर 16 वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में साइट विजिट करते हुए सुनिश्चित करें कि पंप सैट चालू हालत में हों, उनको चलाने के लिए कर्मचारी निर्धारित हो, फ्यूल की उपलब्धता हो।

**कंपनियों को बरसात में वर्क फ्रॉम होम की सलाह :** डीसी ने जिला में कार्यरत कॉरपोरेट्स से भी अपील करते हुए कहा कि भारी बरसात के पूर्वानुमान होने पर वे अपने यहां कार्यरत स्टाफ को वर्क फ्रॉम होम के लिए कहें, ताकि सड़कों पर यातायात का दबाव कम हो और जल निकासी में किसी प्रकार की परेशानी ना आए। जिला में बरसात होने पर ट्रेफिक व्यवस्था सुचारू करने के लिए 300 सिविल डिफेंस के वालंटियर की अलग से ड्यूटी लगाई जाएगी, जो शहर के मुख्य चौराहों पर यातायात सुचारू करने में ट्रेफिक पुलिस का सहयोग करेंगे।

**बरसात होने पर बंद रहेंगे एनएमटी :** बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात होने पर जिला में बनाए गए नॉन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट (एनएमटी) बंद रखे जाएंगे, इसके लिए धारा 144 लागू के तहत आदेश जारी किए जाएंगे। अंडरपास में भी यदि एक लेवल से उपर पानी भर जाए तो उन्हें बेरिकेटिंग करवाकर बंद करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान लोग आवागमन के लिए वैकल्पिक रोड का इस्तेमाल कर सकते हैं। बैठक में बताया गया कि जिला में जलभराव संबंधी शिकायतों के लिए जिला प्रशासन द्वारा हैल्पलाइन नंबर-1800-180-1817 तथा 0124-4753555 जारी किया गया है।

# रक्त डोनेशन ड्राइव के दौरान 227 यूनिट रक्त एकत्रित

### डीएलएफ फाउंडेशन ने वर्ष की थीम एकजुटता के साथ कार्य में रक्तदान अभियान चलाया


गुरुग्राम में रक्त डोनेशन ड्राइव के दौरान रक्तदान करती युवतियां।

**गुरुग्राम।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में डीएलएफ फाउंडेशन ने रोटरी ब्लड सेंटर गुरुग्राम के सहयोग से दो सप्ताह तक चलने वाले रक्तदान अभियान का आयोजन किया। इस वर्ष का थीम एकजुटता के कार्य के रूप में रक्तदान ड्राइव है। यह ड्राइव गुरुग्राम के विभिन्न डीएलएफ क्लबों में 16 जून से 29 जून 2022 तक आयोजित किया गया।

डीएलएफ फाउंडेशन की सीईओ गायत्री पॉल ने बताया कि प्रतिभागियों को रक्तदान के बाद की निगरानी और चिकित्सा मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सभी स्थानों को उचित चिकित्सा सहायता, बेड और डॉक्टर उपलब्ध कराए गए थे। इस पहल में शहर के विभिन्न हिस्सों में रहने लोगों की भागीदारी रही। कई दिनों तक चलने वाले इस शिविर के दौरान 227 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान में कुछ भी खर्च नहीं होता है, लेकिन इससे दुनिया में किसी जरूरतमंद के लिए हो सकता है। प्रत्येक वर्षभर 120 मिलियन यूनिट रक्तदान किया जाता है। यह वैश्विक जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। कई रोगियों को ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता होती है, उन्हें सुरक्षित रक्त समय पर नहीं मिल पाता है। इस अवसर पर सुपर-लक्जरी ऑपरेशंस-डीएलएफ के वाईस प्रेसिडेंट गिरीश सहगल ने कहा कि रक्तदान सबसे कीमती उपहार है, जो एक व्यक्ति किसी को जीवन का उपहार दे सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक जुलाई से शुरू होगा डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा

**गुरुग्राम।** जिला में बाल मृत्यु दर में कमी लाने व डायरिया को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बच्चों को ओआरएस घोल पिलाने और जिंक टेबलेट खिलाने समेत स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए 1 जुलाई से डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा की शुरूआत की जा रही है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने गुरुवार को बताया कि जिला में डायरिया नियंत्रण पखवाड़े को सफल बनाने व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि बाल्यावस्था में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में डायरिया का होना एक आम बात है। जिसके चलते कई बार बच्चे की मृत्यु भी हो जाती है। इस बीमारी का एकमात्र उपचार ओआरएस घोल एवं जिंक की गोली है जिसके माध्यम से बाल मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं उप-सिविल सर्जन डॉ. एमपी सिंह ने उपरोक्त पूरे अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि बदलते मौसम के कारण वातावरण में गर्मी व उमस बढ़ने से डायरिया यानी अतिसार का प्रकोप बढ़ने की संभावना बनी रहती है। इन्ही कारणों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

### रेलवे सुरक्षा बल ने आयोजित की रन फॉर यूनिटी



**गुरुग्राम।** गुरुवार को यहां रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित बल सदस्यों के बीच दौड़ प्रतिस्पर्धा हुई। आरपीएफ थाना प्रभारी निरीक्षक नितिन मेहरा ने बताया कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के अन्य ब्रांच के साथ समन्वय स्थापित करके कार्य करना था। बल सदस्यों को शारिरिक फिटनेस पर ध्यान देने के लिए मोटिवेट किया गया। इस आयोजन के दौरान दैनिक रेल यात्री संघ के सदस्य उपस्थित रहे। जिनके द्वारा स्टाफ के कार्य की सरहाना की व सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 7 बजे आयोजित किया गया, जिसमें आरपीएफ, जीआरपी व रेलवे स्टेशन के अन्य स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। नितिन मेहरा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शारीरिक तंदुरुस्ती बनी रहती है। भविष्य में भी शरीर को तंदुरुस्त रखने के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शरीर के साथ मानसिक तंदुरुस्ती भी बनी रहती है। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को योग के प्रति भी जागरुक किया और कहा कि अपनी दिनचर्या में योग को भी शामिल करें।

### पानी में डूबने से डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत हुई

**सोहना।** रिठौज निवासी भूरु के घर का आंगन और दीवारें पिछले डेढ़ वर्ष से जिस काव्या की किलकारियों से गूंज रहा था। उस काव्या की दर्दनायक मौत से भूरु के घर में सन्नाटा पसरा हुआ है। काव्या को दुनिया में लाने वाली जननी से दादी की आंखों के आंसु रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। भोंडसी थाना के गांव रिठौज में बुधवार की शाम यहा के निवासी भूरु के घर में डेढ़ वर्ष पहले जन्मी काव्या की पानी के कुंडा में डूबने से मौत हो गई थी। कुंडा में मात्र डेढ फुट पानी था। बुधवार की शाम रिठौज में एक डेढ़ वर्षीय बच्ची की पानी में डूबने से मौत हो गई। बच्ची घर में ही बने पानी के छोटे कुंडे में नहाते समय गिर गई और जब तक परिजन उसे देख पाते, बच्ची की डूबने से मौत हो चुकी थी। हालांकि बच्ची को आसपास के डाक्टरों को भी दिखाया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### तीन बच्चों के पिता का संदिग्ध हालत में शव पेड़ पर लटका मिला

**सोहना।** शहर के दमदमा मार्ग पर सड़क से एक सौ मीटर दूर 28 वर्षीय युवक का संदिग्ध हालत में पेड़ पर शव लटका मिला। मृतक तीन बच्चों का पिता था। मृतक बुधवार की शाम को घर से 500 रुपये लेकर निकला था। गांव-गांव फेरी लगाकर बाइक पर बर्तन बेचने वाला 28 वर्षीय कालू का गुरुवार की सुबह शहर के दमदमा मोड़ पर नीम के पेड़ से शव लटका मिला है। कालू के गले में उसकी ही शर्ट के एक हिस्सा से गले में फांसी का फंदा लगा है। दूसरा सिरा पेड़ की शाखा से करीब 10 फुट ऊंचाई पर बंधा है। मृतक की चप्पल के साथ बनी करीब 6 फुट ऊंची दीवार पर रखी हुई है। मृतक की बाइक पेड़ से करीब 25 मीटर पहले कच्चे रास्ते के किनारे मिट्टी के ढेर पर पड़ी हुई मिली है। कालू के बाए पैर के टकने से पर चोट का निशान है। जिससे खून बहता हुआ नजर आ रहा है। कालू के पैर में यह चोट पत्थर की दीवार को चढ़ते समय लगी होने की आशंका जताई जा रही है।

### बिजली कटौती के विरोध उतरे कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता

**सोहना।** बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस पार्टी नेता सतबीर पहलवान ने कार्यकर्ताओं के साथ निगम के एक्सईएन कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। पहलवान ने 10 से 12 घंटा बिजली कटौती करने तथा निगम कर्मचारी व अधिकारियों पर पूरी लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया है। गुरुवार को कांग्रेस नेता सतबीर पहलवान ने दोपहर बाद तीन बजे अपने कार्यकर्ताओं के साथ बिजली निगम के एक्सईएन कार्यालय के सामने अपने 40 से 50 कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पहुंचे। जहां पर निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों पर बिजली कटौती कराने तथा लाइन पर होने वाली खराबियों को जल्द से जल्द ठीक न करने का आरोप लगाया। निगम अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेता सतबीर पहलवान ने बताया कि दमदमा मोड शहर के अंदर सिटी-2 फीडर पर आता है।

# गुरुग्राम से कजाकिस्तान में एमबीबीएस करने गया युवक नदी में डूबा

**गुरुग्राम।** जिले के गांव सिधरावली से साउथ कजाकिस्तान मेडिकल अकादमी से एमबीबीएस की पढ़ाई करने गया छात्र हिमांशु कुमार वहां नदी में नहाते हुए बह गया। उसे बचाने के लिए गया उसका दोस्त भी नदी में बह गया। यह हादसा रविवार 26 जून को हुआ था। दोनों युवकों की तलाश जारी है, लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। परिजनों को विदेश मंत्रालय व कजाकिस्तान में भारतीय दूतावास ने संपर्क साधकर सांत्वना भी दी है।


नदी में नहाते समय बचने का प्रयास करता हिमांशु, इनसेट में हिमांशु कुमार का फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार पुत्र सिधरावली गांव निवासी भूपेंद्र सिंह एवं सोना देवी का पुत्र हिमांशु कुमार डेढ़ माह पूर्व ही साउथ कजाकिस्तान के शिमकैंट सिटी स्थित मेडिकल अकादमी से एमबीबीएस (जनरल मेडिसिन) की पढ़ाने के लिए गया था। यह कोर्स पांच साल का है। परिजनों के अनुसार रविवार 26 जून को हिमांशु के कुछ दोस्त वहां अक्षु नदी में नहाने के लिए गए। पहाड़ों के बीच से यह नदी निकलती है। हिमांशु ने उस दिन अपने पिता भूपेंद्र सिंह से भी फोन पर बात की और बताया कि वह नदी में नहाने नहीं जा रहा। दोस्तों द्वारा बार-बार कहने पर वह उनके साथ नदी में नहाने के लिए चला गया। नदी में नहाते समय हिमांशु कुमार तेज बहावे के साथ पानी में बह गया। जब वह डूबने लगा तो उसने अपने बिहार निवासी दोस्त आदील को बार-बार आवाज लगाई। उसे पहले तो दोस्तों ने उसकी चीख-पुकार नहीं सुनी। वह चिल्लाते हुए पानी के बीच समाता जा रहा था। आदील ने इसे गंभीरता से लिया और वह हिमांशु को बचाने के लिए उसकी तरफ चला गया। बाकी दोस्तों ने जब उसे देखा तो लकड़ी पकड़ने की बात कहने लगे।

# भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह के नेतृत्व में लगाए गए 250 पौधे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**जेवर** विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी युवा नेता एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह व मंडल की समस्त टीम ने क्षेत्र व गांव दयानतपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाए गए वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत कई जगहों पर वृक्षारोपण किया। इस दौरान टीम द्वारा 250 पेड़ लगाए गए।

जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह ने कहा कि पौधों से पर्यावरण शुद्ध होता है। हमें हमेशा ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। पेड़ पौधों को काटना नहीं चाहिए। पौधे राष्ट्र की अमूल्य निधि होती हैं। उन्होंने समस्त मंडल की टीम ने योगी सरकार द्वारा चलाए गए वृक्षारोपण अभियान के तहत करीब 35 करोड़ पेड़ लगाई जाएंगे। यह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा कुशल नेतृत्व मिलना बहुत ही सौभाग्य की बात है। आज मोदी-योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश की ऊंचाइयों को छू रहे हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह भाटी, पप्पू सिंह, मंडल महामंत्री शिवकांत, बूथ अध्यक्ष भोजराज आदि उपस्थित रहे।


जेवर विधानसभा क्षेत्र में पौधारोपण करते भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह।

# 22 जुलाई का दिन घोषित हो राष्ट्रीय ध्वज दिवस : शील मधुर

**गुरुग्राम।** हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत भूतपूर्व डीजीपी शील मधुर ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित करने के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नाम राष्ट्रपति के सचिव केडी त्रिपाठी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अनुरोध किया कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष होने को हैं।

इस खुशी में हम आजादी का अमृत महोत्सव भी मना रहे हैं, परन्तु अभी तक देश की आजादी के प्रतीक, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग-बलिदान के प्रतीक अपने देश के राष्ट्रीय ध्वज के लिए आज तक राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित नहीं कर पाए हैं। इस ऐतिहासिक चूक को ठीक कर राष्ट्रीय ध्वज दिवस की अविलम्ब घोषणा की जाए। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज के मौजूदा स्वरूप, प्रारूप का सृजन कर स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मान्यता दी थी। इसीलिए 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में घोषित किया जाना सर्वाधिक उपयुक्त होगा। उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किया कि विश्व के सभी ताकतवर देश अपने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में प्रतिवर्ष अपना राष्ट्रीय ध्वज दिवस बड़े धूमधाम से मनाते हैं, जिससे देशभक्ति की भावना और प्रबल होती है। शील मधुर ने यह भी उल्लेख किया कि पिछले 26 जनवरी 2021 से आयोजनों के माध्यम से दिल्ली और हरियाणा में राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।


राष्ट्रपति के सचिव केडी त्रिपाठी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते भूतपूर्व डीजीपी शील मधुर।

# अमेजन फैशन को वार्डरोब रिफ्रेश सेल के दौरान मिली बैक टू ऑफिस रेंज की जबर्दस्त मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अमेजन** फैशन ने हाल ही में 22 जून की आधी रात को अपनी वार्डरोब रीफ्रेश सेल (डब्ल्यूआरएस) के अपने 10वें संस्करण का समापन किया। इस सेल में फैशन और ब्यूटी कैटेगरी के उत्पादों के लिए ग्राहकों की मांग में जोरदार वृद्धि देखने को मिली। यहां ग्राहकों ने परिधान, घड़ियां, फैशन एवं कीमती आभूषण, हैंडबैग, लगेज और बैकपैक, मेकअप, स्किनकेयर, हेयरकेयर, बाथ एंड बॉडी आदि श्रेणी में जमकर खरीदारी की।

अमेजन फैशन इंडिया के डायरेक्टर एवं हेड सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, जहां स्पोर्ट्स वियर इस साल भी लोगों की पहली पसंद रहा, वहीं इस साल डब्ल्यूआरएस के दौरान, हमें बैक टू ऑफिस रेंज की जबर्दस्त डिमांड देखने को मिली है। खास तौर पर, मिलेनियल्स और जेनजी जो कि सबसे बड़ा वर्किंग कस्टमर बेस है, उनकी ओर से जूते और शर्ट की सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिली है। जहां बहुत से कार्यालय फिर से खुल गए हैं और शादी का मौसम भी अपने शबाब पर है, ऐसे में कुर्ती, कुर्ती सेट और साड़ियों में बढ़ती दिलचस्पी के साथ महिलाओं के लिए एथनिक वियर फिर से डिमांड में है। हमने कस्टमर मोस्ट लव्ड प्रोग्राम भी पेश किया है, जिसमें हम ग्राहकों को हाई रिव्यू और हाई रेटेड फैशन प्रोडक्ट खोजने में मदद कर रहे हैं। हमें इस कार्यक्रम के हमारे सेलेक्शन में ग्राहकों से बढ़ती रुचि देखने को मिली है। जहां तक ब्यूटी का सवाल है, हमें आई शैडो पैलेट, आईलाइनर, काजल और मस्कारा सहित आई मेकअप की बिक्री में जोरदार इजाफा देखने को मिला है।

पिछले दो वर्षों में, ब्रांड को देखने को मिला है कि न केवल महानगरों और टियर-2 शहरों में बल्कि छोटे शहरों में भी बहुत सारे ग्राहक अब ऑनलाइन परचेज कर रहे हैं। आज, अमेजन.इन पर 70 फीसदी से अधिक ग्राहक ऑर्डर और 86 फीसदी से अधिक नए ग्राहक टियर 2 और उससे छोटे शहरों से हैं। भारत के लगभग 100 फीसदी पिन कोड के ग्राहक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से खरीदारी कर रहे हैं। फैशन रिटेल सेलर्स के टियर-2 और 3 शहरों के साथ अधिक जुड़ाव के साथ, ब्रांड ने सुनिश्चित किया कि वे जो कलेक्शन पेश कर रहे हैं।

# शादीशुदा महिला को बंधक बनाने पर एसपी से मिले लोग

**मेवात।** राजस्थान के जयपुर से एक शादीशुदा महिला को लालच देकर फिरौती की नियत से एक युवक द्वारा बंधक बनाकर दबंग व दादागिरी से बंधक बनाकर रखने का मामला प्रकाश में आया है।

इस मामले में हरियाणा तथा राजस्थान के कुछ मौजिज लोगों ने पुलिस कप्तान वरुण सिंगला से गुरुवार को उनके लघु सचिवालय नूंह स्थित कार्यालय में मुलाकात थी और सारी कहानी से अवगत कराया। जिले के जाने-माने समाजसेवी रमजान चौधरी एडवोकेट एवं पीड़ित पक्ष का कहना है कि नूंह जिले के नुनेरा गांव का एक व्यक्ति राजस्थान के जयपुर से एक शादीशुदा महिला को लालच में फंसाकर वहां से ले आया। उसने फर्जी दस्तावेज तैयार करके गुरुग्राम अदालत में शादी की पटीशन भी लगाई, लेकिन अदालत ने उसे रद्द कर दिया।

# नेकेड बॉय नायका ने भूमि पेडनेकर को ब्रांड एंबेसडर बनाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**लॉन्जरी** के बारे में न तो कभी खुलकर बात की गई और न ही कभी कोई चर्चा हुई, लॉन्जरी पर बातचीत लंबे समय तक बंद दरवाजों के पीछे तक ही सीमित रही। ऐसे कई मौके आते है जिनके बारे में आप लोगों को बताना चाहते है जैसे लॉन्जरी लेते समय किसी स्टोर हेल्पर के साथ एक असहज परिस्थिति में पड़ना या फिर आपको कभी कोई लॉन्जरी इतनी आरामदायक लगती है कि आप अपनी बेस्ट फ्रेंड को भी उसके बारे में बताना चाहती है! लेकिन रोजमर्रा की बुनियादी जरूरत होने के बावजूद इसके बारे में पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती है! नेकेड (NYKD) बाय नायका को उम्मीद है कि वह इस परम्परा को खत्म कर देगा और सभी को आरामदायक ब्रा के बारे में बताएगा, जो स्पष्ट रूप से महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा आरामदायक परिधान होना चाहिए। ब्रांड ने अपना नया कैंपेन शुरू करने के लिए लोकप्रिय और बेबाक भूमि पेडनेकर के साथ पार्टनरशिप की है।

भूमि, जो समसामयिक मुद्दों के बारे में आवाज उठाने और अपने प्रभाव का उपयोग करने के लिए प्रसिद्ध है, अब वो एक और ऐसे मुद्दे को लोगों को सामने लेकर आ रही है, जो खुद उनके अपने दिल के करीब भी है -द एव्रीडे कम्फर्ट ऑफ वूमन! इस कैंपेन के जरिए, वे हर दिन महिलाओं द्वारा उठाए जाने वाले बुनियादी, वास्तविक मुद्दों पर चर्चा करने से जुड़ी असुविधा और झिझक को दूर करने की उम्मीद करती है, खासकर जब ब्रा जैसी वॉर्डरोब की जरूरी चीजों की बात आती है।




अपने शुरुआत से ही, नेकेड बाय नायका ने महिलाओं को उनके इंटीमेट वियर के मामले में सही जानकारी देकर उनकी मदद करने को अपना मिशन बना लिया है। नेकेड का उद्देश्य महिलाओं को गलत आकार, गलत स्टाइल, ब्रा हिक्की और बल्की ब्रा,जो टी-शर्ट के नीचे दिखाई देती है, जैसी ब्रा खरीदने के दौरान उनके सामने आने वाली सामान्य समस्याओं का समाधान प्रदान करना है। 'एज गुड ऐज नेकेड' नाम से शुरू किए गए इस 360-डिग्री कैंपेन के लिए दो फिल्म तैयार की गई है जिसमें, भूमि ब्रा से जुड़ी आम गलतफहमियों को दूर करने के साथ ही ब्रा से जुड़ी महिलाओं की आम समस्याओं पर खुलकर बात करेगी। भूमि के साथ शुरू किए गए इस कैंपेन का लक्ष्य सही लॉन्जरी को खोजने की प्रक्रिया को आसान बनाने के साथ ही कम्फर्ट का जश्न मनाना है। नेकेड बाई नायका की ब्रांड एंबेसडर, भूमि पेडनेकर ने कहा यह आश्चर्य की बात है कि हम अक्सर खुद को ब्रा जैसी वॉर्डरोब की जरूरी चीजों के बारे में अनजान पाते हैं। मैं खुद कई वर्षों तक गलत विकल्पों, गलत फिटिंग वाली ब्रा और डिस्कम्फर्ट के साथ रही, जब तक कि मुझे सही ब्रा नहीं मिली।

नेकेड बाय नायका की बिजनेस हेड प्रीति गुप्ता ने कहा कि अजीब और असहज माने जाने वाले विषयों को संबोधित करने के लिए भूमि की अनूठी विशेषता है जो उसे लॉन्जरी से जुड़ी बातचीत को सामान्य करने के हमारे प्रयासों के लिए एकदम उपयुक्त बनाती है। परंपरागत रूप से, महिलाओं ने कभी भी अपनी ब्रा के बारे में बात नहीं की है क्योंकि अंडरडेवलप्ड रिटेल,कॉम्प्लीकेटेड कैटेगरी, और टैबू टॉपिक बातचीत को बेहद कठिन बना देते हैं।

# न्युवोको विस्टास ने उत्तर भारत में अपनी स्थिति मजबूत की

### क्षेत्र में डबल बुल सीमेंट के लॉन्च के साथ डीलर नेटवर्क में जबरदस्त वृद्धि देखी गई

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**भारत** का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्व में अग्रणी सीमेंट कंपनी, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने अपने प्रीमियम सीमेंट पोर्टफोलियो की शुरुआत के साथ उत्तर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। उत्तरी क्षेत्र में विशेष रूप से हरियाणा, पश्चिमी यूपी, पंजाब, दिल्ली और मध्य प्रदेश में रेवेन्यू मजबूत डीलर नेटवर्क के माध्यम से ट्रेड चैनल और ब्रांड बिल्डिंग पर केंद्रित है।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड हरियाणा के भिवानी में अपने मौजूदा संयंत्र में 1.2 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता के साथ एक ग्राइंडिंग इकाई स्थापित करने की योजना बना रहा है। यह उत्तर क्षेत्र में कंपनी के विस्तार की दिशा में पहला कदम है। यह ग्राइंडिंग इकाई क्षेत्र में क्लिंकर उत्पादन के पूर्ण उपयोग में सहायता करेगी। न्युवोको का उत्पाद पोर्टफोलियो ऑर्डिनरी पोर्टलैंड सीमेंट (ओपीसी), पोर्टलैंड स्लैग सीमेंट (पीएससी), पोर्टलैंड पॉज़ोलाना सीमेंट (पीपीसी) और पोर्टलैंड कम्पोजिट सीमेंट (पीसीसी) के साथ अपने ग्राहकों की सभी जरूरतों को पूरा करता है, साथ ही बीआईएस मानकों और प्रीमियम कच्चे माल की गुणवत्ता के साथ उद्योग में सर्वश्रेष्ठ में हैं। इसके प्रमुख ब्रांड कंक्रीटो, ड्यूरागार्ड और डबल बुल के बीच कीमतों का सही तालमेल हैं। डबल बुल देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाला सीमेंट ब्रांड है, इसने पांच साल की छोटी अवधि में 5 मिलियन टन से अधिक की बिक्री हासिल की है। कंक्रीटो एक प्रीमियम उत्पाद की पेशकश है, यह पूर्वी भारत में सबसे आगे है और उत्तरी भारत में विशेष वेरिएंट प्रदान करता है। ड्यूरागार्ड उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है जो तकनीकी रूप से उन्नत हैं और आधुनिक निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

# इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी ने नई दिल्ली में किया एक्सप्रेस स्टोर का शुभारंभ

### 1100 वर्गफीट में फैले इस व्यापक स्टोर में अग्रणी ओईएम ब्राण्ड्स, एक ही छत के नीचे हैं मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**इलेक्ट्रिक** वन मोबिलिटी प्रालि नये जमाने के इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट की तेजी से आगे बढ़ रही कंपनियों में से एक और भारत व विदेशों में परिचालन कर रही देश की सबसे बड़ी ईवी सुपर स्टोर चेन, ने न्यू वर्ल्ड टेक्नोलॉजीज एलएलपी 94, ग्राउंड फ्लोर, मेन रोड विलेज अदचिनी, नई दिल्ली में बिलकुल नए, शानदार और विशाल स्टोर का शुभारंभ किया है।

यह स्टोर 1100 वर्गफीट के क्षेत्र में फैला हुआ है और इन स्टोर्स के खुलने से दिल्ली एवं एनसीआर में कंपनी की खुदरा मौजूदगी सुदृढ़ हुई है। इस एक्सप्रेस स्टोर के साथ कंपनी के दिल्ली एवं एनसीआर में परिचालन वाले 6 स्टोर हो गये हैं, यह जानकारी कम्पनी प्रतिनिधि रविंदर यादव ने दी। दिल्ली, एनसीआर में अपनी विस्तार योजनाओं के बारे में इलेक्ट्रिक वाहन मोबिलिटी प्रालि के फाउंडर अमित दास ने कहा, दिल्ली और एनसीआर हमारे ब्राण्ड के लिये बड़ी संभावना की पेशकश करते हैं, क्योंकि यहां इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये छुपी हुई मांग है। इसलिये सही पार्टनर को चुनना हमारे लिये महत्वपूर्ण था और इससे हम अपना बिजनेस मॉडल भी बढ़ा सकते हैं।



भारत में एक नई क्रांति हो रही है और ऑटोमोटिव उद्योग टेक्नोलॉजी और पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने की अपनी योग्यता के मामले में तेजी से बदल रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्वच्छ ऊर्जा की एक परियोजना के तौर पर प्रस्तुत हुए थे, क्योंकि वे कम उत्सर्जन करते हैं और अब ओईएम की व्यवसाय रणनीति का एक महत्वपूर्ण भाग बन चुके हैं। कामकाजी लोगों को प्रदूषण-रहित और कम खर्चीला परिवहन प्रदान करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि बड़ी संख्या में वे लोग परिवहन के नये तरीके खोज रहे हैं। दिल्ली एवं एनसीआर में फ्रेंचाइजी के रास्ते से विस्तार के बारे में समझाते हुए श्री दास ने कहा, 'जब आप हमारे पार्टनर बनते हैं, तब हम वाहनों के सबसे बढ़िया दाम तय करने, संपूर्ण गुणवत्ता परीक्षण, गुणवत्ता आश्वासन, आसान ईएमआई, व्यक्तिपरक ब्यौरों और उत्पादों पर विस्तारित वारंटी की पेशकश करने में आपकी सहायता करते हैं।' जब आप हमारे उच्च-गुणवत्ता के मानकीकृत खुदरा तंत्र के साथ काम करते हैं, तब हम सभी ब्राण्ड्स के लिये एक जैसी रणनीति बनाने में आपकी सहायता करते हैं। इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी की शुरूआत अगस्त 2020 में ऑटोमोबाइल और इंटरनेशनल इंडस्ट्री के अनुभवी लोगों ने की थी।

इसके फाउंडर अमित दास का भारतीय स्टार्टअप्स में 15 वर्षों से ज्यादा का अनुभव है। वे मल्टीनेशनल कंपनियों के ग्रोथ इनैबलर और लीडरशिप रोल्स में रहे हैं। कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर गिडो क्विल जर्मनी से हैं, जिन्हें टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और ग्रीन एनर्जी सेगमेंट्स में 30 वर्षों से ज्यादा का वैश्विक अनुभव है। कंपनी टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर सेगमेंट में इलेक्ट्रिक परिवहन के लिये भारत के पहले प्रभावशाली इकोसिस्टम की पेशकश करती है।

डॉक्टर दिवस पर विशेष

# डॉक्टरों के अभाव में नहीं मिल रहा बेहतर इलाज

**कविता।** फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी के दौरान बीके अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाई गई है। जिसके तहत यहां नया कोविड-19 अस्थाई अस्पताल भी 96 बिस्तरों का बनाया गया है। लेकिन अस्पताल में चिकित्सकों व स्टाफ की संख्या नहीं बढ़ाई। जिससे यहां कार्यरत चिकित्सकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ती है।

चिकित्सकों का कहना है कि वह अकेले कार्य तो करना चाहते हैं, लेकिन अस्पताल की रीढ़ कही जाने वाली स्टाफ नर्से ही अस्पताल में कम हैं। ऐसे में मरीजों को सुविधाएं कैसे उपलब्ध करवाएं। ऐसे में लोगों को इलाज के लिए मजबूरी में निजी अस्पताल में जाना पड़ रहा है। अस्पताल के डाक्टरों के तबादले के बाद यहां नए डाक्टरों को तैनात नहीं किया जाता।

बीके सिविल अस्पताल के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आए दिन नई-नई योजना तैयार की जा रही है। जिनमें ढांचागत सुविधाओं के साथ आधुनिक उपकरण लगाने की योजनाएं भी शामिल हैं। लेकिन अस्पताल में फिलहाल जो भी सुविधाए है, उनके माध्यम से यहां आने वाले मरीजों को इलाज करने वाले डाक्टर व स्टॉफ की अस्पताल में भारी कमी है। स्वास्थ्य मुख्यालय द्वारा चिकित्सकों व स्टॉफ की कमी को जल्द ही पूरा करने का आश्वासन मिला था, लेकिन




गंभीरता नहीं दिखाई जाती।

**स्वास्थ्य कर्मियों की कमी:** आरटीआई कार्यकर्ता तरूण चोपडा ने की आरटीआई के जबाव में पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया गया था कि अस्पताल में चिकित्सकों के पद खाली है। दो सौ बिस्तरों के सिविल अस्पताल में जहां 55 चिकित्सकों की पोस्टे है, उनमें तीन सीनियर मेडिकल ऑफिसर, एक डिप्टी मेडिकल सुप्रीटेंडेंट और दो मेडिकल ऑफिसरों की पोस्ट खाली है। वही अस्पताल में 90 स्टाफ नर्से होनी चाहिए। लेकिन यहां फिलहाल 70 स्टाफ नर्सों की पोस्ट खाली है। नर्सिंग स्टाफ की संख्या दस होनी चाहिए। लेकिन यहां आठ पोस्ट खाली है। प्रयोगशाला में 14 लैब टेक्नीशियनों में 10 पोस्ट खाली है। रेडियोलॉजिस्टों की संख्या छह होनी चाहिए, लेकिन अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की पोस्ट भी खाली है। ऑपरेशन थियेटर में हेल्प के लिए नौ पोस्ट खाली है। ईसीजी के लिए तीन पोस्टों में मात्र एक टैक्नीशियन है, दो पोस्ट खाली है। अस्पताल में अल्ट्रालॉजिस्ट की पोस्ट खाली है। जिस कारण मरीजों को भारी परेशानी होती है। वहीं उन्होंने आरटीआई के जबाब में बताया है कि डॉक्टर, स्टाफ नर्स और अन्य स्टाफ की संख्या बढ़ाने के लिए उच्च स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिख चुकी है।

# नीरज चोपड़ा ने जेवेलिन थ्रो में फहराया झंडा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि नीरज चोपडा के ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता बनने के बाद आधिकारिक कार्यक्रमों से फ्री होने के कुछ समय बाद ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए विश्व के अलग-अलग देशों में जाकर अपना नियमित अभ्यास कर भारत देश को पदक देने का कार्य कर रहे हैं।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जेवेलिन थ्रोअर नीरज चोपडा 90 मीटर की दूरी पार करने के लिए दिन रात विभिन्न



**एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के साथ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा।**

स्थानों और विभिन्न वातावरण में जाकर अथक अभ्यास कर रहे हैं। राजकुमार मिटान ने बताया कि 14 जून को तुर्कु में पावो नैरोमी गेम्स में 89 मीटर 30 सैंटीमीटर की बेहतरीन थ्रो कर रजत पदक विजेता बनकर भारत देश का मान बढ़ाया। फिनलैंड कुआर्तने में बारिश के चलते हुए टूर्नामेंट में 86 मीटर 69 मीटर की अच्छी थ्रो कर स्वर्ण पदक जीतकर भारत की झोली में दिया। कुओर्तने में बारिश के कारण खेल मैदान पर फिसलन की समस्या का सामना करते हुए तीसरी थ्रो करने के बाद गिर भी गये थे, मगर नीरज चोपडा ने गिरने के बाद भी अपने बुलंद हौंसलों से खडे होकर अपने आपको चोटिल होने से भी बचाया। नीरज चोपडा अब 30 जून को होने वाली डायमंड लीग में खेलकर अपने खेल प्रदर्शन को और बेहतर करने का कार्य करेगा। 21 जुलाई से 23 जुलाई तक होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करेगा।

# बरसात ने दी गर्मी और उमस से राहत पर शहर में दिखा जलभराव

## एनआईटी औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों के निर्माण से जलभराव से मिली राहत

**राजेश दास।** फरीदाबाद




**जवाहर कालोनी 60 फुट रोड पर भरे बरसात के पानी से गुजरते लोग।**

**कुछ** दिनों से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और उमस भरे माहौल ने शहर के लोगों का जीना दुश्वार कर दिया था। तपती गर्मी के कारण जहां लोगों को अपने रोजमर्रा के कामों को करने में परेशानी आ रही थी। वहीं गर्मी के कारण वायरल और उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में रोज इजाफा हो रहा था। लेकिन बृहस्पतिवार सुबह मौसम के करवट लेने से लोग काफी राहत महसूस कर रहे है।

सुबह करीब नौ बजे शुरू हुई बरसात दोपहर बाद तक रुक-रुक कर जारी रही। जिससे मौसम खुशगवार हो गया। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम की लापरवाही के कारण बरसात के दौरान शहर की व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। वर्तमान स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने बरसात में होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार की है। तीनों जोनों में देखरेख के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**राहत के साथ झेलनी पड़ी परेशानी :** दिनभर जमकर हुई बरसात ने जहां लोगों के तन और मन को खूब ठंडक दी है, वहीं दूसरी तरफ शहर के कई इलाकों में बरसात के कारण लोगों को परेशानियां झेलने के लिए भी मजबूर होना पड़ा। हार्डवेयर से व्हर्लपूल चौक तक सड़क निर्माण न होने से जहां बरसाती पानी भर गया, वहीं दिनभर यहां वाहन चालकों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। इसके अलावा भी शहर के कई इलाकों में जल भराव के कारण लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा बुरी तरह स्थित एनआइटी विधानसभा क्षेत्र की थी। यहां विभिन्न सड़कें बरसाती पानी में जलमग्न हो गई। हार्डवेयर चौक से व्हर्लपूल चौक तक सड़क निर्माण के लिए की गई खुदाई की वजह से स्थित बुरी तरह बिगड़ गई। पहले ही यहां जाम लगा रहता था। अब बरसात आने यहां स्थिति और बिगड़ गई।

**कई सड़कों के निर्माण से राहत :** एनआइटी औद्योगिक क्षेत्र में हाल ही में बनी दो प्रमुख सड़कों के निर्माण से बरसात के बाद जलभराव की समस्या उत्पन्न नहीं हो गई। वर्ना इन स्थानों पर जरा सी बरसात के बाद ही स्थिति बद से बदतर हो जाती थी। इसके अलावा निगमायुक्त यशपाल यादव द्वारा पिछले दिनों उठाए गए ठोस कदमों की वजह से भी इस बार भारी बरसात के बावजूद शहर में स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में रही। जिसके तहत शहर में सफाई अभियान चलाए गए थे और वर्षो से जाम नालों व सीवर की सफाई करवाई गई थी। जिसके कारण दिनभर आई बरसात के बाद पहले के मुकाबले इस बार जलभराव की समस्या कम उत्पन्न हुई है। वहीं दूसरी तरफ एनएचएआई के दावों के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव की समस्या का समाधान पूरी तरह अभी भी नहीं हो पाया है। जगह जगह बरसाती पानी भरने की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे थे।



**सेक्टर 22-23 की मैन रोड पर हुआ जलभराव।**

## जलभराव से निपटने को नोडल अधिकारी नियुक्त

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिला फरीदाबाद में तीन फ्लड प्रोटेक्शन जोन बनाए गए हैं। जिनके नोडल अधिकारी के रूप में एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया व नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गौरव अंतिल, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल व नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार व एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद व नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त इंदरजीत कुलड़िया को नियुक्त किया गया है। वाहनों के आसान आवागमन व ट्रैफिक जाम की स्थिति के समाधान के लिए फरीदाबाद पुलिस सहित सम्बंधित सभी विभागों की सहायता भी ली जाएगी। इनमें पुलिस विभाग, एमसीएफ, एचएसवीपी, पीडब्ल्यूडी, इरीगेशन, एफएमडीए, एनएचएआई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जलभराव के समाधान के लिए रहेंगे तैनात व एसीपी, एसडीएम स्तर के अधिकारी भी निगरानी करेंगे।



**उपायुक्त जितेंद्र यादव**

## संक्षिप्त समाचार

### विकास ने यूनिवर्सिटी में लिया प्रथम स्थान



**फरीदाबाद।** जैसा कि सर्वविदित है कि एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूरे क्षेत्र में जाना जाता है। हर साल संस्थान से निकले हुए बच्चे अच्छी जगह पर नौकरी पाकर अपना व संस्थान का नाम रोशन करते हैं। विगत कई वर्षों से संस्थान के विद्यार्थियों का यूनिवर्सिटी में भी उच्च स्थान प्राप्त करना संस्थान के लिए गौरव एवम हर्ष का विषय रहा है। इसी क्रम में इस बार भी यहां के छात्र विकास ने पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेस रोहतक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विकास ने 600 में से कुल 514 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान से ये उपलब्धि हासिल की। इसी के साथ संस्थान की छात्रा नेहा ने 499/600 अंक लेकर चौथा स्थान एवम पुष्प 490/600 अंक लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया। छात्रों द्वारा हासिल की गई यह सफलता उनके माता पिता एवम संस्थान के सभी अध्यापकों एवं स्टाफ के लिए गर्व का विषय है। चेयरमैन एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स ओर प्राचार्य डा. अर्पणा राणा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को परिश्रम के ऊपर हमेशा विश्वास रखना चाहिए । मेहनत के बल पर हर मुकाम जीवन मे पाया जा सकता है। उन्होंने सभी छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर किया आयोजित




**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में एसडीजीएस क्लब, यूथ रेडक्रॉस व हेल्थ क्लब, भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के सौजन्य से नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रैशर और स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता की अहम् भूमिका रही। इस अवसर पर प्राचार्य जी ने सभी का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए सभी को बधाई दी। भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र की उपलब्धियों से अवगत कराया और साथ ही डॉ. सूरज प्रकाश जी (संस्थापक भारत विकाश परिषद्) के जीवन पर प्रकश डालते हुए उनके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए विवरण प्रस्तुत किया। राजकुमार अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए बताया कि ट्रस्ट द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। जिनका विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। जिसमें सीटी स्कैन मशीन, ईसीजी मशीन, इको, टीएमटी, डायलिसिस सेंटर, एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड आदि की कम कीमत पर सेवाएं दी जा रही हैं। डॉ. मनोज शुक्ल ने सफल कार्यक्रम के आयोजन पर सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

### रमेश चुने गए प्रधान



**फरीदाबाद।** म्यूनिसिपल इम्पलाइज फैडरेशन की इकाई मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का चुनाव फैडरेशन के प्रधान रमेश जागलान, महासचिव दशरथ कुमार, उपप्रधान शाबीर खान की देख में संपूर्ण हुआ। जिसमें मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवार अतर सिंह भडाना व रमेश पहलवान रहे। कुल मत 823 थे। जिसमें से 695 वोट पड़े। 401 वोट अतर सिंह भडाना को व 288 वोट रमेश पहलवान को मिले, 6 वोट रद्द हुए व फेडरेशन प्रधान रमेश जागलान ने विजयी उम्मीदवार अतर सिंह भड़ाना को विजय होने पर आगामी तीन वर्ष के लिए प्रधान घोषित किया। इस अवसर पर फेडरेशन कोषाध्यक्ष रन सिंह भड़ाना, ड्राइवर यूनियन प्रधान नेत्रपाल शर्मा, महेन्द्र कुमार, नरेश बैंसला, राजपाल तेवतिया, राजेन्द्र बैंसला, महावीर पोसवाल, रामबीर, राजेन्द्र, सीताराम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी कर्मचारी साथियों ने नवनिर्वाचित प्रधान को बधाई दी। नवनियुक्त प्रधान ने सभी का धन्यवाद किया।

### वर्ल्ड गेम्स इन लाइन हॉकी में तीन खिलाड़ियों का चयन



हिमांशु प्रांजल सिमरन

**फरीदाबाद।** जिले के तीन हॉकी खिलाड़ियों का चयन वर्ल्ड गेम्स में इनलाइन हॉकी के लिए हुआ है। यह तीनों खिलाड़ी सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल में चल रही एकेडमी में स्केटिंग कोच जॉन डेविड से ट्रेनिंग ले रहे हैं। इस बारे में जब पायनियर संवाददाता कविता ने जॉन डेविड से बात की तो उन्होंने बताया कि मानव रचना स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र प्रांजल, एमवीएन स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा सिमरन और मानव रचना युनिवर्सिटी से बीबीए कर रहा हिमांशु उनके पास पिछले कई सालों से प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह नेशनल गेम्स में भी खेल चुके हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों पंजाब में ट्रायल के बाद कैम्प में हिमांशु और प्रांजल का चयन किया गया है। वहीं पंचकुला हरियाणा में ट्रायल और कैम्प के दौरान सिमरन का चयन हुआ है। तीनो ही जुनियर ग्रुप में है। उन्होंने बताया कि तीनों खिलाड़ियों का चयन भारतीय जुनियर इनलाइन हॉकी टीम के लिए चयन किया गया है। इसमें प्रांजल और हिमांशु का चयन जूनियर पुरूष इनलाइन हॉकी टीम और सिमरन का चयन जूनियर महिला इनलाइन हॉकी के लिए 24 अक्टूबर से 14 नवंबर 2022 तक अर्जेंटिना में आयोजित होने वाले विश्व स्केट खेल में भाग लेंगे।

### गुड़गांव नहर में गिरी गाय बचाई

**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 में गुड़गांव केनाल नहर के पास सुबह बरसात के समय एक गाय गिर गई। इसकी सूचना चौकी इंचार्ज सेक्टर-55 रणधीर को जैसे ही मिली वो तुरन्त अपने टीम के साथ वहां पहुंचे और वहां मौजूद लोगों की मदद से उस गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान चौकी इंचार्ज को हिम्मत देने से पुलिस के साथ लोगों ने मदद की व सकुशल गाय को बाहर निकाल लिया। लोगों ने भी पुलिस की तारीफ की। इस नेक कार्य के लिए इंचार्ज को पुलिस की आवाज टीम की तरफ से सेल्यूट किया गया।

# रबर प्लांटेशन बढ़ाने का काम कर रहा है एटमा

**पायनियर समाचार सवा।** फरीदाबाद

**रबर** बोर्ड ऑफ इंडिया, नेशनल रबर मिशन के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप देने में जुटा है, जिससे घरेलू स्तर पर प्राकृतिक रबर से संबंधित जरूरतें देश के अंदर ही पूरी की जा सकें। घरेलू स्तर पर प्राकृतिक रबर की खपत और उत्पादन के बीच का अंतर रबर बोर्ड और रबर उद्योग के लिए लंबे समय से चिंता का कारण बना हुआ है। वर्तमान समय में प्राकृतिक रबर की करीब 35 प्रतिशत की घरेलू मांग आयात से पूरी की जाती है।

ऑटोमोटिव टायर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटमा) की मैनेजिंग कमेटी मीटिंग में अतिथि वक्ता के रूप में अपने संबोधन में रबर बोर्ड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. के.एन. राघवन ने कहा, नेशनल रबर मिशन देश के अंदर ही पर्याप्त प्राकृतिक रबर उत्पादन की दिशा में काम कर रहा है, जिससे घरेलू उद्योग की मांग पूरी की जा सके और आयात को कम किया जा सके। डॉ. राघवन ने कहा कि नेशनल रबर मिशन का लक्ष्य गैर पारंपरिक क्षेत्रों में 5 लाख हेक्टेयर जमीन पर नए रबर प्लांटेशन को बढ़ावा देना है। नेशनल रबर मिशन के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए एटमा के चेयरमैन सतीश शर्मा ने कहा, 'टायर उद्योग देश में अच्छी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी कीमत वाले रबर उत्पादन के लिए प्लांटेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। एटमा के कुछ सदस्य पहले से ही रबर बोर्ड के साथ



मिलकर पूर्वोत्तर में रबर प्लांटेशन बढ़ाने की दिशा में एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट को नॉर्थ ईस्ट मिशन ऑफ टायर इंडस्ट्री फॉर रबर ऑग्मेंटेशन (एनईमित्रा) नाम दिया गया है। इसका लक्ष्य अगले पांच साल में पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल में 2 लाख हेक्टेयर में रबर प्लांटेशन करना है। इस प्रोजेक्ट के तहत जून, 2021 में प्लांटेशन की शुरुआत भी कर दी गई थी।'

देश में रबर प्लांटेशन के लिए केरल और तमिलनाडु पारंपरिक क्षेत्र हैं। गैर पारंपरिक क्षेत्रों में पूर्वोत्तर के सात राज्यों सहित कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा, ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल जैसे राज्य शामिल हैं। नेशनल रबर मिशन 2025-26 में पूरा हो जाएगा। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए करीब 95,000 हेक्टेयर जमीन की पहचान प्लांटेशन के लिए की जा चुकी है। डॉ. राघवन ने यह भी स्पष्ट किया कि नेशनल रबर मिशन के तहत 5 लाख हेक्टेयर में नए रबर प्लांटेशन का लक्ष्य एनईमित्रा प्रोजेक्ट के अतिरिक्त है। रबर बोर्ड ने बेहतर उत्पादन वाली सात प्रजातियां भी विकसित की हैं, जिनमें से दो प्रजातियां खास पूर्वोत्तर के लिए हैं।

# डायग्नोस्टिक लैब ऑरेंज हेल्थ ने रखा कदम

## भारत के सबसे बड़े बाजार में कदम रखने से टेक इनेबल्ड डायग्नोस्टिक लैब को कस्टमर बेस बढ़ाने में मिलेगी मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रणी** हेल्थ टेक स्टार्टअप और भारत की सबसे तेज डायग्नोस्टिक लैब सर्विस प्रदाता ऑरेंज हेल्थ ने दिल्ली में अपनी सेवाएं शुरू करने का एलान किया है। यह कदम कंपनी की महत्वाकांक्षी विस्तार योजना का हिस्सा है। इस लॉन्चिंग के साथ ही गुरुग्राम, नोएडा, दिल्ली एवं गाजियाबाद समेत दिल्ली-एनसीआर के लोग घर बैठे मात्र 60 मिनट में स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। उन्हें छह घंटे के अंदर जांच की रिपोर्ट मिल जाएगी।

स्वास्थ्य जांच की यह सुविधा हफ्ते में सातों दिन सुबह 6 से रात के 10 बजे तक उपलब्ध होगी। इसमें




रुटीन और स्पेशलाइज्ड दोनों तरह की 1,000 से ज्यादा डायग्नोस्टिक टेस्ट की सुविधा मिलेगी। इनमें बायोकेमिस्ट्री, सीरोलॉजी, हेमैटोलॉजी, फ्लॉसीटोमेट्री और मॉलीक्युलर बायोलॉजी से लेकर कोविड आरटीपीसीआर तक की जांच की सुविधा शामिल हैं।

दिल्ली के लोगों को तेज और सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य जांच सुविधा देने के लिए ऑरेंज हेल्थ ने पहले से ही एनसीआर में दो प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं। जल्द ही एक और प्रयोगशाला स्थापित कर दी जाएगी। मजबूत सप्लाई चेन के माध्यम से ग्राहकों को सैंपल कलेक्शन के 6 घंटे के भीतर कंपनी की स्टेट ऑफ द आर्ट और एनएबीएल प्रमाणित लैब से रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी। दिसंबर, 2020 में ध्रुव गुप्ता और तरुण भाबरा ने ऑरेंज हेल्थ की स्थापना की थी। कंपनी अब तक 10 लाख से ज्यादा ग्राहकों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान कर चुकी है और देश की सबसे ज्यादा रेटिंग वाली डायग्नोस्टिक लैब में से है। दिल्ली में कदम रखने को लेकर ऑरेंज हेल्थ के सह-संस्थापकों ध्रुव गुप्ता और तरुण भांबरा ने कहा, 'अपनी विस्तार योजना के तहत हम दिल्ली एनसीआर में ऑरेंज हेल्थ स्टेट ऑफ द आर्ट डायग्नोस्टिक सर्विस की लॉन्चिंग को लेकर उत्साहित हैं। इस चरण में गुरुग्राम, नोएडा, दिल्ली और गाजियाबाद में सर्विस प्रोवाइड करेंगे, जो भारत का सबसे बड़ा मार्केट है। इंटरनेट की ज्यादा पहुंच, ट्रैफिक की परेशानी और लैब में जाने पर संक्रमण के खतरे को देखते हुए ग्राहक तेजी से घर बैठे स्वास्थ्य जांच की सुविधा को अपना रहे हैं। यह बिल्कुल अन्य डिजिटल सेवाओं जैसा ही है। लॉन्चिंग से पहले के चरण में गुरुग्राम और नोएडा में हजारों लोगों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी है और उन सबने तेजी, भरोसे और सुविधा के मामले में हमें पसंद किया है।'

# दो नए साइबर थाने अपराधियों पर कसे जाएंगे शिकंजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**साइबर** अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक कार्यालय के आदेश तथा फरीदाबाद पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोडा के दिशा निर्देश में शहर में दो नए साइबर थाने स्थापित किए गए हैं। आपको बता दें कि इससे पहले फरीदाबाद में एक साइबर थाना कार्यरत था।

अब नए साइबर थाने खुलने से इन थानों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। इसके अलावा फरीदाबाद में चार साइबर सेल पहले से काम कर रही हैं तथा प्रत्येक थाने में एक साइबर हेल्प डेस्क कार्यरत है। डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा तथा डीसीपी बल्लबगढ़ कुशल सिंह ने अपने-अपने जोन में खुले इन नए साइबर थानों का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त की इस पहल को सराहनीय बताया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद के तालाब रोड ओल्ड फरीदाबाद में पहले से चल



रहे साइबर थाने को साइबर थाना एनआईटी जोन घोषित किया गया है। जिसके प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत पहले से नियुक्त हैं। अब सेंट्रल जोन के सेक्टर 17 थाने की पहली मंजिल पर स्थापित किए गए साइबर पुलिस स्टेशन का कार्यभार इंस्पेक्टर सतीश तथा बल्लभगढ़ के सेक्टर 8 पुलिस थाने की पहली मंजिल पर स्थापित साइबर थाने का कार्यभार इंस्पेक्टर नवीन को सौंपा गया है। साइबर पुलिस थाना एनआईटी के पर्यवेक्षक एसीपी मुनीश सहगल, साइबर पुलिस थाना सेंट्रल के पर्यवेक्षक एसीपी विनोद कुमार तथा साइबर थाना बल्लभगढ़ के पर्यवेक्षक एसीपी सुरेन्द्र श्योराण को नियुक्त किया गया है। यह डीसीपी मुख्यालय की देखरेख में कार्य करेंगे।

# सीवरेज और नाले के ओवरफ्लो होने पर करें कॉल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बारिश** के मद्देनजर नगर निगम फरीदाबाद ने जनता की समस्या के निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जलभराव व सीवर लाईन/नाला आदि के ओवरफलो की समस्या को लेकर जनता कंट्रोल रूम पर संपर्क कर सकती है। आने वाले दिनों में लगातार बारिश की संभावना के मध्यनजर किसी प्रकार की आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों की टीमें तैनात की गई हैं।

भारी बारिश की संभावना के मद्देनजर नगर निगम ने तैयारी कर ली है और आपात स्थिति व जलभराव से निपटने के लिये अधिकारी तैनात रहेंगे। नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव ने बताया कि आने वाले दिनों में भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए नगर निगम ने सभी आवश्यक प्रबन्ध किये हैं । आम जनता की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम को 24 गुना 7 संचालित किया



**सैनिक कॉलोनी रोड पर बहता सीवर का पानी।** **( फाइल फोटो )**

जाएगा। कंट्रोल रूम के लिए दूरभाष संख्या 0129-241649, 2418224, 2411664 जारी किया है। आम जनता इन्हीं नंबरों पर जलभराव सीवर लाईन/मैन होल/नाले आदि के ओवरफलो आदि के बारे शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा खेम चंद, सहायक अभियंता इस नियंत्रण कक्ष की कार्य प्रणाली को सुचारू रूप से चलाना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त निगमायुक्त ने इन समस्याओं के तुरंत निवारण के लिए आयुक्त के निजी सचिव के कार्यालय में फोन नं-0129-2416464 पर वार्ड नं 1 से 7, अतिरिक्त आयुक्त कार्यालय में फोन नं-0129-2411914 पर वार्ड नं- 8 से 14, अतिरिक्त निगम आयुक्त कार्यालय में फोन नं-0129-2425525 पर वार्ड नं-15 से 21, संयुक्त आयुक्त कार्यालय में फोन नं- 0129-2411946 पर वार्ड नं- 22 से 28, स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में फोन नं-0129-2420095 पर वार्ड नं-29 से 35 निवारण सुनिश्चित करेंगे।

# पैंशनरों के लिए आठ को लगेगा मोबाइल नवीनीकरण कैंप

**फरीदाबाद।** जिला खजाना अधिकारी संजय छोंकर ने बताया कि हरियाणा प्रदेश सेवानिवृत पैंशनरों के लिए आठ जुलाई को मोबाईल नवीनीकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिला खजाना कार्यालय में लगने वाले इस शिविर का समय प्रात: 10:00 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। इस शिविर में हरियाणा सरकार से सभी सेवानिवृत पैंशनरों के मोबाईल नंबर अपडेट किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह कैंप उन पैंशनरों के लिए अति उपयोगी साबित होगा जिनका मोबाईल नंबर उनके व्यक्तिगत आनलाईन पैंशन दस्तावेज पर खजाना कार्यालय में रजिस्टर नहीं हैं। मोबाईल नंबर रजिस्टर होने पर उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की पैंशन संबंधित जानकारी खजाना कार्यालय से आसानी से प्राप्त हो सकती है।

## उदयपुर में हत्या
### सामयिक कार्रवाई

**उदयपुर** प्रकरण हमें एक बार फिर याद दिलाता है कि स्थिति से बिगड़ने से रोकने के लिए सामयिक कार्रवाई जरूरी है। उदयपुर में दर्जी का काम करने वाले कन्हैया लाल की जघन्य हत्या सबको, खासकर राजनेता वर्ग को याद दिलाती है कि भारतीय राजनीति व राजनय में काफी कुछ सड़ गया है। हत्यारे गौस मुहम्मद व रियाज अख्तरी ने न केवल दूकान में कन्हैया लाल का गला काटा, बल्कि अपने दुष्कृत्य का वीडियो भी बनाया। उन्होंने चापड़ से कन्हैया का गला काटा और पुलिस के अनुसार वे उसका सिर काट कर अलग करना चाहते थे, पर ऐसा नहीं कर सके। एक दूसरे वीडियो में हत्यारों ने न केवल इस हत्या की तारीफ की, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की धमकी भी दी। यह मामला अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए को सौंप दिया गया है। इस बीच उदयपुर में कुछ हिंसक घटनाओं के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है, पूरे राजस्थान में एक महीने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध है तथा राज्य भर में 24 घंटे के लिए मोबाइल व इंटरनेट सेवायें बंद की गई हैं। अधिकारी अब सतर्क हैं, लेकिन यदि पहले स्थानीय पुलिस द्वारा थोड़ी सतर्कता बरती व कार्रवाई की गई होती तो हत्या तथा उसके बाद पैदा वर्तमान दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से बचा जा सकता था। अभी यह पूर्णतः स्पष्ट नहीं है कि हत्या का कारण क्या था। खबरों के अनुसार, कन्हैया लाल ने भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा का समर्थन किया था जो हाल में पैगंबर मुहम्मद पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के कारण चर्चा में थीं। लेकिन खबर यह भी है कि कन्हैया मोबाइल चलाना ही नहीं जानते थे। एक शिकायत के बाद जब उनको गिरफ्तार किया गया था तब उन्होंने बताया था कि उनके बच्चे ने गेम खेलते हुए गलती से यह आपत्तिजनक पोस्ट साझा कर दी थी। कन्हैया को गिरफ्तार किया गया था, पर अगले ही दिन 11 जून को उनको जमानत पर छोड़ दिया गया था।



सच्चाई चाहे जो हो, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उन्होंने पुलिस को स्वयं को मिलने वाली जान लेने की धमकियों की सूचना दी थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। एडीजी–कानून व्यवस्था हवा सिंह घुमरिया ने एक अखबार को बताया, '15 जून को उन्होंने एक लिखित शिकायत दी थी कि उनको जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं और उन्होंने पुलिस सुरक्षा की मांग की थी। संबंधित एसएचओ ने उन लोगों को बुलाया था जो कथित रूप से धमकियां दे रहे थे। इसके बाद दोनों समुदायों के पांच से सात जिम्मेदार लोग साथ बैठे और एक समझौते पर पहुंचे। एक हस्तलिखित पत्र में कन्हैया लाल ने कहा था कि अब वे किसी के खिलाफ और कार्रवाई नहीं चाहते हैं। इसलिए पुलिस ने सुरक्षा खतरे पर आगे कार्रवाई नहीं की।' ये सारी बातें सही हो सकती हैं, लेकिन सवाल है कि स्थानीय खुफिया विभाग क्या कर रहा था? यह पूर्णतः स्पष्ट है कि गौस मुहम्मद व रियाज अख्तरी का काफी सीमा तक उग्रवादीकरण हो गया था और उनका विश्वास था कि पैगंबर का अपमान करने वाले किसी व्यक्ति की हत्या कर देनी चाहिए। जैसा कि उन्होंने वीडियो में कहा, 'गुस्ताख़े नबी की एक ही सजा, सर तन से जुदा।' यह पाकिस्तान में मुस्लिम कट्टरपंथियों का मनपसंद नारा है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत तथा अनेक अन्य प्रमुख नेताओं ने कन्हैया लाल की हत्या की निन्दा की है। उन्होंने जनता से शांति बनाए रखने की अपील भी की है। लेकिन इसके साथ ही हमारे राजनेताओं को एक महत्वपूर्ण काम करना चाहिए। उनको कानून लागू करने वाली व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही राजनीति को कटुता से मुक्त कर स्वच्छ बनाना चाहिए।

# उच्च शिक्षा को सार्थक बनाना आवश्यक

शिक्षा के लिए अमेरिका जाने वाले भारतीयों को भारत में उपलब्ध विश्व–स्तरीय शिक्षा संस्थानों के बारे में बताया जाना चाहिए।



**एलएन झुनझुनवाला**
(लेखक एलएनजे भीलवाड़ा के अध्यक्ष हैं)

मेरा ध्यान 1945 व 1946 के समय में जाता है। मैं उस समय शुद्ध गणित का परास्नातक छात्र था। इस विषय के हम केवल 6 छात्र थे। हमारे प्रोफेसर श्री सत्यन बोस थे। वे एकदम सफेद धोती कुर्ता पहनते थे। हमारी कक्षायें तीसरी मंजिल पर होती थीं और वहां कोई लिफ्ट नहीं थी। बोस और आइन्सटीन किसी शोध परियोजना में सहयोग कर रहे थे जिसका नतीजा बोस–आइन्सटीन सिद्धान्त–बोसेन के रूप में सामने आया था। बोस मुझे प्यार करते थे और चाहते थे कि अध्ययन पूरा करने के बाद मैं अमेरिका की माउंट विल्सन नक्षत्रशाला में खगोलविज्ञान का अध्ययन करने जाऊं। लेकिन जब मैंने अपना अध्ययन जारी नहीं रखा तो उनको निराशा हुई। मैं बहुत गरीब परिवार से था। समुचित इलाज के लिए पैसे न होने के कारण 1936 में मेरी मां का निधन ट्यूबरकुलोसिस से हो गया था। मेरे परिवार को मुझसे बहुत उम्मीदें थीं। उनको उम्मीद थी कि पढ़ाई में बहुत होशियार होने के कारण मैं पैसा कमाऊंगा। लेकिन मैं बिजनेस में दक्ष हो गया। 1946 में पढ़ाई के साथ–साथ मैंने अपने चाचा से बिजनेस सीखना शुरू किया। 1946 में मैं पूरी तरह बिजनेस में आ गया और 2000 में उससे अलग भी हो गया। में 1951 से रामकृष्ण मिशन के बहुत निकट था। मिशन ने नरेन्द्रपुर में एक शानदार शिक्षा संस्थान स्थापित किया था। कोलकाता के बाहरी इलाके में स्थित इस संस्थान में लगभग 3,000 छात्र थे। कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे अच्छे 10 छात्रों में कम से कम दो नरेन्द्रपुर से होते थे। मैं छोटे पैमाने पर नरेन्द्रपुर जैसा कोई संस्थान स्थापित करना चाहता था जिसका संचालन रामकृष्ण मिशन के भिक्षु करें।

श्री अर्जुन सिंह उस समय मानव संसाधन विकास मंत्री थे। वे मध्य प्रदेश से थे जहां मैंने तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण ग्रेफाइट एलेक्ट्रोड प्लांट लगाया था। मैं उनके बहुत निकट आ गया। वे स्वामी आत्मानंद जी के भाषण सुनते थे और उनको उन्होंने भाषणों के लिए भोपाल में आमंत्रित किया था। मिशन के अनेक शिक्षा संस्थान थे, पर कोई विश्वविद्यालय नहीं था। उन्होंने गंगा नदी के किनारे विशाल परिसर में वेलूर मठ स्थापित करने का निर्णय किया। उन्होंने अर्जुन सिंह से मिलने के लिए भिक्षुओं का एक प्रतिनिधिमंडल भेजा। उनके साथ मेरी निकटता पर ध्यान देते हुए उन्होंने मुझसे उनके साथ जाने का अनुरोध किया। अर्जुन सिंह की प्रतिक्रिया बहुत अच्छी थी जिन्होंने एक महीने बाद अगली बैठक की तारीख तय की। रामकृष्ण मिशन के मन मं विश्वविद्यालय के लिए तीन विषय थे। पहला, आपदा प्रबंधन जहां बाढ़ व अकाल से निपटने का व्यावहारिक अनुभव मिले। दूसरा, ग्रामीण विकास तथा तीसरा, गरीबी उन्मूलन। मेरी इच्छा थी कि इसमें गणित को भी शामिल किया जाए ताकि उनके प्रदर्शन की तुलना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की जा सके। मेरी अर्जुन सिंह से मुलाकात हुई और बातचीत के दौरान मैंने गणित पर जोर दिया। वे काफी उत्साहित थे और मंत्रालय ने इस बारे में अपना होमवर्क किया था। एक अतिरिक्त सचिव तथा अन्य अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। मेरे साथ ही मिशन के पांच वरिष्ठ भिक्षु भी बैठक में उपस्थित थे। अर्जुन सिंह के जोर देने पर गणित को भी विषय के रूप में शामिल किया गया। वे इस प्रस्ताव से बहुत उत्साहित थे कि उप–कुलपति भौतिकी के विद्वान थे तथा मिशन कालेज में स्नातक छात्रों को पढ़ाते थे। एक और भिक्षु महान महाराज गणित के प्रतिष्ठित विद्वान तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त थे। मिशन का मानना था कि गणित शिक्षा का विस्तार किया जाएगा तथा शिक्षकों को अच्छा भुगतान किया जाएगा।

जहां अन्य विषयों में नोबेल पुरस्कार सम्मानित विद्वान थे, वहीं गणित में भी सुयोग्य व सक्षम विद्वान थे। मिशन इसके लिए 40 करोड़ रुपये का अनुदान चाहता था और श्री अर्जुन सिंह इस पर सहमत थे। मिशन ने पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए विद्वान की खोज शुरू की। सौभाग्य से एक बंगाली गणितज्ञ अभिजीत दत्त क्योटो विश्वविद्यालय में जापानी छात्रों के साथ शोध कर रहे थे। वे बंगाल आने के इच्छुक थे। उनके वापस आने पर रामकृष्ण मिशन विश्वविद्यालय भारत में गणितज्ञों का केन्द्र बन गया। इसके बोर्ड आफ गवनर्स में मिशन के चार भिक्षु तथा मंत्रालय के चार अधिकारी थे। अर्जुन सिंह ने मुझे भी बोर्ड में रखा। उन्होंने मिशन को बताया कि नौकरशाही से निपटने का मेरा व्यापक अनुभव है और में सहायक सिद्ध हूंगा। इस प्रकार मैं बोर्ड का सदस्य बन गया। दुर्भाग्य से 2011 में अर्जुन सिंह के निधन के पश्चात मंत्रालय से संबंध बनाए रखना कठिन हो गया। शारदा मठ की वरिष्ठ संन्यासिनियां एक बार विश्वविद्यालय आईं।



अभिजीत दत्त ने उनका स्वागत किया, जबकि उस समय वे हाफपैंट और टीशर्ट पहने थे। संन्यासिनियां इससे बहुत सहज नहीं थीं। हालांकि, किसी ने प्रोफेसर से कुछ कहा नहीं, पर धीरे–धीरे वे असहज अनुभव करने लगे। उन्होंने विश्वविद्यालय से इस्तीफा दे दिया और वापस क्योटो चले गए। यह दुर्भाग्यपूर्ण था। मेरी इच्छा थी कि मिशन का प्रोफेसर के साथ बेहतर व्यवहार होना चाहिए था। अर्जुन सिंह के निधन के बाद मेरी जानकारी के बिना मेरा नाम बोर्ड से हटा दिया गया। मैं इस घटना से प्रसन्न नहीं था।

2020 में मेरी मुलाकात आईआईटी के एक डीन से हुई। मैंने उनको बताया कि हमारे संस्थान द्वारा संचालित चार स्कूलों में पांच हजार छात्र हायर सेकेंड्री पढ़ रहे हैं। मैंने उनकी सहायता मांगी। वे मेरे संस्थानों में गए तथा हमारी शोध गतिविधियों से अत्यधिक प्रभावित हुए। हम इस संबंध में आईआईटी से जुड़ाव चाहते थे, लेकिन इसमें कोई सफलता नहीं मिली। हाल ही में मेरी बेटी ने स्कूलों में काफी दिलचस्पी दिखाई। मैंने आईआईटी के एक डीन के साथ बैठक तय की। उन्होंने काफी उत्साह दिखाते हुए मुझे संक्षेप में परास्नातक गणितज्ञों द्वारा गणित के क्षेत्र में शोध गतिविधियों की जानकारी दी। इसी प्रकार अब इलाहाबाद के हरीश चंद्र मैथ्स रिसर्च इंस्टीट्यूट से मेरा जुड़ाव हुआ। बेटी की सहभागिता तथा अपने अच्छे स्वास्थ्य व सतर्क मस्तिष्क के चलते मुझे उम्मीद है कि भारत एक दिन गणित के क्षेत्र मे सक्षम विद्वान पैदा करेगा। मैंने उप–कुलपति स्वामी आत्मप्रियानन्द जी से आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस को पाठ्यक्रम में शामिल करने का अनुरोध किया और इसके लिए 15 लाख रुपये दान दिए। उनका एक छात्र दक्षिण अफ्रीकी विश्वविद्यालय में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस–एआई पढ़ाता है और वह यहां आने का इच्छुक है। मुझे इससे कुछ बेहतरी की उम्मीद है। मुझे अपने मित्रों और परिवार से भी उम्मीद है। मेरा प्रपौत्र गणित अध्ययन के लिए अमेरिका गया था। दो साल बाद कैम्ब्रिज में गणित की एक शाखा में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए वह वहां चला गया। मुझे उम्मीद थी कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाएगा, पर उसकी गणित में दिलचस्पी समाप्त हो गई। यह आंकलन कठिन है कि विदेश में पांच साल शिक्षा ने उसका कुछ भला किया है। उसने संगीत का क्षेत्र चुना और उस्ताद फय्याज डागर से जुड़ गया। मैंने भी वोकल संगीत में अपनी दिलचस्पी पुनर्जीवित करने के लिए उसका साथ दिया। लेकिन उसने वोकल संगीत भी छोड़ दिया और अब वह सरोद बजाने के साथ मुंबई चला आया है क्योंकि उसके शिक्षक पूना में थे। मेरा एक प्रपौत्र विदेश में स्नातक होने के बाद बिजनेस करने लगा है। यह नतीजा निकालना कठिन है कि विदेशी शिक्षा ने उसकी सहायता की है। इसी प्रकार मेरी प्रपौत्री ने अमेरिका से आर्कीटेक्ट की शिक्षा प्राप्त की और वापस लौटने के बाद उसने एक आर्कीटेक्ट फर्म में अच्छा काम किया, लेकिन अब वह यह क्षेत्र छोड़ चुकी है।

अमीर लोगों की युवा पीढ़ी आजीविका के लिए कठोर श्रम नहीं करना चाहती है। वे अस्थाई सनक से प्रभावित होते हैं। अमेरिका चीन और भारत से आने वाले छात्रों से अरबों डालर कमाता है। भारत विदेशों में पढ़ने वाले छात्रों पर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करता है। अमीर परिवार हायर सेकेंड्री के बाद ही बच्चों को विदेश भेज देते हैं। स्नातक के बाद अमेरिका आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, अंतरिक्ष यात्रा, गणित, आदि में शिक्षा के लिए बहुत अच्छा है, लेकिन इससे हमें क्या मिलता है? बैंगलुरू में इंस्टीट्यूट आफ साइंस व एटामिक रिसर्च इंस्टीट्यूट विश्वस्तरीय हैं। आईआईटी अच्छी प्रगति कर रहे हैं। शिक्षा के लिए अमेरिका जाने वाले भारतीयों को ऐसे कुछ अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के बारे में सूचना दी जानी चाहिए।

# क्या अब भी कायम रहेगा महाविकास अघाड़ी का अस्तित्व?



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक हिंदी पायनियर लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)

भांति भांति के राजनीतिक स्वांग और कभी नरम, कभी गरम, कभी धमकी, कभी प्यार, कभी भावना का इज़हार, कभी दुर्भावना का प्रहार होता रहा लेकिन नतीजा वही आया जो आना था। उद्धव ठाकरे का बेमेल राजनीतिक मेल अंततः उनकी सरकार न बचा सका और अब नया संघर्ष मुंह बाए खड़ा है। यह संकट पार्टी बचाने के साथ साथ राजनीतिक प्रासंगिकता बचाए रखने का भी है। सत्ता का ढाई साल का सुखद दौर अब पीछे छूट चुका है। आगे की डगर कठिन भी है और अनिश्चित भी। और इसका बहुत कुछ आभास राकांपा प्रमुख शरद पवार के रुख से पता चलेगा जो महा विकास अघाड़ी सरकार के गठन के बाद उद्धब ठाकरे के राजनीतिक अभिभावक की भूमिका में उभरे हैं और अब निगाहें इस बात पर होगी कि क्या मराठा छत्रप की यह भूमिका सत्ता से इतर विपक्ष में भी जारी रहती है अथवा नहीं।

उद्धव ठाकरे अब मातोश्री और शिवसेना भवन में बैठ कर अपने पिता हिन्दू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे द्वारा स्थापित किंतु उनकी विचारधारा के प्रतिकूल सत्ताजनित आचरण कर चुकी पार्टी पर नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश करेंगे। और जो राजनीति का ककहरा समझता है वह यह भी समझता है कि यह कोई आसान लक्ष्य नहीं है। उद्धव समर्थक शिवसैनिकों द्वारा सड़कों पर टायर जलाने या किसी विरोधी के कार्यालय में तोड़फोड़ करने या फिर पोस्टर, होर्डिंग पर कालिख पोतने से लक्ष्य तो हासिल होगा ही नहीं उल्टे सत्ता परिवर्तन के बाद पुलिस का रवैया उद्धव समर्थकों के प्रति नरम या उदासीन नहीं रहने वाला। नई सरकार के गठन के साथ ही इस बदलाव को अभी से महसूस किया जाने लगा है।

सत्ता सुख भोगने और अंत तक उसे बनाए रखने के लिए जिस मुस्तैदी से राकांपा व कांग्रेस पार्टी उद्धव के साथ खड़ी दिखीं, क्या वही सिलसिला विपक्ष में आने के बाद भी पूर्व की भांति जारी रहेगा। जिस तरह उद्धव को सत्ता की चाशनी में लपेट कर बिना जनादेश के दोनों तरह की कांग्रेस ने सत्ता का सुख भोगा, क्या उसी तत्परता और लगन के साथ दोनों कांग्रेस उद्धव को अपने राजनीतिक आलिंगन में बनाए रखेंगी या राहें जुदा हो जाएंगी। कांग्रेस तो सत्ता में तीसरी पायदान के लिए इतनी व्याकुल थी कि उसने चंद साल पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे अशोक चह्वाण को मंत्री बनाने में भी राजनीतिक लज्जा महसूस नहीं की।



भारतीय जनता पार्टी के साथ शिवसेना का चुनावी गठबंधन विचारधारा के स्तर पर तो नैसर्गिक था ही, साथ में इस लिहाज से भी सुगम था कि राज्य की 288 विधानसभा सीटों और 48 लोकसभा सीटों का बंटवारा इन्हीं दो दलों के बीच होता था और दोनों की हिस्सेदारी कमोवेश बराबरी की होती रही थी। शिवसेना के लिए असहज स्थिति बाला साहब ठाकरे के निधन के बाद शुरू हुई जब उद्धव के नेतृत्व में शिवसेना बड़े भाई की भूमिका से छोटे भाई की भूमिका में आ गयी और अंतर इतना हो गया कि 2019 के लोकसभा चुनाव में शिवसेना के 56 के मुकाबले भाजपा के 106 विधायक आए। यानी लगभग दो गुने। जाहिर है कि शिवसेना के राजनीतिक हालात सुधारने के बजाय उद्धव ने भाजपा के साथ विश्वासघात कर उसे छोटा करने का प्रयास किया और इसका परिणाम आज सामने है। यही कारण है कि उद्धव के लिए अपने लोकसभा सदस्यों को अपने साथ रखना आसान नहीं है। राज्य सभा सदस्य भी पाला बदल सकते हैं और उनके लिए तो इस लिहाज से और भी लाभदायक स्थिति है कि राज्य सभा की सदस्यता छोड़ दें तो उसी सीट पर पुनः राज्य में सत्ताधारी दलों के बहुमत के आधार पर फिर से चुन कर आ सकते हैं।

अब उद्धव ठाकरे को शिवसेना पर न केवल पुनः अपना आधिपत्य जमाना है बल्कि इसे वैधानिक जामा भी पहनाना है। विधायकों ने तो उद्धव के राजनीतिक निर्णय से असहमत होकर उन्हें अल्पमत में ला खड़ा किया और अब यही खतरा सांसदों को लेकर उत्पन्न हो गया है। सांसदों खासकर लोकसभा सदस्यों को लेकर शिवसेना का धरातल कोई खास सशक्त नहीं लगता और इसे समझना कोई मुश्किल भी नहीं है। प्रायः सभी राजनीतिक प्रेक्षक यह मानते हैं कि राज्यों में विधानसभा चुनाव के मुकाबले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी का प्रभाव व अपील कहीं ज्यादा कारगर है।

इसको इसी तथ्य से समझा जा सकता है कि 2019 लोकसभा चुनाव के समय राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में सत्ता में काबिज कांग्रेस का राजस्थान व छत्तीसगढ़ में खाता नहीं खुला और मध्य प्रदेश में तत्कालीन सीएम येन केन प्रकारेण केवल अपनी परंपरागत छिंदवाड़ा सीट से अपने पुत्र को ही जिता सके। महाराष्ट्र में भी भाजपा–शिवसेना ने 48 में 40 से ज्यादा सीटें जीतीं। ऐसे में शिवसेना के लोकसभा सदस्यों का दोहरी चुनौती झेलना आसन्न है। अगर कांग्रेस व राकांपा से गठबंधन हो भी जाए तो भी दोनों कांग्रेस शिवसेना के लिए उतनी सीटें नहीं छोड़ेंगे जितनी भाजपा छोड़ती थीं। सीट मिल भी जाए तो भी लोकसभा चुनाव में मोदी की स्वीकार्यता और लोकप्रियता से पार पाना अत्यंत जटिल होगा। और इस तथ्य से शिवसेना व उसके सांसद भली भांति अवगत भी हैं। उद्धव ठाकरे राजनीतिक विरोधाभास में गहरे फंसे हुए हैं और यह उनकी आखिरी कैबिनेट बैठक में फिर से उभरा। उद्धव ने इस बैठक में औरंगाबाद व उस्मानाबाद के नाम बदल दिए जबकि कांग्रेस व राकांपा के साथ सरकार बनाने के बाद से वह शिवसेना के इस रुख से पलट गए थे। कांग्रेस व राकांपा ने उद्धव की मजबूरी पर दया खाकर इस निर्णय का विरोध नहीं किया लेकिन धरातल पर उनके लिए अपने समर्थकों को इसे समझाना आसान नहीं होगा। आसान तो विपक्ष में रहते हुए महा विकास अघाड़ी को बनाए रखना भी नहीं होगा। भाजपा को रोकने के नाम पर शिवसेना के साथ सरकार बनाना एक बात है और मिलकर चुनाव लड़ना दूसरी। शरद पवार क्या अस्तित्व बनाए रखने के लिए जूझ रहे उद्धव के लिए विपक्षी खेमे में कोई सम्मानित स्थान सुरक्षित कार पाएंगे या फिर तीन दलों की बेमेल व बेतुकी राजनीतिक त्रिवेणी सत्ता की खुमारी उतरने के साथ ही फिर पुरातन अवस्था में लौट जाएगी?

## आप की बात

### आतंक पर प्रहार जरूरी

**उदयपुर** का कन्हैया लाल हत्याकांड एक योजनाबद्ध साजिश थी।और इसके तार आतंकवादी संगठनों से जुड़े हुए पाए गए। जिन का रहनुमा पाकिस्तान हैं। हत्यारों ने खुद ही वीडियो जारी करके ठोस सबूत पेश कर दिए हैं। इसके पूर्व पुलिस ने कार्यवाही में भी पर्याप्त सबूत उपलब्ध है। अतः इस मामले में और अधिक देरी नहीं करते हुए इसकी सुनवाई के लिए विशेष अदालत का गठन करके हत्यारों को तत्काल सजा सुनाई जाना चाहिये। लेकिन इन दो हत्यारों को सजा देने से सिर्फ पेड़ के पत्ते की टूटेंगे। आतंकवाद की जड़ पर प्रहार करना है तो इसके मूल स्त्रोत पर जाना होगा, कि कैसे पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों से यहां के युवा जुड सकें। हमारा गुप्तचर विभाग क्या कर रहा है? कैसे इन लोगों को भरपूर पैसा मिल रहा है? मदरसों और मस्जिदों में मौलवी और धर्म गुरु इन्हें शांति का संदेश क्यों नहीं पड़ा पड़ा पाते हैं। आज उत्तर प्रदेश देश का ऐसा राज्य है जहां कोई ऐसी घटिया दुस्साहस भरी हरकत नहीं कर सकता। तो फिर देश के अन्य राज्यों में भी क्यों नहीं ऐसी व्यवस्था की जाती। और आतंकवाद का प्रशिक्षण देने वाले मदरसों को देशभर में क्यों नहीं प्रतिबंधित किया जाता है?

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**केंद्र** सरकार 1जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने जा रही है। केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को बताया कि एस यूपी से बनी 19 वस्तुओं को पहचान की गई है, जिसे मंत्रालय ने 12 अगस्त 2021 को अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम 2021 जारी कर प्रतिबन्ध लगाने की घोषणा किया था। जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल की स्टिक बवाले ईयर बड्स, झंडे गुब्बारे कैंडी स्टिक, प्लेट, कप ग्लास तश्तरी काटे चम्मच आदि पर प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। इस प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करने के लिये केंद्र और राज्यो में विशेष प्रवर्तन दल निगरानी करेंगे और इन सिंगल यूज उत्पादों को लाने या ले जाने के लिये सीमा जांच केंद्र बनाए जाएंगे। सीपीसीबी के एप पर लोग शिकायत कर सकेंगे। भारत मे पहले भी पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक कचड़े को रोकने की पहल किया था। देश में 40 लाख टन से अधिक प्लास्टिक कचड़ा निकलने का अनुमान लगाया जाता है। जिससे हमारी जमीन,वन झील, नदिया,समुद्र,पहाड़ वन्य एवं जलीय जीवजंतुओं,पालतू पशुओं पर भी इनका हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### माया मिली न राम!

**लालच** में डूबी सत्ता और टूटी शिवसेना। उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री बनने के अति महत्वाकांक्षी फैसले और भाजपा से नाता तोड़ बेमेल दलों से जोड़तोड़ करने के कारण उनके परिवार की बपौती शिवसेना भी टूटी और सत्ता भी ढाई साल में हाथ से निकल गई। साथ ही मतदाताओं का विश्वास भी खोया। काश पहले ही भाजपा से मिलकर सरकार में शिवसेना शरकत कर लेती तो बेहतर फोर्टफोलियों में उद्धव ठाकरे और उनके सहयोगियों को सरकार में मिलता, सत्ता भी पूरे समय बनी रहती, शिवसैनिक भी उनका मजबूत नेतृत्व बना रहता, बेमेल विचारधाराओं के दल के गठबंधन का काला धब्बा में उनपर नहीं लगता जिस उद्देश्य (हिंदुत्व) के लिए शिवसेना की स्थापना बालासाहब ठाकरे ने की थी। और शिवसेना व परिवार की साख भी बरक़रार रहती। आखिर सत्ता की मिठास (मुख्यमंत्री बनने के लालच) में उद्धव ठाकरे ने सत्ता भी गंवाई और शिवसेना की साख भी। दोनों तरफ से गए उद्धव जी जिन्हें माया मिली न राम।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**उप** मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एक उचित प्रशासनिक कार्रवाई का अनावश्यक राजनीतीकरण कर रहे हैं।

– **वी.के. सक्सेना**
दिल्ली के उप राज्यपाल



**सात** लोकतंत्र रूस के खिलाफ प्रतिबंध जरूरत रहने तक बनाए रखेंगे। रूस को जीतना नहीं चाहिए।

– **इमैनुअल मैक्रां**
फ्रांस के राष्ट्रपति



**दिनदहाड़े** नृशंस हत्या से स्पष्ट है कि अपराधी इस राज्य सरकार में विश्वास से भरे थे।

– **वसुंधरा राजे**
राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री



लोकभवन में वृहद ऋण मेले के अवसर पर लाभार्थियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## राजस्व संग्रह में मेरठ मंडल रहा फिसड्डी, बस्ती सबसे बेहतर

# कम वसूली पर अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्टाम्प** तथा पंजीयन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जून माह में जारी किए गए कर-संग्रह आंकड़ों के अनुसार मई 2022 में मेरठ मंडल का प्रदर्शन प्रदेश भर में सबसे खराब रहा जबकि बस्ती मंडल का प्रदर्शन सबसे बेहतर। स्टाम्प पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश महानिरीक्षक निबंधन की ओर से मई 2022 तक जारी किए गए कर-संग्रह आंकड़ों के अनुसार कर तथा करेत्तर राजस्व प्राप्तियों में मासिक लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व संग्रह में मेरठ मंडल ने 739.53 करोड़ रुपए के राजस्व संग्रह के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 490.93 करोड़ रुपयों का राजस्व संग्रह किया जो लक्ष्य का मात्र 66.4 प्रतिशत रहा। जबकि बस्ती मंडल द्वारा मासिक लक्ष्य के सापेक्ष 98 प्रतिशत राजस्व संग्रह कर प्रथम स्थान हासिल किया गया है। बस्ती मंडल के लिए मई माह का निर्धारित लक्ष्य 38.81 करोड़ रुपए था जिसके सापेक्ष 38.03 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रह किया गया। मई 2022 में खराब प्रदर्शन करने वाले मंडलों में मेरठ के बाद क्रमश: कानपुर व आगरा मंडल रहे। जिन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष क्रमश: 68.5 प्रतिशत तथा 72.6 प्रतिशत प्रदर्शन किया। अच्छा प्रदर्शन करने वाले मंडलों में लखनऊ दूसरे तथा चित्रकूट तीसरे स्थान पर रहा। जिनका लक्ष्य सापेक्ष प्रदर्शन क्रमशः 97.7 प्रतिशत तथा 97.2 प्रतिशत रहा। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निर्धारित वार्षिक राजस्व संग्रह के लक्ष्य के सापेक्ष मई माह तक अच्छा प्रदर्शन करने वाले मंडलों में 16.5 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के साथ लखनऊ मंडल प्रथम तथा 15.1 प्रतिशत प्राप्ति के साथ सहारनपुर मंडल दूसरे स्थान पर रहा है। रविंद्र जायसवाल ने पिछड़ा प्रदर्शन करने वाले मंडलों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे लक्षित कर-संग्रह की प्राप्ति सुनिश्चित करें। अपेक्षित लक्ष्य की प्राप्ति ना होने पर कार्य की गहन समीक्षा की जाएगी।

## लघु सिंचाई के हर इंजीनियर को मिली मनचाही पोस्टिंग

# 9 मिनट में 2 दर्जन से ज्यादा इंजीनियरों का तबादला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एक** दो नहीं, तबादले के दायरे में 2 दर्जन से ज्याद इंजीनियर और सबको मनचाही तैनाती। वह भी केवल 9 मिनट में। तबादलों का यह पारदर्शी और सबसे अलग उदाहरण पेश किया गुरुवार को लघु सिंचाई विभाग ने। प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव ने जल निगम सभागार में तबादले के दायरे में आने वाले इंजीनियरों को एक साथ बुलाया और सबको मेरिट व वरिष्ठता के आधार पर स्कीन पर दिख रहे रिक्तियों को चुनने का मौका दिया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान हैदाराबाद से जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुड़े रहे। जलशक्ति मंत्री ने तबादले की इस पारदर्शी प्रक्रिया की सराहना करते हुए मनचाहा विभाग पाए इंजीनियरों से इसी पारदर्शी तरीके से काम करने का आह्वान किया। प्रमुख सचिव ने जल निगम सभागार में ही इंजीनियरों को नई तैनाती का नियुक्ति पत्र भी दे दिया। जल निगम मुख्यालय के सभागार में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से हैदराबाद से जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह स्क्रीन पर थे। दूसरी तरफसभागार में एक टेबिल पर प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव और तबादले के दायरे में आने वाले इंजीनियर साथ बैठे थे। प्रमुख सचिव की मौजूदगी में एक-एक करके इंजीनियरों ने जलशक्ति मंत्री को अपनी मनचाही पोस्टिंग बताई। जिसको उन्होंने स्वीकार करते हुए नियमानुसार रिक्त स्थानों पर प्रमुख सचिव को नियुक्ति के निर्देश दिये। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों को पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और मेहनत से काम करें। उन्होंने कहा कि जिस पारदर्शी तरीके

## मातृभूमि योजना के तहत उप्र के मूल निवासियों को मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** पंचायती राज विभाग ने उप्र में मातृभूमि योजना के तहत उप्र के मूल निवासियों को इस योजना से जुड़कर विकास में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके तहत उप्र के मूल निवासी ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति प्रदान कर सकेंगे। साथ ही उन्हें नवीन तकनीकी विचारों के समावेश व निजी निवेश तथा सुपरविजन से विकास कार्य की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी के साथ उनको तीव्र गति से लागू करने में सहयोग भी देना है। पंचायती राज निदेशक अनुज कुमार झा ने दी है। उन्होंने बताया कि उप्र के मूल निवासियों को मातृभूमि के विकास के लिए ग्राम पंचायत में विकास कार्य, अवस्थापना सुविधा का विकास व पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत अनुमन्य ग्राम पंचायतों में, यदि कार्य करने के इच्छुक हों तो, उस कार्य की लागत का 60 प्रतिशत की धनराशि का सहयोग उस व्यक्ति, निजी संस्था द्वारा एवं 40 प्रतिशत की धनराशि राज्य सरकार द्वारा दिये जाने का प्राविधान है। इच्छुक व्यक्ति मातृभूमि योजना में ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराये जाने व सहयोग के लिए आनलाइन ट्रांजक्शन की सुविधा मातृभूमि की वेबसाइट पर की गयी है। उन्होंने बताया कि विकास कार्य कराये जाने के लिए सहयोग के इच्छुक व्यक्ति को सर्वप्रथम मातृभूमि की वेबसाइट पर पंजीकृत कराना होगा। इसके पश्चात भारतीय को पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर सहयोग किये जाने हेतु प्राप्त हुए यूजर आईडी/पासवर्ड भेजे जायेंगे। जिसके द्वारा मातृभूमि की वेबसाइट पर लागिन कर जनपद-विकासखण्ड-ग्राम पंचायत के सापेक्ष आनलाइन सहयोग किया जायेगा।

# एशियाई विकास बैंक के कंट्री डायरेक्टर ने कैबिनेट मंत्री एके शर्मा से की मुलाकात



- प्रदेश में विद्युत व्यवस्था एवं नगरीय विकास के क्षेत्र में सहयोग एवं नवीन तकनीक पर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा से आज उनके कार्यालय कक्ष में भारत के लिए एशियाई विकास बैंक के कंट्री डायरेक्टर मि केनिची योकोयामा ने अपने प्रतिनिधियों, तकेयो कोनिशी एवं विवेक विशाल के साथ मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने एडीबी के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में ऊर्जा एवं नगरीय विकास के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के प्रयोग तथा नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के सम्भावित क्षेत्रों के विकास पर चर्चा की। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एशियन विकास बैंक की सहायता से बहुत से विकास के कार्य किए जा सकते हैं, जिसमें विशेष रूप से ऊर्जा एवं नगर विकास के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में एडीबी की सहायता से प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जर्जर तारों को बदलकर उनके स्थान पर एबीसी केबल लगाने और बिजली की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए भी सहयोग लिया जा रहा है और आगे भी इन क्षेत्रों में सहयोग मिले, इस पर भी चर्चा हुई। साथ ही ट्रांसफार्मर्स एवं फीडरों की ओवरलोडिंग की समस्या से छुटकारा पाने के लिए एडीबी की सहायता से इस पर अध्ययन करने तथा कमियों को दूर करने पर भी चर्चा हुई। प्रदेश में बिजली के पारेषण एवं वितरण की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एडीबी की तकनीकी सहायता लेने तथा प्रदेश में थर्मल, हाइड्रो एवं नवीनीकृत ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भी एडीबी की तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन मिले, इस पर चर्चा हुई। नगर विकास मंत्री ने एडीबी के शिष्टमण्डल के साथ प्रदेश में नगरीय विकास के लिए नगरीय क्षेत्रों की उचित प्लानिंग के साथ नगर के मुख्य क्षेत्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बढ़ाने तथा लोगों को सुगम यातायात मिले, इसके लिए सक्षम यातायात विकसित करने के साथ इन क्षेत्रों में जल संसाधनों को विकसित करने पर भी चर्चा हुई। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों की साफ-सफाई से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों, कूड़ा कचरे के व्यवस्थापन के लिए एडीबी की सहायता मिले, जिससे कि सॉलिड एवं लिक्विड कूड़े के निस्तारण के साथ ही संसाधनों को विकसित करने पर भी बात हुई।

## प्रदेश की 20 जेलों के जेलर बदले गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजी** कारागार आनंद कुमार ने प्रदेश की 20 जेलों के जेलर (कारापाल) का तबादला कर दिया है। वहीं पिछले दिनों प्रोन्नत होने वाले 15 डिप्टी जेलर (उपकारापाल) को भी जेलर पद पर नई तैनाती प्रदान की गई है। कारागार मुख्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि 14 जेलर का तबादला वर्तमान तैनाती वाली जेल में तीन साल का निर्धारित कार्यकाल पूरा करने की वजह से किया गया है जबकि छह जेलर ऐसे हैं जिन्हें अनुशासन के दृष्टिगत जिन जेलों में ड्यूटी पर लगाया गया था उन्हें अब वहीं पर स्थायी तैनाती प्रदान कर दी गई है। इस फेरबदल में शिव प्रताप मिश्र को आगरा से जिला कारागार गोंडा, राजेंद्र प्रताप चौधरी को प्रतापगढ़ से जिला कारागार सहारनपुर, आदित्य कुमार को बदायूं से जिला कारागार महराजगंज, राजेंद्र सिंह को मेरठ से जिला कारागार लखनऊ, राजेश कुमार पांडेय-1 को सहारनपुर से जिला कारागार प्रतापगढ़, कुश कुमार सिंह को कानपुर देहात से जिला कारागार रामपुर, सुनीत कुमार को उरई से केंद्रीय कारागार वाराणसी, प्रेम सागर शुक्ला को गोरखपुर से जिला कारागार उरई, अरविन्द कुमार श्रीवास्तव को महराजगंज से जिला कारागार सीतापुर, अपूर्वव्रत पाठक को सुल्तानपुर से जिला कारागार बरेली, दीपांकर भारती को गोंडा से केंद्रीय कारागार आगरा, राम कुबेर सिंह को इटावा से नारी बंदी निकेतन, राकेश वर्मा-2 को बरेली से जिला कारागार मेरठ और राकेश कुमार वर्मा को रामपुर से जिला कारागार गाजीपुर में जेलर के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। प्रवक्ता ने बताया गोविन्द राम वर्मा को केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ से जिला कारागार संतकबीरनगर, जगदम्बा प्रसाद दुबे को केंद्रीय कारागारा वाराणसी से जिला कारागार सोनभद्र, ब्रज किशोर गौतम को केंद्रीय कारागारा फतेहगढ़ से जिला कारागार आगरा, बद्री प्रसाद को केंद्रीय कारागार नैनी से केंद्रीय कारागार फतेहगढ़, महेंद्र पाल को चित्रकूट से उप कारागार देवबंद और अंजनी कुमार गुप्ता को लखनऊ केंद्रीय कारागार इटावा मे समायोजित कर दिया गया है। इसके अलावा प्रोन्नति पाने वाले संजय कुमार राय को सुल्तानपुर से जिला कारागार पीलीभीत, अनिल कुमार पांडेय को सिद्धार्थनगर से जिला कारागार कानपुर नगर, किशोर कुमार दीक्षित को देवरिया से जिला कारागार लखनऊ, प्रदीप कुमार काश्यप को आगरा से जिला कारागार गोरखपुर, राजेश कुमार को कानपुर देहात से जिला कारागार सुल्तानपुर, कुंवर रणंजय सिंह को सीतापुर से जिला कारागार बदायूं में तैनात किया गया है।

# मानसून की पहली छींट पड़ते ही खुली विकास के दावों की पोल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में मानसून की पहली छींट पड़ते ही भाजपा राज में विकास के मुख्यमंत्री के दावों की पोल खुलने लगी है। खुद उनका ही गृहनगर गोरखपुर भाजपाई भ्रष्टाचार का भाजपा ताल 'जल नगर' बन गया है। झमाझम बारिश में राप्ती काम्पलेक्स और बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता शहरी कार्यालय में पानी भर गया। भाजपा सरकार हर घर नल का नारा दे रही है, नल से जल तो आया नहीं, हर घर जल में जरूर डुबो दिया। वैसे उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार का नाला लबालब है। अखिलेश ने कहा कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के नगरिया क्षेत्र में जल भराव से लोग त्रस्त है। यहां शहर के हर इलाके में बारिश में घंटों पानी भरा रहा। पिंक कॉरिडोर के रूप में विकसित दशाश्वमेध घाट पर घुटने भर पानी का जमाव हो गया। कई इलाकों में दुकानों में पानी घुस गया। गदौलिया से दशाश्वमेघ मार्ग तक पानी भर गया। राजधानी लखनऊ में बरसात के दिनों के पुराने अनुभवों से लाभ उठाने और जलभराव से बचाव के बारे में अधिकारी सजग नहीं है। शहर के बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों की स्थिति ठीक नहीं है। कहीं पम्पों की दशा ठीक नहीं, तो कहीं डीजल का अभाव है। नालों की सफाई में भी लापरवाही हो रही है। हैदर कैनाल समेत शहर के 88 से ज्यादा नालों पर अवैध कब्जे हो चुके हैं। इन नालों के किनारे तमाम अवैध बस्तियां बस गई हैं। नालों की चौड़ाई सिमट गई है। तेज बारिश में नाला उफना गया है, जिससे निचले इलाकों में तबाही मच गई है। उन्होंने कहा कि दावे चाहे जितने किए जाएं, हकीकत में नालों की सफाई के काम में सिर्फ भ्रष्टाचार ही नजर आता है। नालों की सिल्ट निकाल कर किनारे डाल दी जाती है जो बरसात होते ही फिर नालों में चली जाती है। तमाम कूड़ा कचरा भी इनमें डाला जाता है। निरीक्षण के नाम पर अफसरों की खानापूरी जनता पर भारी पड़ रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सवाल यह है कि जब पहली बारिश में ही जनता जल भराव और आकाशीय बिजली गिरने के संकट में जूझने को विवश हुई है, तो मानसून की कई दिनों तक होने वाली बारिश में क्या होगा? मुख्यमंत्री ने प्रारम्भिक तैयारियों के निर्देश देने की खबर तो खूब छपवाई पर हकीकत में हुआ कुछ नहीं है। वैसे भी जब कुछ नदियां और नाले उफनाने वालें हैं तब मुख्यमंत्री की बैठकों का क्या औचित्य है।

### दिवंगत जवानों को अखिलेश ने दी श्रद्धांजलि

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मणिपुर लैण्ड स्लाइड हादसे के कारण जान गंवाने वाले जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है। यादव ने आशा जताई है कि रेस्क्यू ऑपरेशन समय रहते मलबे में दबे लोगों को बचाने में सफल होगा। इस बचाव कार्य में लगे लोगों की सहायता एवं सहयोग करने के लिए आसपास के सभी नागरिकों से भी अपील की है।

# यूपीए ने साझा उम्मीदवार तय करते समय बसपा को कभी विश्वास में नहीं लिया

## भाजपा भी कांग्रेस से दो कदम आगे ही बढ़ती हुई नजर आ रही है

- महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम पर मायावती ने कहा
- समीक्षा बैठक में मायावती ने 2024 में पिछला प्रदर्शन दोहराने को लेकर भरा जोश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**देश** में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव में द्रोपदी मुर्मू को समर्थन पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि बीएसपी का अनुसूचित जनजाति समाज की महिला द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का फैसला किसी व्यक्ति अथवा पार्टी विशेष की बजाय उपेक्षित एसटी समुदाय के बहुजन समाज के अभिन्न अंग होने के नाते ही लिया गया है। पार्टी ने यह फैसला स्वतंत्र होकर लिया है तथा यह न तो सत्ताधारी एनडीए के पक्ष में है और ना ही विपक्षी यूपीए के विरुद्ध। इतना जरूर है कि यूपीए ने अपना साझा उम्मीदवार तय करते समय बीएसपी को कभी भी विश्वास में नहीं लिया और ना ही सलाह-मशवरा ही किया। गुरुवार को पार्टी कार्यालय पर 18 मण्डलों के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक अस्थिरता व दलबदल गतिरोध तथा सत्ता पलटने के धनबल के खुले खेल से जनहित व जनकल्याण के लगातार प्रभावित होने पर गंभीर चिन्ता प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी राजनीति व जुगाड़ की सत्ता से देश व यहाँ की जनता का कभी भी सही भला नहीं हो सकता है बल्कि केवल कुछ लोगों का राजनीतिक व आर्थिक स्वार्थ का जरूर तुष्टीकरण हो जाएगा। कांग्रेस ने भी ऐसा ही गंदा खेल बीएसपी के साथ राजस्थान आदि राज्य में बार-बार खेला है और अब भाजपा भी उसी के नक्शेकदम पर चलकर उससे दो कदम आगे ही बढ़ती हुई नजर आ रही है, जो अति-दु:खद व दुर्भाग्यपूर्ण है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने हाल ही में हुए आजमगढ़ एवं रामपुर लोकसभा सीट के उपचुनाव परिणाम को पार्टी के लिये उत्साहजनक बताते हुए पदाधिकारियों से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का निर्देश दिया है, जिससे 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी पुराने प्रदर्शन को दोहरा सके। बैठक में उन्होंने पिछली समीक्षा बैठकों के प्रगति रिपोर्ट की मण्डलवार गहन समीक्षा की तथा इनके अमल में पाई जाने वाली कमियों को यथासमय दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी को काफी सजग होकर आगे काम करना है। केन्द्र व यूपी सहित सभी राज्य सरकारों से खासकर साम्प्रदायिक व जातिवादी नफरत, हिंसा व वैमनस्य फैलाने वालों के खिलाफ बिना भेदभाव के तथा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कार्रवाई करने की माँग करते हुए मायावती ने कहा कि ऐसी कार्रवाइयों के अभाव में जनता का खासकर कानून-व्यवस्था के मामले में विश्वास जीतना कैसे संभव हो सकता है? उन्होंने लोगों से भी हर कीमत पर शान्ति-व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की। सरकारी नौकरियों आदि की तरह ही सेना में भी ठेके की अस्थाई तौर पर 'अग्निवीरों' की भर्ती के बारे में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को देश की सुरक्षा से सम्बंधित ऐसी दूरगामी प्रभाव वाली रक्षा नीति बनाने व उस पर अमल करने से पहले विस्तार से व पूरी गंभीरता के साथ सभी पक्षों से जरूर विचार-विमर्श कर लेना चाहिए था। ऐसा न होने का ही परिणाम है कि इस नई नीति को लेकर, पहले भूमि अधिग्रहण व फिर उसके बाद किसान आन्दोलन की तरह ही, पूरे देश में खासकर ग्रामीण नौजवानों व उनके परिवार वालों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

# सात दिनों में 19430 स्थानों पर छापे, 81885 लीटर अवैध शराब बरामद, 792 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अवैध** शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बीते सात दिनों में प्रदेश में 19430 छापे मारे गए, जिसमें 2695 मुकदमे दर्ज किए गए तथा 81885 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। शराब बनाने के लिए किए गए 183126 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट करते हुए अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 792 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 287 अभियुक्तों को जेल भेजा गया तथा 28 वाहन जब्त किए गए। शासन के निर्देश पर प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, तस्करी एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए बीती 21 जून से 5 जुलाई तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के अड्डों के विरुद्ध निरन्तर सघन छापेमारी की जा रही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय व राज्य के राजमार्गों पर रोड चेकिंग एवं संदिग्ध ढाबों की जांच लगातार जारी है। टीमों द्वारा आबकारी दुकानों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन ने बताया कि एनसीआर में दिल्ली राज्य से सस्ती और अवैध शराब लाकर राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले हर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की निगरानी आबकारी विभाग लगातार कर रहा है तथा उन पर पैनी नजर रखी जा रही है। नोएडा तथा गाजियाबाद के क्षेत्रों में दिल्ली राज्य से लगने वाले सीमा पर अस्थाई रूप से 7 चेकिंग प्वाइंट बनाये गए हैं, जहाँ आबकारी टीमें निरन्तर रात दिन चेकिंग का कार्य कर रहीं हैं। इसके अतिरिक्त पेरीफेरल मार्ग पर भी आबकारी की टीमें लगी हुई हैं तथा चेकप्वाइंट पर कई प्रभारों-मुरादाबाद, बरेली, आगरा तथा मेरठ की प्रवर्तन इकाईयों को अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगाया गया है। चेकिंग में स्थालनीय प्रशासन, पुलिस, परिवहन, जीएसटी विभाग से भी लगातार सहयोग लिया जा रहा है।

## भाजपा सांसद निरहुआ के भाई सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी

**लखनऊ।** आजमगढ़ से भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद एवं भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ के बड़े भाई विजय लाल यादव बृहस्पतिवार को बराबंकी के सुबेहा थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने विजय लाल यादव को इलाज के लिए मेंदाता अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार यह हादसा उस वक्त हुआ जब विजय लाल यादव अपने दोस्तों के साथ फार्च्यूनर कार से आजमगढ़ से लखनऊ आ रहे थे। कार की रफ्तार काफी तेज होने के कारण ड्राइवर अपना संतुलन खो बैठा और कार डिवाइडर से टकराने के बाद तकरीबन 20 फिट हवा में उछल गई। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अभिनेता निरहुआ ने ट्वीट करके इस हादसे की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उन्हें तुरंत मेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया हैए जहां उनका इलाज जारी है। इसके साथ ही अभिनेता ने अपने सभी फैंस से उनके भाई के जल्द ही स्वस्थ होने की कामना करने की भी अपील की। विजय लाल यादव सपा सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री रह चुके हैं। सपा पार्टी के सदस्य के रूप में इस बार आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में प्रचार करते भी नजर आए थे।

## योगी ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। एक शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को महान चिकित्सक, प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी एवं राजनेता डॉ बी सी रॉय की जयन्ती एवं पुण्य तिथि पूरे देश में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनायी जाती है। यह दिवस चिकित्सकों द्वारा की जा रही समाज सेवा के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों के योगदान से सभी अवगत हैं। कोरोना काल खण्ड में डॉक्टरों के योगदान के लिए हम सभी उनके आभारी हैं। हमारे चिकित्सकों ने फ्रण्टलाइन कोरोना वॉरियर्स के रूप में मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। अपने प्राणों की परवाह न करते हुए चिकित्सकों ने एक-एक मरीज की जीवन रक्षा के लिए निरन्तर कार्य किया।

## पांच एयरपोर्ट के संचालन को लेकर एमओयू आज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में 1 जुलाई को अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, म्योरपुर (सोनभद्र) तथा श्रावस्ती एयरपोर्ट्स के संचालन एवं प्रबन्धन के सम्बन्ध में प्रदेश सरकार तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य एमओयू का निष्पादन किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने दी।

# डीएम ने देखीं बाढ़ से बचाव की तैयारियां

संवाददाता। सीतापुर



**जिलाधिकारी** अनुज सिंह ने गुरूवार को तहसील बिसवां क्षेत्रान्तर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों एवं बाढ़ चौकियों का निरीक्षण कर बाढ़ से राहत एवं बचाव के लिये की गयी व्यवस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने बाढ़ चौकी मारूबेहड़ (चहलारी रोड) के अतिरिक्त ग्राम पासिनपुरवा, गोलोक कोड़र, चहलारी घाट आदि गांवों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। बाढ़ से बचाव के लिये बनाये गये बांधों की स्थिति को भी देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बाढ़ राहत से संबंधित समस्त कार्यों को समय से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। बाढ़ चौकी पर आवश्यक राहत सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों एवं पशुओं को समय से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचानें हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। तटों के अधिक नजदीक बसे लोगों को कम से कम 50 मीटर पीछे अवश्य हटने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दी। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली तथा समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बम्बू क्रेटिंग के साथ-साथ अन्य कटान रोधी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानों, लेखापालों को निर्देशित किया कि तहसीलदार से समन्वय करते हुये सूचनाओं का समय से अदान प्रदान सुनिश्चित करें व बाढ़ बचाव हेतु सिंचाई विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों में सहयोग करें। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाईटों की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। सर्च लाईट, पेट्रोमेक्स अन्य आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि बढ़ते बाढ़ के स्तर की सूचना तत्काल जनता को अवश्य दी जाये। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बेसहारा पशुओं के लिये पर्याप्त आश्रय स्थल एवं भूसा व हरा चारा का प्रबंध करने के निर्देश देते हुये उन्हें आश्रय स्थलों तक पहुंचानें हेतु आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश भी दिये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बेसहारा पशुओं को फल इत्यादि भी खिलाया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अविचल प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता शारदा नहर विशाल पोरवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर के विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने बैठक कर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर

**नगर व तहसील** क्षेत्र के विभिन्न हिंदूवादी अनुषांगिक संगठनों ने खत्रीयाना चौराहा स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में राजस्थान के उदयपुर में घटित घटना को लेकर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू युवा वाहिनी, हिंदू महासभा व भाजपा कार्यकर्ताओं ने मृत आत्मा कन्हैया टेलर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए कामना की गौरतलब है कि राजस्थान के उदयपुर में घटित इस हृदय विदारक घटना के चलते पूरे देश के हिंदू जनमानस में एक शोक व वेदना की लहर फैल गई जिसके चलते स्थानीय प्रशासन बीते सोमवार से ही हाई अलर्ट मोड पर रहा बीते मंगलवार की शाम को अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव दीक्षित पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह के निर्देशन कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य चौराहों पर फ्लैग मार्च किया गया इसके साथ बुधवार को प्रातः काल कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह नगर के विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के साथ बैठक कर समाज में अमन व शांति कायम रखने के लिए उपस्थित विभिन्न हिंदू वादी अनुषांगिक संगठन के नेताओं से अपील कर निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार का कोई जुलूस यात्रा प्रदर्शन आज न करके किसी विशेष स्थान पर एकत्र होकर हम लोगों को सूचित करें वहीं आकर हम आपका ज्ञापन प्राप्त कर लेंगे इसके साथ ही शाम को नगर व क्षेत्र की दोनों समुदायों को कोतवाली परिसर बुलाकर पीस कमेटी की बैठक का भी आयोजन किया इसी क्रम में बुधवार को देर शाम नगर के खत्रीआना चौराहे स्थित राधाकृष्ण मंदिर में हिंदूवादी संगठनों द्वारा एक शोक व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्र व पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह को सौंपा गया राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन में मृतक कन्हैया टेलर के परिवार की सुरक्षा व परिजनों को आर्थिक सहयोग व परिवार के सदस्य को नौकरी देने की मांग की गई व राजस्थान सरकार द्वारा बरती जा रही लापरवाही की घोर निंदा भी की गई इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह नगर चौकी प्रभारी जेपी यादव भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे.. शोक व श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य वीरेंद्र पुरी भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी हिंदू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष विवेक पुरी भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश कुमार बाजपेई, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री मयंक टंडन, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बंशीधर पाठक, भाजपा नगर महामंत्री वीरेंद्र मिश्र ,आकाश रस्तोगी, प्रमोद बाजपेई एडवोकेट, भगवान दीन त्रिवेदी, नगर पालिका सभासद राजू तिवा,री सौरभ पुरी, निखिल मेहरोत्रा ,उमेश मेहरोत्रा, रामानंद अवस्थी, हिंदू युवा वाहिनी के नगर प्रभारी निर्भय पांडे, अमित पाठक, प्रखर पांडे, महेंद्र मिश्र, नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष विनीत जायसवाल सहित विभिन्न हिंदू वादी अनुषांगिक संगठनों के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीसी संचालक ने उड़ा दिए उपभोक्ताओं के लाखों रुपए

संवाददाता। बेहजम खीरी



**साइबर क्राइम** से बचने के लिए जहां सरकार के निर्देशानुसार बैंकों के साथ पुलिस विभाग भी लोगों को जागरूक करने के लिए चौपालों का आयोजन किया जा रहा है वहीं बेहजम कस्बे की इंडियन बैंक (इलाहाबाद बैंक) के द्वारा विगत वर्षों में गांवों में ग्राहक सेवा केंद्र खोले गए थे जिसमें उपभोक्ताओं को छोटी जमा निकासी के लिए गांव से निकलकर बैंक तक न जाना पड़े। इसके लिए बैंकों के द्वारा गांव में ग्राहक सेवा केंद्र खोलकर लोगों को सुविधाएं दी गई थी। पर इन ग्राहक सेवा केंद्रों पर उपभोक्ताओं का रुझान न देखते हुए बैंक कर्मचारियों के द्वारा छोटी जमा निकासी के लिए बीसी काउंटरों पर खाता खोलने व जमा निकासी के लिए दबाव बनाया गया। बेहजम बैंक की बीसी ग्राहक सेवा केंद्र बसारा के संचालक संदीप कुमार ने अपने ग्राहकों से धोखाधड़ी कर लाखों रुपए की रकम डकार कर कहीं रफूचक्कर हो गया। जब बसारा गांव के दर्जनों उपभोक्ताओं ने जब अपने खाते की जानकारी ली उनके पैरों के नीचे से जमीन खसकती नजर आयी। मेहनत की एक एक पाई जोड़ कर लोग भविष्य के लिए बचत कर अपनी रकम बैंक में जमा करते हैं और भोले भाले ग्रामीणों से अंगूठा लगाकर वह रकम बीसी संचालक के द्वारा उ?ा ली जाती। जब बदहवास बैंक की उपभोक्ता सुशीला देवी पत्नी शिवराम, रेनू देवी पत्नी संतोष कुमार, सरोजनी देवी, राजरानी, रेखा देवी, सुमन, सन्तकुमार, प्रियंका, तेजपाल, दीनदयाल, रिंकू, चमेली, कान्ती देवी, दिनेश चन्द्र, राखी देवी राहुल वर्मा, अनूप कुमार, राधेश्याम सीमा देवी, रामवती, तेजीराम, अवधेश कुमार, नेहा, किरन देवी, लक्ष्मी देवी व नेहा निवासी बसारा थाना नीमगांव के सहित कई लोगों ने शाखा प्रबंधक रिंकी वर्मा और चौकी प्रभारी बेहजम सुनील बाबू अवस्थी को शिकायती पत्र देकर आरोपी बीसी संचालक संदीप कुमार के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। उपभोक्ताओं ने बताया कि कि शिकायत दर्ज कर जांच करना तो दूर उल्टे उनको बैंक से भगाया भी जाता रहा है। अगर बीसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती है तो बैंक के उपभोक्ता जिला मुख्यालय और प्रदेश सरकार के सामने अपनी समस्या बतायेंगे और अपने जीवन की गा?ी कमाई की रकम वापस दिलाने की गुहार लगायेंगे।

# मुख्यमंत्री ने किया कॉमन फेसिलिटी सेंटर का लोकार्पण

संवाददाता। बिसवां सीतापुर



**बिसवां तहसील** क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर माफी में ओडीओपी योजना के अंतर्गत बने कामन फेसिलिटी सेंटर का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने लोकभवन में वर्चुअल तरीके से माउस पर क्लिक कर किया। जिसका प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया इस मौके मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि बैंकर्स अधिकारियों उधमियों के सहयोग से उत्तरप्रदेश ने बेरोजगारी को कम करते हुए युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देने में सफलता हासिल की है कोरोना काल मे भी लोन मेले आयोजित किये वर्चुअल लोकार्पण के दौरान मुख्यमंत्री ने बुनकर वेलफेयर सोसायटी के सचिव बदर हयात कौसर से वर्चुअल वार्तालाप किया और संस्था के पूर्व की स्थितियों इससे जुड़े लोगों के बारे में जानकारी ली इस लाइव प्रसारण को विधायक निर्मल वर्मा सहित जिलाधिकारी अनुज सिंह उपजिलाधिकारी पी एल मौर्य, उपायुक्त आशीष गुप्ता, बुनकर वेलफेयर सोसायटी के हाजी रफीक वेदरत्न मिश्र अनुज वर्मा के अलावा संस्था के सैकड़ो लोगो एवं आला अधिकारियों ने देखा। मुख्यमंत्री के लोकार्पण लाइव प्रसारण के उपरांत विधायक निर्मल वर्मा और जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कॉमन फेसिलिटी सेंटर का लोकार्पण किया और फीता काटकर अत्याधुनिक मशीनों का उद्घाटन किया और सेंटर में लगी विभिन्न मशीनों यार्न काउंट मशीन जीएसएल मशीन कलर मैचिंग मशीन टी एफ ओ ट्विस्टर मशीन बेन्डिंग मशीन निटिंग मशीन जिगजैग मसीन ब्रेडिंग मशीन सिंगल निडिल ओवर लॉक इत्यादि मशीनों का जायजा लिया और सेंटर के बेहतर संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान विधायक निर्मल वर्मा और जिलाधिकारी अनुज सिंह विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना गुरप्रीत सिंह, इस्राइल रजनीकांत गौतम , विकास कुमार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में अभिषेक साहू आशुतोष कुमार संतराम विशाल कुमार ओडीओपी उबेद अकरम अंसारी जलीस अहमद प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में प्रेमलाल अरविंद कुमार इत्यादि को लोन का संस्तुति पत्र दिया। योजना को लेकर उपायुक्त आशीष गुप्ता ने बताया कि सीतापुर जनपद में ओडीओपी प्रोडक्ट दरी है इस सेंटर में बुनकरों और उधमियों के अभी चार सुविधाएं मुहैया होंगी जिनमे कच्चा धागा व रा मटेरियल, कामन प्रोसेसिंग सेंटर, तीसरा डिजायनिग व सैंपलिंग चौथा है डिस्प्ले और एक्जीबिशन सेंटर।

## कम्पोजिट विद्यालय में हुई संकुल की बैठक

**कसमंडा सीतापुर।** विकास खंड कसमंडा के अंतर्गत न्याय पंचायत आशोधन व न्यायपंचायत कसमंडा के प्राथमिक विद्यालय मुसल्लेपुर व कम्पोजिट विद्यालय कोकनमऊ में शिक्षक संकुल की बैठक खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन हुई बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित सभी अध्यापको से नामांकन लक्ष्य शत प्रतिशत पूरा करने आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी विद्यालयो का शत प्रतिशत संतृप्तीकरण द्वितीय चरण के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान की रैली निकालकर जागरूक करने साथ स्टूडेंट डाटा का प्रेरणापोर्टल पर शत प्रतिशत पंजीकरण और डी बी टी कार्य समयान्तर्गत पूर्ण करने सभी बच्चो का आधार पंजी करण पोर्टल पर करने के लिए सभी अध्यापको को निर्देश दिए। बैठक में कुसुम यादव दामिनी शुक्ल.संदीप श्रीवास्तव पंकज कुमार विमल कुमार सुबोध कुमार शर्मा अनीता शुक्ल रविंद्र मिश्रा कैलाश राठौर लक्ष्मी शुक्ल आशुतोष अवस्थी अरुण बाजपेई काजल द्विवेदी विजयलक्ष्मी वंदना पाठक ज्ञानेश बाजपेई सतेंद्र नाथ श्रीवास्तव गिरिजेश अवस्थी सहित संकुल के सभी अध्यापक व शिक्षामित्र मौजूद रहे !।

## जिलाबदर अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/ वारंटी/ जिलाबदर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में 30 जून को थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के हिस्ट्रीशाटर एवं जिलाबदर अभियुक्त हरीनारायन पुत्र ठग निवासी मुरारखेडा थाना सम्पूर्णानगर को जिला मजिस्ट्रेट के गुण्डा अधिनियम में जिलाबदर आदेश के उलंघन में गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना सम्पूर्णानगर पर मु0अ0सं0 159/22 धारा 10 गुण्डा अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बलवन्त शाही, कांस्टेबल सुगम कुमार, कांस्टेबल बलवीर सिंह व कांस्टेबल नितिन कुमार शामिल रहे।

# स्विमिंग पूल में डूब कर बच्चे की मौत

**बरेली ।** स्विमिंग पूल में डूब कर बच्चे की मौत हो गई घर वालों में स्विमिंग पूल के मालिक को उसकी मौत के लिए जिम्मेदार बताया पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।आंवला थाना क्षेत्र के गांव अडावन पुर निवासी 9 वर्षीय नैतिक मौर्य पुत्र बाबूराम मौर्य की गांव के पास स्थित सचिन गुप्ता के स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि नैतिक के मौर्य गांव के पास स्थित सरकारी स्कूल मे कक्षा चार का छात्र था इन दिनों गांव के पास ही मेला लग रहा है बच्चों के साथ नैतिक भी मेला देखने के लिए कल शाम को गया था लेकिन मेला स्थल के पास ही सचिन गुप्ता के स्विमिंग पूल में तैरने के लिए चला गया इस स्विमिंग पूल पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे गार्ड ने पैसे लेकर नैतिक को स्विमिंग पूल में तैरने की अनुमति दे दी कुछ देर बाद नैतिक पानी में डूब गया उसकी लाश को वहां मौजूद लोगों ने पानी पर तैरते देखा और घटना की जानकारी पूल के गार्ड को दी जिस ने शव को बाहर निकाल लिया सूचना मिलने पर नैतिक के घर वाले भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक चार भाई बहन थे।

पति पत्नी को घर वालों ने जमकर पीटा

बरेली । मामूली विवाद के बाद पति पत्नी को घर के ही लोगों ने लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट किया जिससे वह घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।कैंट थाना क्षेत्र के गांव ठीरिया निजावत खां निवासी जीशान और उसकी पत्नी रुबीना को आज सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जीशान ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है और गांव में उसके दो मकान है लेकिन वह पत्नी और बच्चों के साथ परिजनों के साथ ही एक मकान में रहता है उसकी पत्नी पिछले कई दिनों से दूसरे मकान में रहने की बात कह रही है आज सुबह जब उसने यह बात अपनी मां को बताई तो मां गुस्से में आ गई और उसकी पत्नी को गालियां देने लगी उसने विरोध किया तो मां और उसकी दोनों बहनों ने उसके साथ मारपीट कि जिससे दोनों घायल हो गए शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें बचा लिया घटना की शिकायत उसने पुलिस से की गई जिसने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।

## पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश

**बरेली ।** दिल्ली से घर वापस लौट रहा एक युवक अचानक लापता हो गया और आज सुबह उसकी लाश उसके ही खेत में आम के पेड़ पर लटकी पाई गई मृतक के घर वालों ने गांव के दबंगों पर उसकी हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।आंवला थाना क्षेत्र के गांव दिलवारी निवासी 19 वर्षीय नरवीर पुत्र हरपाल की लाश आज सुबह उसके खेत में आम के पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि नरवीर के गांव के ही रहने वाली एक विवाहित महिला से अवैध संबंध थे ।

# जून निकल गया, पूरे नहीं हो सके बालिका महाविद्यालय के शिक्षण कक्ष

संवाददाता। नैमिषारण्य सीतापुर

**नैमिषारण्य के** ठाकुरनगर में निर्माणाधीन बालिका महाविद्यालय का काम कछुए की रफ़्तार से चल रहा है, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री की कड़ी फटकार के बाद भी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा कार्य पूरा होने में अभी काफ़ी वक्त है। ज्ञात हो कि नैमिषारण्य तीर्थ में बन रहे कन्या महाविद्यालय के निर्माण कार्य कि प्रगति जानने के लिए उच्च शिक्षा विभाग की राज्य मंत्री रजनी तिवारी क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव के साथ गत 15 जून को निरीक्षण करने पहुंची थी तो यहां पर चल रहे कार्य से वह संतुष्ट नहीं दिखी और उन्होंने कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम लि लखनऊ को फटकार लगायी थी। महाविद्यालय के लिए जरूरी 843.74 लाख रुपए की धनराशि वर्ष 2021 में ही अवमुक्त की जा चुकी है। मंत्री जी के रुख को देखते हुए मौके पर मौजूद कार्यदाई संस्था के अधिकारियों ने जून के अंत तक क्लासरूम तैयार कर देने की बात कही थी जिसका निरीक्षण करने ज़ब पत्रकार मौके पर पहुँचे तो महाविद्यालय के क्लास रूम अभी तक तैयार नहीं हुए हैं।महाविद्यालय का कार्य 2016 में शुरू होकर 2017 में पूरा हो जाना चाहिए था पर अधिकारियों की हीलाहवाली के चलते अभी तक इस महाविद्यालय का कार्य पूरा नहीं हो सका है।

## क्या बोली राज्यमंत्री

इस मुद्दे पर उच्च शिक्षा विभाग की राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने बताया कि निगम ने कक्षाओं को तैयार करने के लिए 30 जून कि तारीख मुझे बताई थी। अगर एक, दों दिन अगर बढ़ जाते हैं तो उसकी कोई बात नहीं दों दिन बाद मैं अपने स्तर से इसकी जाँच कराआऊंगी यदि कार्य पूरा नही हुआ तो कारवाई की जायेगी।

## क्विक न्यूज

### शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय पंचायत प्रतापपुर के सभी शिक्षक संकुल और प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एआरपी श्याम किशोर उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों का विद्यालय की नन्ही-मुन्नी बच्चों ने चंदन वंदन कर स्वागत किया।तत्पश्चात बैच अलंकरण कर सभी सम्मानित अतिथियों का सम्मान किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षक संकुल द्वारा स्कूल रेडिनस कार्यक्रम और बाल वाटिका के कार्यों पर विधिवत चर्चा की गई। एआरपी द्वारा शिक्षकों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी सनक समाधान का प्रयास किया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के फूलबेहड़ ब्लॉक के मंत्री अजय वर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी शिक्षकों को अभिप्रेरित किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या संध्या द्विवेदी द्वारा धन्यवाद उदबोधन के पश्चात सभी अतिथियों ने विद्यालय में बनाए गए सेल्फी स्टैंड पर जाकर सेल्फी ली और मुक्त कंठ से समस्त स्टाफ के कार्यों की सराहना की। इस प्रकार अपने उद्देश्यों को पूर्ण प्राप्त कर आज की सफल मीटिंग का समापन हुआ।

### डीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर जिले केकई हिस्सों में बुधवार शाम से ही तेज बारिश हो रही है। बारिश से किसान खुश हैं तो वहीं नदियों ने कटान शुरू कर दिया है। निघासन में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया। बीते दिनों कई गांवों में पानी भर गया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह अधिकारियों के साथ ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम करदहिया मानपुर पहुंचे। उन्होंने शारदा नदी में बढ़े जलस्तर से शुरू हुए कटान का जायजा लिया। संबंधित कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी।

## पेज एक का शेष

### नड्डा के निर्देश पर...

शाह ने अपने ट्वीट में कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश के बाद, देवेंद्र फडणवीस ने जनता के हित में सरकार में शामिल होने का फैसला करके बड़ा दिल दिखाया है। यह निर्णय राज्य के प्रति उनके सच्चे समर्पण को दर्शाता है। मैं उन्हें इस फैसले के लिए बधाई देता हूं। इससे पहले फडणवीस ने अपनी प्रेस वार्ता में कहा था कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री होंगे और मैं सरकार में कोई पद नहीं लूंगा। मैं इस सरकार को पूरे समर्थन के साथ सुचारू रूप से चलाना सुनिश्चित करूंगा।

### इसरों का एक और...

यह पीएसएलवी का 55वां मिशन है। एनएसआईएल के सीएमडी डॉ. राधाकृष्णन ने कहा कि उपभोक्ता के रूप में सिंगापुर के साथ उनका साथ लंबा रहा है। डीएस-ईओ 365 किलोग्राम वजनी उपग्रह है, वहीं न्यूएसएआर का वजन 155 किलोग्राम है। दोनों सिंगापुर के हैं और इनका निर्माण कोरिया गणराज्य की स्टारेक इनीशिएटिव ने किया है, वहीं तीसरा उपग्रह 2.8 किलोग्राम का स्कूब-। है जो सिंगापुर की नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एनटीयू) का है।

### मणिपुर में भूस्खलन...

एनडीआरएफ की दो और टीम जल्द ही टुपुल पहुंच जाएंगी। मुख्यमंत्री सिंह ने स्थिति का जायजा लेने के लिए एक आपात बैठक बुलाई है। एन बीरेन सिंह ने ट्वीट किया, टुपुल में हुई भूस्खलन की घटना का आकलन करने के लिए आज एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई। खोज और बचाव अभियान पहले से ही चल रहा है। मृतकों और लापता लोगों के लिए प्रार्थना करें। बचाव अभियान में सहायता के लिए डॉक्टरों के साथ एम्बुलेंस भी भेजी गई हैं। मुख्यमंत्री ने हादसे में जान गंवाने वालों के परिजन को एक लाख रुपए और घायलों के लिए 50,000 मुआवजा राशि देने की घोषणा की है। मणिपुर के राज्यपाल एल गणेशन ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी ट्वीट कर हादसे में लोगों की मौत पर शोक जताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### दिल्ली-उत्तर प्रदेश में...

भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। मानसून के पहले महीने यानी जून में मध्य भारत में सबसे कम औसत से 30 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। दिल्ली व उत्तर प्रदेश वाले उत्तरी-पश्चिमी हिस्से में भी सामान्य से 12 फीसदी कम पानी बरसा है। पूरे भारत में औसतन 8 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।

### अब न सबूत मिटेंग...

करने के कार्यों में तेजी लाने एवं इस संबंध में लंबित किसी भी प्रस्ताव को तत्काल मंजूरी दिये जाने का निर्देश दिये गये। एफएसएल को लंबित मामलों के निपटान की हर महीने प्रगति रिपोर्ट उपराज्यपाल कार्यालय भेजने को कहा ताकि इन्क्रीमेंटल उपलब्धियों को सामने लाया जा सके। अधिकारियों ने उपराज्यपाल को जानकारी दी कि अभी तक प्राप्त कॉलों तथा सैंपलों का रखरखाव परंपरागत तरीके से किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने संस्थान द्वारा एक व्यापक ईआरपी समाधान को अपनाने और उसे कार्यान्वित करने के निर्देश दिये।

### मुंबई हमला मामले...

जो पंजाब प्रांत में दर्ज आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों में कई वर्षों की सजा काट रहे हैं। गौरतलब है कि नवंबर 2008 में, लश्कर के दस आतंकवादियों ने कराची से मुंबई में घुसकर हमले किए थे, जिसमें 166 लोग मारे गए थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे। हमलावरों में से नौ मारे गए थे, जबकि एकमात्र जीवित बचे आतंकवादी अजमल कसाब को पकड़ लिया गया था और बाद में उसे फांसी की सजा दी गई थी।

## विधायक-डीएम ने लाभार्थियों को वितरित किए ऋण स्वीकृत पत्र

**लखीमपुर खीरी।** लोक भवन में आयोजित वृहद ऋण मेला, वार्षिक ऋण योजना का शुभारम्भ, लाभार्थियों से सीएम संवाद कार्यक्रम का खीरी में सजीव प्रसारण हुआ। इसमें खीरी एनआईसी से जरिये विधायक विनोद शंकर अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह व लाभार्थी वर्चुअल जुड़े। एनआईसी में विभिन्न रोजगार परक योजनाओं के लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने ऋण वितरण के स्वीकृत पत्र दिए। गुरुवार को ऑनलाइन रोजगार संगम ऋण मेले में विधायक धौराहरा विनोद शंकर अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना से आयल उद्योग के लिए ममता देवी को 10 लाख, सीएम युवा स्वरोजगार योजना से आरो रिपेयर-सर्विस कार्य हेतु 10 लाख, ओडीओपी योजना से गुण व्यवसाय के लिए पंकज यादव को 10 लाख, पीएम मुद्रा योजना से आयरन स्टील, फैब्रिकेशन के लिए गुफरान सिद्दीकी व आटा-तेल उद्योग हेतु राहुल टंडन को 10-10 लाख, रिटेल आउटलेट हेतु नरेंद्र वर्मा को 5 लाख के ऋण की स्वीकृति पत्र प्रदान किए। विधायक, डीएम, सीडीओ ने उप्र खादी-ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम के लाभार्थी राजीव गुप्ता को 15 लाख, शालिनी वर्मा को 10 लाख, सीएम ग्रामोद्योग रोजगार योजना के लाभार्थी सुधीर कुमार को तीन लाख, राकेश वर्मा को दो लाख व काशीराम को एक लाख का ऋण स्वीकृत पत्र प्रदान किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने रोजगारपरक योजनाओं के लाभार्थियों को प्राप्त ऋण का सदुपयोग कर स्वाबलंबी एवं आत्मनिर्भर बनने की शुभकामनाएं दी।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की अहम बैठक



**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ समिति की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रुप से सीडीओ अनिल सिंह, सीएमओ डॉ शैलेंद्र भटनागर मौजूद रहे।

बैठक के शुरू में सीएमओ डॉ. शैलेंद्र ने बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति बताई। बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतको की अद्यतन स्थिति, प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा हुई।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतको में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने-अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए इसकी डेली मॉनिटरिंग करें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने समीक्षा करते हुए कहा की जन्म मृत्यु पंजीकरण, आरसीएच सहित अन्य पोर्टल पर डाटा एंट्री ससमय शत-शत सुनिश्चित की जाए। डीएम ने चिकित्सालयो में ओपीडी प्रगति, आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, स्टिलबर्थ रेश्यो, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की, जरूरी दिशा निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। वैक्सीनेशन से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहने पाए। 15 तक सभी के वैक्सीनेशन की कार्यवाही पूर्ण कराए। ड्यू व ओवर ड्यू डोज की भी समीक्षा की। अभियान चलाकर ड्यू व ओवर ड्यू डोज लगाए। वैक्सीनेशन में फिसड्डी ब्लॉक धौराहरा, बांकेगंज, ईशानगर, बिजुआ को 15 जुलाई तक सभी आयु वर्ग में अपेक्षित सुधार करें। 16 जुलाई को चारों एमओवाईसी अद्यतन प्रगति से उन्हें स्वमं अवगत कराएंगे।

# एमएसएमई की मदद के लिए हर कदम उठा रही सरकारः मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली


राजस्थान की सुनीता को एमएसएमई (दिव्यांग) का पहला पुरस्कार देते हुए प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए छोटे उद्यमों की मदद को हर कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उनकी क्षमताओं के पूर्ण उपयोग को लेकर नई नीतियां बनाई जा रही हैं। मोदी ने यहां उद्यमी भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के निर्यात को बढ़ाने और उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाने के लिए भारत के एमएसएमई क्षेत्र का मजबूत होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस मौके पर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए कई पहल की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा, हमारी सरकार आपकी काबिलियत और अपार क्षमता को ध्यान में रखकर निर्णय कर रही है और नई नीतियां बना रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो कदम उठाए गए हैं और उठाए जा रहे हैं, उनका उद्देश्य एमएसएमई को बढ़ावा देना और गुणवत्ता बढ़ाना है। इस मौके पर उन्होंने एमएसएमई के प्रदर्शन को बेहतर बनाने और उसे गति देने के लिए 6,000 करोड़ रुपए की योजना रैंप (रेजिंग एंड एक्सिलेरेटिंग एमएसएमई परफार्मेन्स) की शुरुआत की। साथ ही उन्होंने वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार निर्यात करने वाले एमएसएमई निर्यातकों के क्षमता निर्माण (सीबीएफटीई) की योजना शुरू की। इसके अलावा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) में नई विशेषताओं की घोषणा की।

उन्होंने पीएमईजीपी लाभार्थियों को 2022-23 के लिए डिजिटल तरीके से सहायता का भी हस्तांतरण किया। साथ ही एमएसएमई आइडिया हैकॉथन, 2022 के परिणामों की घोषणा की और एमएसएमई पुरस्कार, 2022 वितरित किए। इसके अलावा आत्मनिर्भर भारत कोष में 75 एमएसएमई को डिजिटल इक्विटी प्रमाणपत्र भी दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए एमएसएमई की मदद के लिए कदम उठा रही है। भारतीय दूतावासों को भी इस पर काम करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर तबके के लिए उद्यमिता अपनाने के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बिना किसी गारंटी के कर्ज लेने को लेकर थी। वर्ष 2014 के बाद सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ उद्यमशीलता का दायरा बढ़ाने का निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्एक भारतीय के लिए उद्यमिता को सुगम बनाने में मुद्रा योजना को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।प्रधानमंत्री ने कहा, बिना गारंटी के बैंक ऋण की इस योजना ने देश में महिला उद्यमियों, दलित, पिछड़े, आदिवासी उद्यमियों का एक बड़ा वर्ग तैयार किया है। इस योजना के तहत अबतक करीब 19 लाख करोड़ रुपए का कर्ज दिया जा चुका है।

## हर गांव में तेज इंटरनेट उपलब्ध कराने पर हो रहा काम : पीएम

**बेंगलुरु (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार हर गांव को तेज गति वाला इंटरनेट उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। उन्होंने वैश्विक निवेशकों से डिजिटल और प्रौद्योगिकी खंड में अवसरों का उपयोग करने और भारत में निवेश के लिए आगे आने को भी कहा। मोदी ने मौजूदा समय को प्रौद्योगिकी का युग करार दिया और महामारी के दौरान तकनीक के लाभ का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी तथा नवोन्मेष में आगे और निवेश करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी कंपनी बॉश इंडिया के नए स्मार्ट परिसर का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और पिछले दो साल में निवेश बढ़ा है। मोदी ने कहा, आज हमारा स्टार्टअप परिवेश दुनिया में सबसे बड़ा है। इसका श्रेय युवाओं को जाता है। प्रौद्योगिकी दुनिया में वास्तव में कई अवसर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्एक गांव में उच्च गति का इंटरनेट उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। मोदी ने कहा, डिजिटल इंडिया के हमारे दृष्टिकोण में सरकार के हर पहलू के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करना शामिल है। मैं दुनिया से इन अवसरों का उपयोग करने और हमारे देश में निवेश करने का आग्रह करूंगा।

## पहली दफा हिंदुत्व के लिए एक सरकार गिर गई : गृह मंत्री मिश्रा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि हनुमान चालीस के प्रभाव से देश में पहली दफा हिंदुत्व के लिए एक सरकार गिर गई, क्योंकि देश बदल रहा है। उनका इशारा महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार की ओर था। मिश्रा ने यहां पत्रकारों से कहा, हमारा देश बदल रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि हिंदुत्व के नाम पर एक सरकार गिर गई। उद्धव ठाकरे सरकार का पतन हनुमान चालीसा का प्रभाव है कि 40 दिनों में चालीस विधायकों ने पार्टी छोड़ दी। शिवसेना के राज्यसभा सांसद और प्रवक्ता संजय राउत के बयान का जिक्र करते हुए मिश्रा ने कहा कि राउत बता रहे थे कि विधायक अगवा हो गए, जबकि तथ्य यह है कि विधायक भगवा हो गए। मिश्रा ने कहा कि लोगों को मध्य प्रदेश में कांग्रेस या महाराष्ट्र में शिवसेना जैसी पार्टियों के नेताओं से पूछना चाहिए कि उनके विधायकों ने उन्हें क्यों छोड़ दिया।

# शिवसेना के बागियों को अलग होने के अपने फैसले पर अफसोस होगा : राउत

**भाषा।** मुंबई

संजय राउत ने बृहस्पतिवार को कहा कि बागियों ने स्वयं अपना रास्ता चुना है और उन्हें अपने फैसले पर अफसोस होगा। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि शिवसेना सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी। उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की जिसमें एक व्यक्ति उद्धव ठाकरे की तरह कुर्ता पैजामा में दिखाई दे रहा है और उसके पीठ पर बने जख्म से खून रिस रहा है। राउत ने साथ ही लिखा, एकदम ऐसा ही हुआ है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के तौर पर बुधवार को मंत्रिमंडल की आखिरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए उद्धव ठाकरे ने बागियों का सदंर्भ देते हुए कहा था कि उनके अपने लोगों ने ही धोखा दिया। ठाकरे शिवसेना के अध्यक्ष भी हैं। राउत ने कहा कि शिवसेना जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के साथ महा विकास अघाडी सरकार का नेतृत्व कर रही थी, सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

ठाणे के प्रभावशाली नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के अधिकतर विधायकों के बगावत के बाद पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे द्वारा मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राउत ने यह बात कही। राउत ने यह भी कहा कि बागी नेताओं को शिवसेना से अलग होने के अपने फैसले पर अफसोस होगा। राउत ने कहा कि वह शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय भी जाएंगे जिसने उन्हें धन शोधन के एक मामले में समन जारी किया है। उन्होंने कहा कि वह एजेंसी के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट करेंगे। राउत ने कहा, आपको (बागी नेताओं को) इसके लिए अफसोस होगा। एकनाथ शिंदे (बागी विधायकों के नेता) कट्टर शिवसैनिक थे और कई सालों तक उन्होंने पाटी के लिए काम किया। चाहे वह (विधायक) गुलाबराव पाटिल, संदीपन भुमरे और अन्य (जिन्होंने शिंदे का पक्ष लिया) हो, उन्होंने पार्टी के लिए कार्य किया और उसके लिए संघर्ष किया... उन्होंने अपना रास्ता स्वयं चुना है।

शिंदे ने शिवसेना के 55 विधायकों में से 39 का समर्थन होने का दावा किया है। राउत ने कहा, हम उनके रास्ते में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे। वे अपना गठबंधन (भाजपा के साथ) कर सकते हैं। हम अपना काम करेंगे। अब रास्ते अलग हैं...हम सकारात्मक विपक्ष की तरह काम करेंगे। भाजपा का नाम लिए बिना राउत ने कहा कि वह उन लोगों को जानते हैं जिन्होंने शिवसेना के विधायकों पर दबाव डाला और जिसकी परिणति पार्टी में बगावत के रूप में सामने आई।

राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि सभी को उद्धव नीत सरकार में भरोसा था...।

# दावत-ए-इस्लामी ने राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों से 20 लाख रुपए का चंदा एकत्र किया थाः एजेंसियां

**भाषा।** नई दिल्ली

**● राजस्थान के एक राजनीतिज्ञ द्वारा संगठन को लगभग दो लाख रुपए कथित तौर पर दान करने का एक मामला भी जांच एजेंसियों के संज्ञान में है**

**उदयपुर में** एक दर्जी की नृशंस हत्या के मामले में जांच के दायरे में आए पाकिस्तानी संगठन दावत-ए-इस्लामी ने इस साल लगभग एक महीने में राजस्थान के कुछ सीमावर्ती गांवों और कस्बों से 20 लाख रुपए का चंदा इकट्ठा किया था। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इसके अलावा, राजस्थान के एक राजनीतिज्ञ द्वारा संगठन को लगभग दो लाख रुपए कथित तौर पर दान करने का एक मामला भी जांच एजेंसियों के संज्ञान में है। पीटीआई-भाषा द्वारा संपर्क किए जाने पर, राजनीतिज्ञ ने कहा कि वह जल्द ही जवाब देंगे लेकिन बाद में उन्होंने कॉल या संदेशों का जवाब नहीं दिया। राजनीतिज्ञ की पहचान जाहिर नहीं की जा रही है।

अधिकारियों ने कहा कि एजेंसियों ने जैसलमेर और बाड़मेर के सीमावर्ती इलाकों में संगठन के कई हालिया प्रचार और कट्टरपंथी गतिविधियों पर संज्ञान लिया है, जिसमें अकेले अप्रैल में जैसलमेर जिले में स्थानीय लोगों से 20 लाख रुपए का चंदा एकत्रित करना शामिल है। सूत्रों ने कहा कि संगठन ने धर्मार्थ इस्लामी कार्यों के नाम पर धन एकत्र किया। सूत्रों ने कहा कि एजेंसियों ने यह भी पाया कि संगठन ने सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों, विशेष रूप से कम आयु वर्ग के लोगों को लक्षित करते हुए कुछ साहित्य ऑनलाइन और किताबों और पर्चों के रूप में वितरित किया। कराची स्थित दावत-ए-इस्लामी की वेबसाइट के मुताबिक, संगठन की स्थापना 1981 में हुई थी।

अपनी वेबसाइट पर, संगठन खुद को दुनियाभर में कुरान और सुन्नत के प्रचार के लिए काम कर रहे वैश्विक गैर-राजनीतिक इस्लामी संगठन के रूप में वर्णित करता है। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एम.एल.लाठर ने कहा था कि मंगलवार को उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के दो मुख्य आरोपियों में से एक गौस मोहम्मद के पाकिस्तान स्थित संगठन से संबंध हैं। डीजीपी ने बताया था कि गौस 2014 में पाकिस्तान के शहर कराची गया था। दर्जी कन्हैयालाल की दो मुस्लिम युवकों ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी और उन्होंने इस नृशंस हत्या का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर डालते हुए कहा था कि वे इस्लाम के अपमान का बदला ले रहे हैं। एनआईए ने अब मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है और कहा है कि दोनों आरोपी देशभर में जनता के बीच आतंक फैलाना चाहते थे।

## क्विक न्यूज

### मोदी, शाह का सिर कलम करने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिर कलम करने की धमकी देते हुए सोशल मीडिया पर कथित तौर पर एक पोस्ट करने वाले व्यक्ति को यहां गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपी अब्दुल माजिद ने अपने पोस्ट में कहा था कि आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को पार्टी की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर की गई विवादित टिप्पणियो के लिए माफी मांगनी चाहिए, वरना उनका सिर कलम कर दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि मुगलपुरा पुलिस ने उकसावे वाला पोस्ट करने के लिए माजिद के खिलाफ खुद मामला दर्ज किया था और बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसे यहां की एक अदालत में पेश किया गया और अदालत ने पुलिस को उसे दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41ए के तहत एक नोटिस देने का निर्देश दिया। सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत प्रावधान है कि ऐसे मामलों में जहां किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी की तत्काल आवश्यकता नही है, उसमें पुलिस व्यक्ति को किसी पुलिस अधिकारी के समक्ष पेश होने का निर्देश देते हुए एक नोटिस जारी करेगी। अधिकारी ने बताया कि इसके अनुसार पुलिस ने माजिद को नोटिस जारी किया। बाद में उसे छोड़ दिया गया।

### कंगना रनौत ने शिवसेना पर साधा निशाना



**मुंबई।** उद्धव ठाकरे के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने बृहस्पतिवार को शिवसेना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकतंत्र का विश्वास तोड़ने वाले लोगों का घमंड चकनाचूर हो गया है। ठाकरे (62) ने बुधवार रात इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के उनकी सरकार को बृहस्पतिवार को विधानसभा में शक्ति परीक्षण के निर्देश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी सरकार से 2020 में बड़ा टकराव मोल लेने वाली रनौत ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो अपलोड किया और कहा कि देश 1975 के बाद से सबसे महत्वपूर्ण समय देख रहा है। कंगना (35) ने कहा, 1975 मे, जेपी नारायण ने सत्ता को चुनौती दी थी और सत्ता गिर गई थी। 2020 में, मैंने कहा था कि लोकतंत्र भरोसे की बात है। और जो कोई भी सत्ता के अहंकार में इस भरोसे को तोड़ता है, उसका अहंकार एक दिन टूटना तय है। वीडियो के कैप्शन (परिचय) मे, रनौत ने कहा कि जब बुराई हावी हो जाएगी तो विनाश निकट है। उन्होने कहा, उसके बाद, सृजन होता है। जीवन का कमल खिलता है। रनौत और शिवसेना के बीच परेशानी सितंबर 2020 मे शुरू हुई जब अभिनेत्री ने कहा कि वह मूवी माफिया से अधिक मुंबई पुलिस से डरती है और महाराष्ट्र की राजधानी की तुलना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से करी थी। उसके बाद, शिवसेना के नेतृत्व वाली बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने उनके बांद्रा बंगले में अवैध बदलाव को ध्वस्त कर दिया। रनौत को शिवसेना के नेताओं के साथ उनके विवाद के बाद केंद्र द्वारा वाई-प्लस सुरक्षा दी गई थी।

### हार्मोनल विकार से निपट रही हैं श्रुति हासन

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति हासन ने पॉलिसिस्टिक ओवेरी सिंड्रोम (पीसीओएस) और एंडोमीट्रियोसिस के साथ अपने संघर्ष के बारे में बृहस्पतिवार को खुलकर बातचीत करते हुए कहा कि वह स्वस्थ भोजन खाकर और अपने शरीर को पर्याप्त आराम देकर इस हार्मोनल विकार से निपट रही है। पीसीओएस एक हार्मोनल विकार है, जिसमे बढ़े हुए अंडाशय के साथ ही उसके बाहरी किनारे पर छोटी-छोटी रसोली हो जाती है। इससे आमतौर पर माहवारी अनियमित हो जाती है और बांझपन आ जाता है, पुरुष हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, मोटापा और कई बार मधुमेह भी हो जाता है। छत्तीस वर्षीय अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक जिम में कसरत करने की वीडियो साझा की और अपनी सबसे खराब हार्मोनल दिक्कतों के बारे में बात की। श्रुति ने कहा कि यह एक मुश्किल लड़ाई है और उन्होने यह स्वीकार कर लिया है कि ऐसी दिक्कतें स्वाभाविक है। उन्होने कहा, मेरे साथ वर्कआउट करो। मैं अपने पीसीओएस और एंडोमीट्रियोसिस के साथ सबसे खराब हार्मोनल दिक्कतों का सामना कर रही हूं। अभिनेत्री ने कहा, महिलाओं को पता है कि यह असंतुलन, सूजन और चयापचय संबंधी चुनौतियो के साथ एक कठिन लड़ाई है, लेकिन इसे एक लड़ाई के तौर पर देखने के बजाय मैने इसे प्राकृतिक आंदोलन के तौर पर स्वीकार करना चुना है। स्वस्थ आहार लेकर, अच्छी तरह नीद पूरी कर और अपने वर्कआउट का आनंद उठाते हुए मै इससे निपट रही हूं। 3, प्रेमम, रेस गुर्म, वकील साब जैसी फिल्मो मे अपने अभिनय के लिए पहचानी जाने वाली श्रुति ने कहा कि वह पीसीओएस और एंडोमीट्रियोसिस का किसी भी तरीके से अपने ऊपर असर पड़ने नही देंगी। श्रुति अब केजीएफ शृंखला की फिल्म के निर्देशक प्रशांत नील की अंडरवर्ल्ड एक्शन थ्रिलर फिल्म सलार मे प्रभास के साथ दिखेगी।

# कन्हैयालाल की हत्या के विरोध में सर्व हिन्दू समाज ने निकाली मौन रैली



**भाषा।** उदयपुर

**राजस्थान में** उदयपुर के धान मंडी थाना क्षेत्र में दो लोगों द्वारा दर्जी कन्हैयालाल की नृशंस हत्या के विरोध में हजारों लोगों ने बृहस्पतिवार को शहर के टाउन हॉल से कलेक्ट्रेट तक मौन रैली निकाली। इस रैली का आह्वान सर्व हिन्दू समाज की ओर से किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में आम जनता के साथ-साथ हिन्दू संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। आयोजकों ने शांतिपूर्ण तरीके से मौन रैली निकालने की अपील की थी, लेकिन कलेक्ट्रेट पर रैली के समापन पर कुछ सदस्यों ने नारेबाजी भी की।कुछ प्रदर्शनकारियों ने जय जय श्री राम, मदरसे बंद करो, हिन्दुओं की हत्या बंद करो , संगठित हिन्दू समर्थ भारत और राजस्थान सरकार नींद से जागो के नारे लगाए।रैली में कई लोगों ने भगवा झंडा ले रखा था। उदयपुर में मौजूद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एम. एन. ने कहा कि रैली निकालने की अनुमति दी गई थी और रैली के मार्ग पर कर्फ्यू में छूट दी गई थी। रैली के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।प्रदर्शनकारियों का एक समूह कलेक्टर कार्यालय गया, जहां उन्होंने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दिया, जिसमें दर्जी की हत्या के दोषियों को मौत की सजा, राज्यभर में सभी असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्वाई और ऐसी घटनाओं में मदरसों की भूमिका की जांच की मांग की गई है। रैली के दौरान मामूली झड़प की सूचना मिली, हालांकि पुलिस ने रैली को शांतिपूर्ण बताया।दर्जी कन्हैया लाल की मंगलवार को दो लोगों ने हत्या कर दी थी। उन्होंने ऑनलाइन वीडियो पोस्ट करते हुए कहा था कि वे इस्लाम के अपमान का बदला ले रहे थे।इस घटना के बाद उदयपुर में हिंसा की छिटपुट घटना सामने आई और शहर के सात थाना क्षेत्रों में मंगलवार रात आठ बजे से कर्फ्यू लगा दिया गया।लाल का अंतिम संस्कार बुधवार को किया गया। इनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## हत्यारों को जल्द फांसी की मांग को लेकर बंद रहे इंदौर के बाजार

**भाषा।** इंदौर

**राजस्थान के** उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल के जघन्य हत्याकांड में शामिल लोगों को जल्द से जल्द फांसी की सजा की मांग को लेकर इंदौर के थोक बाजार बृहस्पतिवार को आधे दिन बंद रहे। कारोबारी संगठनों के महासंघ अहिल्या चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल ने बताया कि किराना जिंसों, जेवरात, बर्तनों, लोहा उत्पादों, कपड़ों आदि के थोक कारोबार से जुड़े बाजार कन्हैयालाल हत्याकांड के विरोध में आधे दिन बंद रहे। खंडेलवाल ने कहा, कन्हैयालाल की जघन्य हत्या से व्यापार जगत आक्रोशित है। हमारी मांग है कि उनके हत्यारों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाई जाए। गौरतलब है कि इंदौर में छह जुलाई को नगर निगम चुनावों का मतदान होना है। चुनावी सरगर्मियों के बीच भाजपा और कांग्रेस, दोनों धुर-विरोधी दलों ने व्यापारियों के बंद को समर्थन दिया है।इस बीच, बजरंग दल और अन्य दक्षिणपंथी संगठनों ने कन्हैयालाल हत्याकांड पर आक्रोश जाहिर करते हुए शहर के कई स्थानों पर आतंकवाद के प्रतीक व राजस्थान की कांग्रेस सरकार के पुतले फूंके।

# डोभाल ने समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय का आह्वान किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने हिंद महासागर में उभरती सुरक्षा चुनौतियों, बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर देश की समुद्री सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय का बृहस्पतिवार को आह्वान किया। डोभाल ने विविध-एजेंसी समुद्री सुरक्षा समूह (एमएएमएसजी) की पहली बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समुद्री सुरक्षा तंत्र से जुड़ी हुई सभी एजेंसियों और अन्य हितधारकों को भारत की प्रगति तथा विकास के समग्र दृष्टिकोण के साथ आपसी समन्वय स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते हालात तथा बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण परिदृश्य में समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के मद्देनजर समुद्री सुरक्षा अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। डोभाल ने कहा कि राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक (एनएमएससी) समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में तालमेल लाने और परिचालन मामलों सहित विभिन्न पहलुओं में समन्वय को बढ़ावा देने के लिए केंद्र बिंदु होना चाहिए। बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के संदर्भ में, डोभाल ने कहा कि हिंद महासागर, जो एक शांति का सागर रहा है, प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा देख रहा है और भारत को अपने हितों की रक्षा करने की आवश्यकता है क्योंकि इस क्षेत्र में हितों के टकराव की आशंका है। सभी 13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ भारतीय नौसेना और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के शीर्ष समुद्री और तटीय सुरक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए, डोभाल ने कहा कि समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षा और आर्थिक हित का अटूट संबंध है और सभी हितधारकों को एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें एक राष्ट्र के रूप में मजबूत होना है। जब तक भारत के पास एक मजबूत सुरक्षा प्रणाली नहीं होगी, वह वैसी शक्ति नहीं बन पाएगा जिसका वह हकदार है। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक वाइस एडमिरल (सेवानिवृत्त) जी. अशोक कुमार ने की। कुमार ने इस साल 16 फरवरी को देश के पहले राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक के तौर पर प्रभार संभाला था। हिंद महासागर को देश के लिए एक बड़ी संपत्ति बताते हुए डोभाल ने कहा कि एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में भारत की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम जितना अधिक विकास करेंगे, उतनी ही अधिक संपत्ति बनाएंगे, हम उतने ही समृद्ध होंगे, समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा की आवश्यकता उतनी ही अधिक होगी। डोभाल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा चर्चा में भूमि और समुद्री सीमाओं का महत्व बहुत अलग है। उन्होंने कहा कि जासूसी गतिविधियों को अंजाम देने वाली विदेशी खुफिया एजेंसियों की पहुंच रोकना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने समुद्री क्षेत्र में समान विचारधारा वाले देशों के बीच सहयोग के लिए कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन जैसी पहलों का भी उल्लेख किया और कहा कि इसका और विस्तार किया जा सकता है। उन्होंने कहा, एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में हमारी जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। डोभाल ने एनएमएससी के महत्व को रेखांकित करते हुए 26।11 के मुंबई हमले का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मानक संचालन प्रक्रियाओं को बनाने की जरूरत है और सभी हितधारकों और एजेंसियों को समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के वास्ते समान रूख अपनाने की जरूरत है। बैठक में केंद्र सरकार के प्रमुख मंत्रालयों, एजेंसियों और समुद्री मामलों से निपटने वाले सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शीर्ष स्तर पर समुद्री सुरक्षा मामलों के समन्वय में सुधार के लिए एक बड़े फैसले के तहत पिछले साल नवंबर में एनएसए के तहत एनएमएससी का पद सृजित करने को मंजूरी दी थी। इस पहल का उद्देश्य भौगोलिक और कार्यात्मक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए भारत की समुद्री सुरक्षा के लिए एक सहज दृष्टिकोण सुनिश्चित करना था।

## पंजाब विस ने अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा ने केंद्र की अग्निपथ रक्षा भर्ती योजना के खिलाफ बृहस्पतिवार को एक प्रस्ताव पारित किया। भाजपा के दो विधायकों अश्विनी शर्मा और जांगी लाल महाजन ने प्रस्ताव का विरोध किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सदन में इस प्रस्ताव को पेश किया। मान ने कहा कि वह जल्द ही अग्निपथ योजना के मुद्दे को प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय गृह मंत्री के समक्ष उठाएंगे। अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए मान ने कहा कि यह योजना देश के युवाओं के विरुद्ध है। विपक्ष के नेता और कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवा ने मांग की कि अग्निपथ योजना वापस ली जाए। अकाली दल के विधायक मनप्रीत सिंह अयाली ने भी प्रस्ताव का समर्थन किया और योजना को वापस लिए जाने की मांग की। प्रस्ताव के अनुसार, सदन राज्य सरकार से यह मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाने की सिफारिश करता है ताकि अग्निपथ योजना को तत्काल वापस लिया जा सके।


चंदनवाड़ी में अमरनाथ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाबल

## एससी-एसटी के खिलाफ अपराध के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने में देर नहीं होनी चाहिएः गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से कहा है कि अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के खिलाफ अपराध के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी नहीं होनी चाहिए और जिन मामलों की जांच दो महीने से अधिक वक्त तक चले, उनकी करीब से निगरानी की जानी चाहिए। सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए पत्र में गृह मंत्रालय ने यह भी कहा है कि जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) एससी-एसटी के खिलाफ मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए पुलिस अधिकारी एवं आधिकारिक गवाहों समेत अभियोजन के सभी गवाहों की वक्त पर पेशी और सुरक्षा को सुनिश्चित करें। इस पत्र की प्रति के पास है, जिसमें कहा गया है, एससी-एसटी के खिलाफ अपराध के मामलों में प्राथमिकी दर्ज होने में देरी नहीं होनी चाहिए। एससी-एसटी के खिलाफ अपराध के मामलों की उचित स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए, जो प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर सक्षम अदालत द्वारा मामले के निपटारे तक होना चाहिए।

# इजराइल में सरकार गिरी

**एपी। यरुशलम**

● **दक्षिणपंथी, वामपंथी और मध्यमार्गी के साथ-साथ इस्लामिक अरब पार्टी को भी एकजुट कर सबसे विविधता वाली सरकार बनाने के प्रयोग का हुआ पटाक्षेप**

**इजराइल में** दक्षिणपंथी, वामपंथी और मध्यमार्गी के साथ-साथ इस्लामिक अरब पार्टी को भी एकजुट कर सबसे विविधता वाली सरकार बनाने के प्रयोग का बृहस्पतिवार को उस समय पटाक्षेप हो गया जब नेसेट (इजराइली संसद) ने शून्य के मुकाबले 92 मतों से स्वयं को भंग करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया। इसके साथ ही गत चार साल में पांचवीं बार आम चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता से दूर रखने के आधार पर विभिन्न विचारधारा के साथ आईं पार्टियों का गठबंधन एक साल से थोड़ा अधिक चला और अंतत: उन्होंने महसूस किया कि विचारों की इतनी विविधिता के साथ सरकार चलाना संभव नहीं है।

इजराइल की 120 सदर्स्इय संसद को भंग करने का फैसला ऐसे समय आया है जब देश वेस्ट बैंक में अभूतपूर्व और अफरातफरी वाले कानूनी दांवपेंच की दहलीज पर खड़ा है। इजराइल वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों को कानूनी मान्यता देने की तैयारी कर रहा है जबकि उसी स्थान पर रहने वाले फलस्तीनियों के लिए अलग कानूनी व्यवस्था बनाई जा रही है। यह कदम वर्ष1967 में बने कानून के जरिए उठाया जा रहा है जिसका हर पांच साल में नवीनीकरण करने की जरूरत पड़ती है और इसकी मियाद बृहस्पतिवार को ही समाप्त हो रही है। नेसेट ने बृहस्पतिवार की सुबह सदन को भंग करने का फैसला किया जिससे वर्ष 2019 के बाद पांचवीं बार देश में आम चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया। आखिरी बार मार्च 2021 में आम चुनाव कराए गए थे। संसद को शून्य के मुकाबले 92 मतों से भंग किया गया और एक नवंबर को चुनाव होगा। गठबंधन में हुए समझौते की वजह से विदेश मंत्री 58 वर्षीय यायिर लैपिड के लिए कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है।

वह प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट के पद छोड़ने के बाद मध्य रात्रि के बाद कार्यवाहक प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालेंगे। संसद को भंग करने के लिए हुए मतदान के बाद बेनेट और लैपिड ने एक दूसरे को गले लगाया और एक-दूसरे के स्थान पर जाकर बैठे। बृहस्पतिवार दोपहर बाद एक सादे समारोह में सत्ता हस्तांतरण का कार्यक्रम है। लैपिड अगली सरकार बनने तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी निभाएंगे। इजराइल के इतिहास में पहली बार हुआ था कि अरब पार्टी सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा थी। ओपिनियन पोल के मुताबिक नेतन्याहू गठबंधन को चुनाव में मौजूदा 52 सीटों के मुकाबले 58 से 60 सीटे मिल सकती हैं।लेकिन अब भी वह 120 सदर्स्इय सदन में 61 के जादुई आंकड़े से दूर हैं।



नाटो सम्मेलन में भाग लेते ब्रिटेन के पीएम जानसन व अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन

# हम सभी धर्मों का सम्मान करने का आह्वान करते हैं : संरा प्रवक्ता ने उदयपुर हत्या पर कहा

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र (भाषा)

**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सभी धर्मों का सम्मान करने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया है कि विभिन्न समुदाय दुनियाभर में सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में रह सकें। उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने उदयपुर में एक दर्जी की नृशंस हत्या के बाद राजस्थान में पैदा हुए साम्प्रदायिक तनाव के बीच यह टिप्पणी की। दुजारिक से यह पूछा गया था कि क्या संयुक्त राष्ट्र प्रमुख कन्हैया लाल की हत्या के बाद भारत में धार्मिक तनाव फिर से बढ़ने पर कोई टिप्पणी करेंगे।दुजारिक ने बुधवार को नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें बहुत उम्मीद है... हम सभी धर्मों का सम्मान करने और दुनियाभर में यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि विभिन्न समुदाय सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में रह सकें।

## क्विक न्यूज

### न्यूजीलैंड ने प्राउड बॉयज को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**वेलिंग्टन (एपी)।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी सुदूर दक्षिणपंथी संगठन प्राउड बॉयज एवं द बेस को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। इन दोनों संगठनों को इस्लामिक स्टेट समेत उन 18 संगठनों में शामिल किया गया है जिन्हें आधिकारिक रूप से आतंकवादी संगठन करार दिया गया है और न्यूजीलैंड में इनके लिए वित्तपोषण, भर्ती एवं उनमें शामिल होना अवैध है। अधिकारी उनपर कार्वाई करने के लिए अधिकृत हैं। जहां तक जानकारी उपलब्ध है, उसके अनुसार ए दोनों ही संगठन न्यूजीलैंड में सक्रिय तो नहीं है लेकिन दक्षिण प्रशांत क्षेत्र का यह देश 2019 में एक श्वेत श्रेष्ठ नस्लवादी द्वारा गोलीबारी कर 51 मुसलमानों की हत्या कर दिए जाने के बाद सुदूर दक्षिणपंथी संगठनों के खतरों को लेकर चौकन्ना है।

### फिलीपीन में पूर्व तानाशाह के बेटे ने ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**मनीला।** फिलीपीन में पूर्व तानाशाह के बेटे फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने बृहस्पतिवार को देश के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राजधानी मनीला के राष्ट्रीय संग्रहालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। फिलीपीन में इस घटना को हाल के इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक माना जा रहा है। लेकिन, मार्कोस के विरोधियों का कहना है कि उनके परिवार की छवि सुधरने के बाद ही ऐसा हो सका है। फिलीपीन के तानाशाह एवं फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के पिता फर्डिनेंड मार्कोस को 36 साल पहले सेना के समर्थन से सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। जनता के इस विद्रोह के परिणामस्वरूप मार्कोस जूनियर के पिता की वैश्विक स्तर पर काफी आलोचना हुई थी। इसके बाद फिलीपीन में लोकतांत्रिक राजनीति का स्तर ऊपर उठा।

### रूस और चीन ने नाटो की आलोचना की

**मैड्रिड।** रूस को एक सीधा खतरा बताने और चीन से वैश्विक स्थिरता को गंभीर चुनौतियां पेश आने की चेतावनी देने को लेकर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को बृहस्पतिवार को दोनों देशों की आलोचना का सामना करना पड़ा। नाटो ने मैड्रिड में एक सम्मेलन में यह चेतावनी दी कि विश्व बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा के एक खतरनाक चरण में प्रवेश कर गया है और साइबर हमले से लेकर जलवायु परिवर्तन तक, कई खतरों का सामना कर रहा है। नाटो के महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने बृहस्पतिवार को सम्मेलन के समापन पर कहा कि सदस्य देश हमारी प्रतिरोध और रक्षा में एक बुनियादी बदलाव पर सहमत हुए हैं। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा, हम अधिक खतरनाक विश्व और एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां यूरोप में एक भीषण युद्ध चल रहा है। उन्होंने कहा, साथ ही, हम यह भी जानते हैं कि यदि यह रूस और नाटो के बीच पूर्ण युद्ध में तब्दील हो गया तो स्थिति और भयावह हो जाएगी।

### नाटो ने तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुसार बदलाव को अपनाया है: बाइडन

**मैड्रिड।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि नाटो सैन्य गठबंधन ने दुनियाभर में तेजी से बदलते सुरक्षा हालात के अनुरूप खुद को ढालकर बदलाव को अपनाया है। नाटो के एक सम्मेलन के समापन पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बाइडन ने कहा, मेरा मानना है कि हम सब इस बात को मानेंगे कि यह एक ऐतिहासिक नाटो सम्मेलन रहा है। नाटो के तीन दिवसीय सम्मेलन में बाइडन प्रशासन द्वारा यूरोप में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी को स्थाई रूप से मजबूत करने संबंधी योजना की घोषणा की गई। इसके साथ ही तुर्की, फिनलैंड और स्वीडन के बीच नॉर्डिक देशों को नाटो में शामिल करने का रास्ता साफ करने के लिए भी सहमति बनी। बाइडन ने कहा कि इससे पहले नाटो ने अपनी रणनीतिक अवधारणा को 12 साल पहले अद्यतन किया था जिसमें रूस को साझेदार के तौर पर अंकित किया

# रूसी बलों ने स्नेक आइलैंड छोड़ा, पूर्वी मोर्चे पर हमला जारी

**कीव** (यूक्रेन)। (एपी)

**रूस ने बृहस्पतिवार** को काला सागर से अपनी सेना वापस बुला ली, जहां उन्हें यूक्रेन के लगातार हमलों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि रूस ने पूर्वी प्रांत लुहांस्क में यूक्रेन के आखिरी गढ़ को घेरने के लिए अपना पूरा जोर लगा रखा है जहां उसे यूक्रेनी सैनिकों के प्रतिरोध से जूझना पड़ रहा है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सद्भावना संकेत के तौर पर यूक्रेन के काला सागर बंदरगाह ओडेसा के ज़मीयिन (स्नेक) द्वीप से अपनी सेना वापस बुला ली है। यूक्रेन की सेना ने कहा कि यूक्रेन के तोपखाने और मिसाइल हमलों के बाद रूसी दो स्पीडबोट में द्वीप से भाग गए। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल इगोर कोनाशेनकोव ने जोर देकर कहा कि वापसी का उद्देश्य प्रदर्शन करना था कि रूसी संघ यूक्रेन के क्षेत्र से कृषि उत्पादों को बाहर ले जाने के लिए मानवीय गलियारा स्थापित करने के संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों में बाधा नहीं डाल रहा था। यूक्रेन और पश्चिमी देशों ने रूस पर अनाज के निर्यात को रोकने के लिए यूक्रेनी बंदरगाहों को अवरुद्ध कर वैश्विक खाद्य संकट में योगदान करने का आरोप लगाया है। रूस ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि सुरक्षित नौवहन की अनुमति देने के लिए यूक्रेन को काला सागर से समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाने की जरूरत है। तुर्की ने यूक्रेन से अनाज के निर्यात को निर्बाध करने के लिए एक सौदा करने की मांग की है, लेकिन वार्ता में त्वरित प्रगति के कोई संकेत फिलहाल नहीं है। कीव ने चिंता व्यक्त की है कि रूस ओडेसा पर हमले शुरू करने के लिए सौदे का इस्तेमाल कर सकता है। रूस ने एक व्यस्त नौवहन गलियारे से लगे उस द्वीप पर युद्ध के शुरुआती दिनों में नियंत्रण कर लिया और उसे स्पष्ट रूप से ओडेसा पर हमले के लिए इसे एक मंच के रूप में उपयोग करने की उम्मीद थी। जब वहां यूक्रेनी सैनिकों को एक रूसी युद्धपोत से आत्मसमर्पण या बमबारी का सामना करने की चेतावनी मिली तो उसके बाद यह द्वीप रूसी आक्रमण के लिए यूक्रेनी प्रतिरोध का प्रतीक बन गया। रूसी चेतावनी के जवाब में यूक्रेन का जवाब था, रूसी युद्धपोत भाड़ में जाओ। द्वीप के यूक्रेनी रक्षकों को रूसियों ने पकड़ लिया था लेकिन बाद में कैदी विनिमय के हिस्से के रूप में मुक्त कर दिया गया था।

### यूक्रेन को और सैन्य सहायता भेजेगा स्वीडन

**मैड्रिड (एपी)।** नाटो सम्मेलन में स्वीडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने यूक्रेन के अनुरोध के अनुरूप उसे टैंकरोधी हथियार, सहयोगी हथियार एवं सुरंग हटाने या नष्ट करने वाले उपकरणों समेत अतिरिक्त सैन्य सहायता भेजने की योजना बनाई है। यह सैन्य सहायता करीब 49 मिलियन डॉलर की है। समाचार एजेंसी टीटी के अनुसार रक्षा मंत्री पीटर हॉल्टक्विस्ट ने कहा, महत्वपूर्ण है कि यूरोप के लोकतांत्रिक देशों से यूक्रेन को सहयोगी जारी रहे एवं दीर्घकालिक हो। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि ए सैन्य उपकरण कैसे और कबतक यूक्रेन को पहुंचाए जाएंगे लेकिन यह जरूर कहा, यह सभी के हित में है कि इन्हे यथाशीघ्र पहुंचाया जाए। स्वीडन को पश्चिमी सैन्य गठबंधन नाटो से जुड़ने के लिए इस सप्ताह उसके सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था।

# रूस के सांसदों ने विदेशी मीडिया पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी दी

**मॉस्को।** (एपी)

रूस की संसद के निचले सदन ने बृहस्पतिवार को उस विधेयक पर अंतिम मुहर लगा दी जिससे रूस के समाचार संस्थानों के खिलाफ अन्य देशों की कार्वाई के जवाब में विदेशी मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जा सकेगा। क्रेमलिन नियंत्रित स्टेट ड्यूमा ने विधेयक को मंजूरी प्रदान की। संसद का उच्च सदन भी इस विधेयक पर जल्द ही अपनी मुहर लगाएगा जिसके बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दस्तखत के साथ यह कानून बन जाएगा। रूस ने पिछले कुछ महीने में बार-बार शिकायत की है कि पश्चिमी देश रूस के पत्रकारों को वीजा देने से इनकार करके और उनके कामकाज को रोककर अनुचित तरीके से रूसी मीडिया को प्रतिबंधित कर रहे हैं।

### ब्रिटेन ने यूक्रेन के लिए और सैन्य सहायता की घोषणा की

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेन को एक अरब पाउंड की सैन्य सहायता प्रदान करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। जॉनसन ने मैड्रिड में नाटो नेताओं के शिखर सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की क्रूरता से लोगों की जान जा रही है और पूरे यूरोप में यूक्रेन की शांति और सुरक्षा को खतरा है। उन्होंने कहा, पुतिन इस युद्ध में फायदा उठाने में विफल रहे हैं, जैसी कि उन्होंने उम्मीद लगाई थी और इस युद्ध की निरर्थकता अब स्पष्ट हो गई है। ब्रिटेन द्वारा यूक्रेन को उपलब्ध कराए जा रहे हथियार, उपकरण और प्रशिक्षण से यूक्रेन की रक्षा प्रणाली मजबूत हुई है।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल श्री. रविन्द्र कुमार बंसल पुत्र श्री. एस.एल. गुप्ता निवासी सीपी-33, पीतमपुरा, दिल्ली-110034 ने संपत्ति संख्या सीपी-33, पीतमपुरा, दिल्ली-110034 का अपना मूल "साइट कब्जा पत्र", "कब्जा पत्र", "मांग-सह- आवंटन पत्र" खो दिया है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त दस्तावेज या उनके बारे में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को इसकी सूचना दें।

सागर अग्रवाल, एडवोकेट
मो.: 9810980834

# क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय प्रणाली के लिए स्पष्ट खतरा : दास

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने क्रिप्टोकरेंसी को स्पष्ट खतरा बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि किसी अंतर्निहित मूल्य के बगैर सिर्फ काल्पनिक कीमत वाली कोई चीज महज अटकल भर है।

सरकार विभिन्न हितधारकों और संस्थानों से जानकारी जुटाने के बाद क्रिप्टोकरेंसी पर एक परामर्श पत्र को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। आरबीआई क्रिप्टोकरेंसी को लेकर लगातार चिंता जताता रहा है। दास ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) के 25वें अंक की प्रस्तावना में कहा है कि जैसे-जैसे वित्तीय प्रणाली तेजी से डिजिटल होती जा रही है, साइबर जोखिम बढ़ रहे हैं और इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। दास ने कहा, हमें उभरते जोखिमों को लेकर सजग रहना चाहिए। क्रिप्टोकरेंसी एक स्पष्ट खतरा है। कोई भी चीज जो बिना किसी अंतर्निहित मूल्य के सिर्फ विश्वास के आधार पर मूल्य प्राप्त करती है, उसके लिए परिष्कृत नाम अटकलबाजी ही हो सकती है। पिछले कुछ सप्ताह में क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में वैश्विक स्तर पर लगातार अस्थिरता देखी गई है। रिजर्व बैंक ने पहली बार 2018 में क्रिप्टोकरेंसी के संबंध में एक परिपत्र जारी किया था और अपनी विनियमित संस्थाओं को इस तरह के वित्तीय साधन से रोक दिया था। हालांकि, वर्ष 2020 की शुरुआत में उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय बैंक के उस परिपत्र को निरस्त कर दिया था। क्रिप्टोकरेंसी के संबंध में नियामकीय स्पष्टता अभी तक नहीं आई है।

### अर्थव्यवस्था पुनरुद्धार की राह पर, मुद्रास्फीतिक दबाव से सजग रहने की जरूरत : रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुद्रास्फीति के दबाव और भू-राजनीतिक जोखिमों से सजगतापूर्वक निपटने की जरूरत होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था पुनरुद्धार की राह पर है। रिजर्व बैंक की 25वीं वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में यह आकलन पेश करने के साथ ही कहा गया है कि बैंकों के साथ-साथ गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के पास भी झटके झेलने के लिए पर्याप्त पूंजी बफर मौजूद है। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक घटनाक्रम से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था पुनरुद्धार की राह पर चल रही है। हालांकि, मुद्रास्फीति के दबाव, बाहरी घटनाक्रम और भू-राजनीतिक जोखिमों के चलते हालात से सावधानी से निपटने और करीबी निगरानी रखने की जरूरत है। यूरोप में युद्ध, मुद्रास्फीति के लगातार ऊंचे स्तर पर बने रहने और कोविड-19 महामारी की कई लहरों से निपटने के लिए केंद्रीय बैंकों द्वारा उठाए गए मौद्रिक कदमों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था का परिदृश्य काफी अनिश्चितता से भरा हुआ है। आरबीआई की रिपोर्ट बैंकिंग क्षेत्र के बारे में कहती है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का पूंजी का जोखिम-भारित संपत्ति अनुपात (सीआरएआर) 16.7 प्रतिशत के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया जबकि उनका सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (जीएनपीए) अनुपात मार्च, 2022 में 5.9 प्रतिशत के साथ छह साल के निचले स्तर पर आ गया।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स, निफ्टी में दिखी मामूली गिरावट

**भाषा।** मुंबई

**वैश्विक स्तर** पर कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मामूली गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में मजबूती के बाद अंतिम घंटे में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स आठ अंक टूटकर बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 8.03 अंक यानी 0.02 प्रतिशत फिसलकर के 53,018.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 350.57 अंक तक चढ़ गया था। वहीं दूसरी तरफ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18.85 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,780.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में सबसे अधिक 2.09 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर लाभ के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर मंदी की आशंका के बीच एशियाई और यूरोपीय बाजारों ने फिर से बढ़त हासिल करने के लिए संघर्ष किया। इससे अमेरिकी डॉलर में तेजी आई। निवेश के सुरक्षित विकल्प के रूप में डॉलर की मांग से इसमें तेजी आई है। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी बाजारों में बिकवाली कम होने से भी घरेलू बाजार को समर्थन मिला। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुआ जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में बढ़त रही।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that, **I, Ritu Sengupta wife of Late Shri D. Sengupta alias Debdatta Sengupta resident of Flat No.B-8/6145, Vasant Kunj, New Delhi-110070, is owner/mutatee and in physical possession of Flat No.6147, Pkt-8, Sector-B, First Floor, Cat-III, SFS Flats, Vasant Kunj, New Delhi,** and applied for Transfer/Mutation of said flat in D.D.A. The Original Allocation Letter, Fifth And Final Demand Letter, Possession Letter, NOC For Water And Electricity, Site Possession Slip, and Bank Challans e.t.c., and other related documents, of the said Flat have been lost. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address/Phone No. 9871453535 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this plot can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-I, D Block 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

# पांच साल में माननीयों की रेल यात्रा पर आया 62 करोड़ रुपए का खर्च: आरटीआई

**नई दिल्ली।** लोकसभा के मौजूदा और पूर्व सदस्यों को ट्रेनों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा से बीते पांच साल में सरकारी खजाने पर 62 करोड़ रुपए का भार पड़ा है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कोरोना की वैश्विक महामारी के दौरान 2020-21 में करीब 2.5 करोड़ रुपए इस तरह की यात्राओं पर खर्च हुए हैं। मौजूदा सांसद रेलवे की प्रथम श्रेणी की एयर-कंडिशंड श्रेणी या एग्जिक्यूटिव श्रेणी की नि:शुल्क यात्रा की पात्रता रखते हैं। उनके जीवनसाथी भी कुछ शर्तों के साथ मुफ्त यात्रा कर सकते हैं। पूर्व सांसद भी अपने किसी साथी के साथ एसी-2 टियर में या अकेले एसी-। टियर में नि:शुल्क यात्रा करने की पात्रता रखते हैं। मध्य प्रदेश के आरटीआई कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने इस बारे में जानकारी मांगी थी। इसके जवाब में लोकसभा सचिवालय ने बताया कि उसे 2017-18 और 2021-22 में वर्तमान सांसदों की यात्रा के बदले में रेलवे की ओर से 35.21 करोड़ रुपए का बिल मिला वहीं पूर्व सांसदों की यात्रा के लिए 26.82 करोड़ रुपए का बिल मिला है।

### सेबी का पार्श्वनाथ डेवलपर्स पर छह महीने का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रियल एस्टेट कंपनी पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड (पीडीएल) को सूचीबद्धता नियमों का उल्लंघन करने पर छह महीने के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित करने के साथ ही उस पर 15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। बाजार नियामक ने एक आदेश में पीडीएल को 45 दिनों के भीतर जुर्माने का भुगतान करने को कहा है। सेबी ने जांच में पाया कि पीडीएल ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों के बही खातों में बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रही है। इसके साथ ही नकदी प्रवाह के विवरणों से संबंधित लेखा मानकों का सख्ती से पालन करने में भी विफल रही है। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत बरुआ ने इस आदेश में कहा,"पीडीएल लेखा मानकों में निहित नियमों के अनुपालन में कंपनी के मामलों की स्थिति का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करने में विफल रही है। बाजार नियामक ने बुधवार को पारित आदेश में कहा,"पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड को प्रतिभूति बाजार में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। आगे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभूतियों को खरीदने, बेचने या किसी भी तरह से प्रतिभूति बाजार से जुड़े रहने पर छह महीने की अवधि के लिए रोक लगा दी गई है"। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय में कोक संयंत्रों की बंदी के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मेघालय में मौजूद कोक संयंत्रों को 30 दिनों के भीतर हटाने के मेघालय उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय ने प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। इस आदेश को जेएमके कोक इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे बी पर्दीवाला की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि याची कंपनियों को उच्च न्यायालय के पास जाकर गुहार लगानी चाहिए।

# अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपया कहीं बेहतर : सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली



**अमेरिकी डॉलर** के मुकाबले रुपए के मूल्य में लगातार आ रही गिरावट के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय मुद्रा दुनिया की अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर के बरक्स कहीं बेहतर स्थिति में है। सीतारमण ने यहां कार्यक्रम के दौरान रुपए की गिरती कीमत के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम कुछ हद तक बेहतर स्थिति में हैं। हम एक बंद अर्थव्यवस्था नहीं हैं। हम वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं। ऐसे में वैश्विक घटनाक्रम का हम पर असर पड़ेगा। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत लगातार गिरती जा रही है। बुधवार को यह 79 प्रति डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर से भी नीचे गिर गया। यह रुपए का अबतक का सर्वकालिक निचला स्तर है। रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद से आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताएं बढ़ने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने, मुद्रास्फीति के स्तर में हो रही वृद्धि और केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरें बढ़ाने के रुख से डॉलर के मुकाबले दुनिया की अधिकांश प्रमुख मुद्राओं की स्थिति कमजोर होती जा रही है। यूक्रेन के खिलाफ रूस का हमला शुरू होने के बाद से भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपए को समर्थन देने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किया है। इस वजह से 25 फरवरी के बाद से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 40.94 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है।

**सार्वजनिक सूचनाः आईडी कार्ड खोने की**

यह आम जनता के ध्यान में लाना कि ICICI Bank Ltd. द्वारा जारी किए गये श्री धरम वीर सिंह का एक आईडी कार्ड नः 2210960 की गायब पाया गया और/या 27 जून 2022 को पूर्णत 11:10 बजे गुम हो गया। किसी को भी, जो उत्क आईडी कार्ड पाता है, से अनुरोध किया जाता है कि वह उत्क आईडी कार्ड Manager Debt Services & Management Group, ICICI Bank Limited, 1st floor SD Tower Rohini Sector 8, New Delhi-85, पर भेजे। इसलिए ICICI Bank Ltd. के सभी ग्राहको को यह सूचित किया जाता है कि वे किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को उत्क आईडी कार्ड आईडी कार्ड नः 2210960 का भुगतान न करें। कृप्या आगे ध्यान दें कि उत्क आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम और जोखिम पर ऐसा करेगा और ICICI Bank Ltd किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नहीं होगा।

Date: 27/6/2022 For ICICI Bank Limited
Place: Greater Noida -Sd-

# कारोबार सुगमता रैंकिंग में यूपी को सफलता

**भाषा।** नई दिल्ली

● **आंध्र, गुजरात समेत सात राज्य सबसे सफल प्रदेशों की सूची में शामिल**

**व्यापार सुधार** कार्ययोजना-2020 को लागू करने के मामले में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग में आंध्र प्रदेश, गुजरात और तेलंगाना सबसे सफल प्रदेशों की श्रेणी के अंतर्गत शीर्ष सात में शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने बृहस्पतिवार को इस बारे में रिपोर्ट जारी की। हिमाचल ,मप्र, महाराष्ट्र, ओड़िशा, उत्तराखंड और उप्र अन्य राज्य हैं, जिन्हें रैंकिंग में लक्ष्य हासिल करने को लेकर सफल राज्यों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इस कवायद का उद्देश्य कारोबार सुधार कार्वाई योजना (बीआरएपी), 2020 के तहत राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का आकलन करके उनके बीच व्यावसायिक माहौल को बेहतर बनाने की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है जिससे कि वे घरेलू और वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर सकें। आकांक्षी श्रेणी में असम, केरल और गोवा सहित सात राज्य शामिल हैं। इस श्रेणी में शामिल अन्य राज्य हैं छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, राजस्थान और पश्चिम बंगाल। उभरते कारोबारी परिवेश की श्रेणी में दिल्ली, पुडुचेरी और त्रिपुरा सहित 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को रखा गया है। इस श्रेणी में अन्य राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश हैं... अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, बिहार, चंडीगढ़, दमन एवं दीव, दादरा एवं नगर हवेली, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा।

# चुनावी बॉन्ड की 21वें चरण की बिक्री एक से 10 जुलाई तक

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चुनावी बॉन्ड के 21वें चरण की मंजूरी दे दी। इन बॉन्ड की बिक्री एक जुलाई से शुरू होगी। राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के लिए चुनावी बॉन्ड पेश किए गए थे। इन्हें राजनीतिक दलों को मिलने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अपनी 29 अधिकृत शाखाओं के जरिए एक से 10 जुलाई तक चुनावी बॉन्ड की बिक्री और इनके लिए भुगतान करेगा। एसबीआई की लखनऊ शिमला, देहरादून, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, पटना, नई दिल्ली, चंडीगढ़, श्रीनगर, गांधीनगर, भोपाल, रायपुर और मुंबई शाखाओं द्वारा चुनावी बॉन्ड की बिक्री की जाएगी। चुनावी बॉन्ड की 20वें चरण की बिक्री एक अप्रैल से 10 अप्रैल, 2022 के दौरान आयोजित की गई थी। पहले चरण के चुनावी बॉन्ड की बिक्री एक से 10 मार्च, 2018 के दौरान हुई थी।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the following person /Authorised person (AP) are no longer affiliated with **M/s. PROFITMART SECURITIES PVT. LTD.** Member of NSE, BSE & MCX having the registered office as given below with effect from 29-06-2022. Any person dealing with below mention person / Authorised person (AP) should do at their own risk. M/s. PROFITMART SECURITIES PVT. LTD., shall not be liable for any dealing with them.

| Sr. No | Name of Authorised person (AP) | PAN NUMBER |
|---|---|---|
| 1. | NEELAKSH GUPTA | AZEPN8470E |
| 2. | SOBRE EL CIELO PRIVATE LIMITED | ABBCS7083G |

Reason: unethical and illegal business activities other than stock broking and fraudulent Activity.

In case of any queries, investor are requested to inform **M/s. PROFITMART SECURITIES PVT. LTD.,** at the following address within 30 days from the date of issuing this notice.

M/s. PROFITMART SECURITIES PVT. LTD.,
Unit No 213, opal Square, Plot No C-1 Thane, Mumbai – 400604
Email Support@profitmart.in
Contact: 020 49119119

Sd/-
M/s. PROFITMART SECURITIES PVT. LTD.

## अमेठी में मुठभेड़ में पुलिसकर्मी और एक बदमाश घायल

**अमेठी।** अमेठी जिले के बाजार शुकुल क्षेत्र में बदमाशों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के भी हाथ में गोली लग गई। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि गौकशी करने वाले गिरोह की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भटमऊ के पास पुलिस तथा एसओजी (स्पेशल आपरेशन ग्रुप) ने घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया। इसी दौरान बदमाशों ने पुलिस दल पर गोलीबारी कर दी, जिसका पुलिस ने भी माकूल जवाब दिया।उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के हाथ में गोली लगी। वहीं, अभियुक्त शहजाद उर्फ टिड्डी के पैर में गोली लगी है। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के हाथ में गोली लगी। वहीं, अभियुक्त शहजाद उर्फ टिड्डी के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने शहजाद के दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। शहजाद को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस कर्मी का भी इलाज चल रहा है।

# बारिश की लहर से यूपी तरबतर

**●भीषण गर्मी के लंबे दौर के बाद हुई बरसात से खुशनुमा हुआ मौसम, बारिश के कारण दिन के तापमान में आई काफी गिरावट**



**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के अनेक हिस्सों में बृहस्पतिवार को देर आयद दुरुस्त आयद की तर्ज पर जमकर मानसूनी वर्षा हुई। भीषण गर्मी के लंबे दौर के बाद हुई झमाझम बारिश ने लोगों को खासी राहत दी। राजधानी लखनऊ बाराबंकी तथा कई अन्य जिलों में सुबह से ही रिमझिम बारिश का सिलसिला शुरू हो गया और कहीं–कहीं कुछ वक्त के लिए भारी वर्षा भी हुई। बारिश के कारण दिन के तापमान में काफी गिरावट हुई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली। मौसम विभाग ने प्रदेश में अभी एक–दो दिन और अनेक स्थानों पर बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। आंचलिक मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के पलियाकलां (लखीमपुर खीरी) में सबसे ज्यादा 14 सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा मोहम्मदाबाद (गाजीपुर) और सलेमपुर (देवरिया) में 13–13, हरदोई, धौरहरा (लखीमपुर खीरी), नीमसार (सीतापुर) तथा मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी) में 11–11 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा गाजीपुर, लखीमपुर खीरी, लंभुआ (सुलतानपुर), लहरपुर (सीतापुर), हरदोई तथा गाजीपुर में नौ–नौ सेंटीमीटर, नवाबगंज (बरेली) में आठ, मलीहाबाद (लखनऊ) तथा नगीना (बिजनौर) में सात–सात, सहारनपुर, मुरादाबाद, चांदपुर (बिजनौर) और भटपुरवा घाट (सीतापुर) में छह–छह सेंटीमीटर, गाय घाट, बलिया, वाराणसी, मेजा (प्रयागराज), हाटा (कुशीनगर) और लखनऊ में पांच–पांच सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले 24 घंटों के दौरान भी प्रदेश में अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है।

## मुंबई में इमारत गिरने से मारे गए उप्र के लोगों के परिजनों को सहायता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुंबई में पिछले दिनों गिरी एक इमारत के मलबे में दबकर मारे गए उत्तर प्रदेश के आठ निवासियों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को किए गए सिलसिलेवार ट्वीट में कहा,"मुंबई के कुर्ला क्षेत्र में मकान गिरने की दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत हृदय विदारक है। दुःख की इस घड़ी मे मेरी संवेदनाएं शोकसंतप्त परिजनों के साथ है। राज्य सरकार की तरफ से उत्तर प्रदेश के मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने एक अन्य ट्वीट मे कहा,"उत्तर प्रदेश सरकार घायलों के समुचित उपचार के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए यदि उनके परिजन शव को उत्तर प्रदेश में अपने घर लाना चाहते है तो उसकी समुचित व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

गौरतलब है कि मुंबई के उपनगर कुर्ला मे नायक नगर कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में बनी तीन मंजिला इमारत पिछले सोमवार की रात ढह गई थी। इस घटना मे 19 लोग मारे गए थे तथा 15 घायल हो गए थे। मरने वालों में उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले के रहने वाले आठ लोग भी शामिल है। मुंबई पुलिस ने इस मामले मे कुछ फ्लैट मालिकों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। उस इमारत को बृहन्मुंबई नगर निगम ने रहने के लिहाज से खतरनाक करार दिया था, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोगों ने अपने फ्लैट किराए पर दे दिए थे।

## भाजपा सांसद निरहुआ के भाई हुए हादसे में घायल

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के बड़े भाई विजय लाल यादव बाराबंकी जिले के सुबेहा क्षेत्र में बृहस्पतिवार को अपनी कार के एक डिवाइडर से जा टकराने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हे लखनऊके मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निरहुआ ने एक ट्वीट कर बताया कि उनके बड़े भाई विजय लाल यादव की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है और उन्हें इलाज के लिए मेदांता अस्पताल भेज दिया गया है एवं वह खुद भी मौके पर पहुंच रहे है।

पुलिस सूत्रो के मुताबिक, निरहुआ के भाई विजय लाल यादव कार से अपने कुछ साथियो के साथ लखनऊसे आजमगढ़ जा रहे थे। इस दौरान सुबेहा थाने के पास उनकी तेज रफ्तार कार डिवाइडर से जोरदार ढंग से टकरा गई और कई मीटर उछलकर नीचे गिरी। इस घटना मे यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हे लखनऊ के मेदांता अस्पताल मे भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जाती है।

निरहुआ की ही तरह विजय लाल यादव भी राजनीति से जुड़े है और वह पूर्व में समाजवादी पार्टी सरकार में मंत्री भी रह चुके है। इस बार उन्होंने आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव के दौरान अपने भाई भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ के बजाय सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव का समर्थन किया था। हालांकि चुनाव मे निरहुआ की जीत हुई थी।

# कर्ज वसूली से बचने के लिए मौसी और उसके बेटे को नहर में डुबोकर मारडाला

**भाषा।** मथुरा

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा जिले में एक युवती ने कर्ज के तौर पर चार लाख रुपयों की वसूली से बचने के लिए कथित तौर पर अपने प्रेमी की मदद से अपनी मौसी तथा मौसेरे भाई को नहर में डुबाकर मार डाला। पुलिस ने करीब तीन महीने की मशक्कत के बाद घटना का खुलासा कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक (नगर) मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि करीब तीन महीने पहले पुलिस को मांट क्षेत्र में माला देवी नामक महिला और राया इलाके में उसके बेटे विनय का शव मिला था। दोनों की मृत्यु डूबने से हुई थी।

उन्होंने बताया कि मृत महिला की मां ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में कहा था कि उसकी बेटी माला देवी अपने पति सतीश फौजी की मृत्यु के बाद मथुरा के इंदुपुरम कॉलोनी में उनके साथ रह रही थी। सिंह ने बताया कि माला देवी 18 मार्च को अपने पुत्र विनय के साथ अपनी जेठानी की एक रस्म में शिरकत के लिए देहरादून गई थी और वहां से 24 मार्च को मथुरा के लिए निकली थी, मगर घर नहीं पहुंची। उन्होंने कहा कि उसका फोन भी बंद आ रहा था। सिंह के अनुसार, माला की मां का कहना था कि उसकी दूसरी बेटी की पुत्री नेहा ने माला देवी से मकान खरीदने के लिए चार लाख रुपए उधार लिए थे, मगर वह उन्हें लौटा नहीं रही थी तथा मांगने पर वह एवं उसका कथित प्रेमी योगेश कुशवाहा उससे झगड़ते थे। उन्होंने बताया कि माला की मां का आरोप था कि नेहा और उसके प्रेमी ने ही संपत्ति अपने नाम कराने के उद्देश्य से बेटी और उसके पुत्र को अगवा कर लिया है। सिंह ने बताया कि इस मामले में नेहा और योगेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिंह के अनुसार, पूछताछ में नेहा ने बताया कि वह और योगेश करीब चार वर्ष से एक–दूसरे को जानते हैं और उसके नाना–नानी और मौसी माला देवी उस पर योगेश से शादी का दबाव बनाते थे, जबकि योगेश पहले से शादीशुदा था।

पुलिस अधीक्षक (नगर) के मुताबिक नेहा ने बताया कि उसने प्रेमी योगेश, उसके साथी राकेश फौजी और इमरान के साथ मिलकर योजना बनाई कि माला की हत्या कर दी जाए तो उसे अपना कर्ज वापस नहीं करना पड़ेगा और उसके मेरठ स्थित घर को बेचकर वे रकम आपस में बांट लेंगे। माला देवी ने पति की मृत्यु के बाद मिले 12 लाख रुपए एक वकील को व्यापार के लिए दिए थे। जिन्हें वह वापस नहीं लौटा रहा था। वे चारों उसे देहरादून से वापसी के समय यह कहकर मथुरा ले गए कि उन्होंने उस वकील को पकड़ लिया है। उन्होंने बताया कि योगेश ने माला देवी को मथुरा के एक होटल में ठहराया और योजना के अनुसार माला को वकील से मिलाने के बहाने राया ले जाकर, जबकि उसके बेटे विनय को मांट में गंगनहर में डुबोकर मार डाला। सिंह ने बताया कि पुलिस ने नेहा और योगेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि उनके फरार साथियों राकेश और इमरान की तलाश की जा रही है।

**निर्माणाधीन मकान की दीवार ढहने से बुजुर्ग दंपति की मौत:** महराजगंज। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के पनियरा इलाके में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार ढहने से उसके मलबे में दबकर एक बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हादसा बुधवार देर रात हुआ। पनियरा थाना क्षेत्र के नरकटहा गांव में नेबू लाल (75) और उनकी पत्नी राजमती (72) सो रहे थे, तभी उनके निर्माणाधीन मकान की एक दीवार ढह गई और दोनों उसके मलबे के नीचे दब गए। सूत्रों ने बताया कि गंभीर अवस्था में दंपति को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस सिलसिले में एक मामला दर्ज किया है।

## अज्ञात लोगों ने बुजुर्ग महिला की उसी के घर में घुसकर हत्या कर दी

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के रतनपुरी इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने 60 वर्षीय एक महिला की उसी के घर में घुसकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम ने बृहस्पतिवार को बताया कि रतनपुरी थाना क्षेत्र में कैलाश नगर गांव में बुजुर्ग महिला उर्मिला बुधवार रात अपने घर में खाना बना रही थी, तभी कुछ अज्ञात लोग उसके घर में घुस आए और धारदार हथियार से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में महिला के बेटे राजू की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए पुलिस को शव सौंपने से इनकार कर दिया था। हालांकि, मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों के समझाने पर वह मान गए और शव को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूत्रों ने बताया कि उर्मिला अपने तीन बेटों के साथ रहती थीं। उनके पति की कुछ साल पहले मृत्यु हो गई थी।

## भाजपा नेता ने की बिजली अफसर की पिटाई, धरने पर बैठे उपखंड अधिकारी

**चेतावनीः आरोपी भाजपा नेता विमल गुप्ता की अगर जल्द गिरफ्तारी नही होती है तो जिले में सभी अधिकारी और जूनियर इंजीनियर पूरी तरह से हड़ताल पर चले जाएंगे**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता द्वारा विद्युत विभाग के एक अधिकारी को कार्यालय के बाहर बुलाकर पिटाई करने के मामले में जिले के सभी उपखंड अधिकारी बृहस्पतिवार को धरने पर बैठ गए।जिले के विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रंजीत कुमार ने बताया कि 25 जून को कार्यालय में बैठे उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को भाजपा नेता विमल कुमार गुप्ता ने कार्यालय के बाहर बुलाया और अपने साथियों की मदद से उनकी पिटाई कर दी। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है, लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।उन्होंने बताया कि घटना को लेकर अधिकारियों में काफी रोष व्याप्त है और जिले के सभी उपखंड अधिकारी अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर धरने पर बैठ गए हैं, जिसके चलते कार्य बाधित हो रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के जिला सचिव विनोद कुमार ने बताया कि इस घटना के विरोध में धरने को जिले के सभी कनिष्ठ अभियंताओं ने भी समर्थन दिया है और बदायूं, बरेली तथा पीलीभीत में भी अधिकारी आज काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी भाजपा नेता विमल गुप्ता की अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं होती है तो जिले में सभी अधिकारी तथा जूनियर इंजीनियर पूरी तरह से हड़ताल पर चले जाएंगे। इस बीच, भाजपा जिलाध्यक्ष के. सी. मिश्रा ने बताया कि विमल कुमार गुप्ता पार्टी के गुरगवां मंडल के उपाध्यक्ष हैं और जो भी घटना हुई वह दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बताया कि पीड़ित उपखंड अधिकारी अनिल कुमार की ओर से मारपीट तथा एससीएसटी एक्ट के तहत सदर बाजार थाने में रिपोर्ट 25 जून को दर्ज करा दी गई थी। मामले की जांच की जा रही है और जो भी दोषी होगा, उसके विरुद्ध कानूनी कार्वाई की जाएगी।

## उपलब्धियों से भरा भाजपा जिलाध्यक्ष का कार्यकाल



**बस्ती।** अगर विधानसभा चुनाव के परिणाम को छोड़ दिया जाए तो भाजपा जिलाध्यक्ष महेश षुक्ल के अब तक कार्यकाल शानदार और उपलब्धियों से भरा रहा। इन्हीं के कार्यकाल में पहली बार जिला पंचायत अध्यक्ष के कुर्सी पर भाजपा का कोई बैठा। इसे बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे बड़ी उपलब्धि इन्हीं के ही कार्यकाल में 12 ब्लॉक प्रमुखों का निर्विरोध होना रहा। इतना ही नहीं इनके ही कार्यकाल में पहली बार जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन की कुर्सी पर बैठने का मौका भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता को मिला। बैंकों के डेलीगेट भी इन्हीं के कार्यकाल में चुने गए।

इन सबको को अगर पीछे छोड़ दिया जाए तो संगठन के कामकाज को इन्होंने जिस तरह संभाला उसे हमेषा याद किया जाएगा। संगठन और माननीयों के बीच षतप्रतिषत सामंजस्य स्थापित करने का श्रेय भी जिलाध्यक्ष को जाता है। इन लोगों का बैठकों में षतप्रतिषत उपस्थित रहना एक अच्छे पार्टी के अगुवा की निषानी मानी जा रही है। इन सबके आलावा संगठन के एक भी पदाधिकारी के उपर कोई आरोप अब तक नहीं लगा, इससे उस बात का पता चलता है, जिसमें कहा जाता है, कि अगर कोई अगुवा कार्यो के प्रति ईमानदार रहेगा तो उसके साथ के जितने लोग भी वह भी अपने अगुवा की तरह ईमानदार रहने का प्रयास करेगें। इन्हें जानने वाले कहते हैं, कि एक अच्छे नेता के रुप में जितने गुण होने चाहिए वे सभी भाजपा जिलाध्यक्ष में है। इनका सहज और सरल होना ही बड़ी बात है। इनका मिलनसार और मृदुभाषी होना इनके व्यक्तित्व को चार चांद लगाता है। ऐसा भी नहीं कि भाजपा से जुड़े सभी लोग इनके कार्यो से संतुष्ट ही हो। इनके कार्यकर्त्ता ही इन पर पक्षपात और गलत लोगों का सहयोग करने का आरोप लगाते रहे है। ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में एक दो ब्लॉकों के प्रमुखों के चयन के मामले में गलत निर्णय लेने का आरोप भी इनपर चस्पा है। बहरहाल अगर कुल मिला कर देखा जाए और अन्य जिलाध्यक्षों की इनसे तुलना की जाए तो इन्हें अधिक नंबर मिलेगा है।

## जनप्रतिनिधियों संग मंत्रणा में उठे अहम मुद्दे



**बांदा।** शासन के निर्देशानुसार हर माह जनपद के विभिन्न पार्टियों के जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं, उसी क्रम में आज कलेक्टेऊट सभाकक्ष में जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी ने जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया कि वन विभाग से पिछले छः माह से लगातार आग्रह किया जा रहा है कि निम्नीपार पहाडी बाबा के स्थान पर एक पेड गिर गया थाए अभी तक हटवाया नही गया है, लगभग आधा दर्जन सड़कों के किनारे फलदार वृक्ष रोपण कराने का आग्रह किया गया, बिजली विभाग नगर जो खनिज न्यास निधि से जिलाधिकारी द्वारा 11 स्वीकृत किये गये थे। अभी तक उन कार्यों का टेण्डर नही किया गया एवं नवाब टैंक फीडरए भूरागढ़ फीडर में सबसे ज्यादा विद्युत की अव्यवस्था रहती है क्योंकि इनमें भार ज्यादा है। उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न स्थलों का चिन्हीकरण कर विद्युत की स्थायी कार्ययोजना बनायी जाएए जिससे विद्युत अव्यवस्था से निजात पाया जा सके। जल निगम नगर के द्वारा जनपद के समस्त इन्टेकबेल ठीक कराने के निर्देश दिये तथा नगर पालिका परिषद बांदा के द्वारा जनपद के मढियानाका सहित जनपद की अन्य जगहों पर सरकार की मंशा है कि एल0ई0डी0 बल्ब लगवाये जायें परन्तु कुछ जगहों पर अंधेरा छाया रहता है इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।। इसी प्रकार बाकर गंज दीवान गंज तथा जिलेदार के पुरवा में जल संस्थान द्वारा पानी की गन्दी सप्लाई की जा रही है तथा पी0डब्लू0डी0 के द्वारा जी0आई0सी0 के सामने डिवाइडर तुडवाने के निर्देश दिये तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में जनसामान्य के द्वारा प्रतिदिन शिकायतें आती हैं कि लेखपालों द्वारा पात्र लाभार्थियों से अवैध धन उगाही की जाती है। जिलाधिकारी से रैण्डम जांच करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने गॉवों की समस्याओं को भी अवगत कराया कि जल.जीवन मिशन के द्वारा जो लाइन गॉव में घर.घर बिछाने का कार्य किया गया है तो नरैनीए बबेरूए तिन्दवारी सहित इत्यादि जगहों पर जल निगम के द्वारा छः माह से टूटी हुई सड़के पडी हुई हैंए जो कि नियमानुसार अधिकतम एक माह के अन्दर दुरस्त कराने के निर्देश हैं। विधायक नरैनी श्रीमती ओममणि वर्मा द्वारा समस्याओं से अवगत कराया गया। उधर, बबेरू विधायक प्रतिनिधि अजय पटेल ने भी कई मुद्दे उठाए। जिलाधिकारी अनुराग पटेल के द्वारा समस्त जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया कि आप लोंगो के द्वारा जो जन समस्याओं को उठाया गया है उनको सम्बन्धित विभागों से पन्द्रह दिनों के अन्दर निस्तारण कराया जायेगा।

## तदर्थ शिक्षकों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे- मारकंडेय सिंह

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ बस्ती मंडल की बैठक राजकीय पुस्तकालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडलीय अध्यक्ष राम पूजन सिंह व संचालन मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष मार्कंडेय सिंह ने कहा कि तदर्थ शिक्षकों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षको को वेतन रोकने संबंधी आदेश को वापस लेना पड़ेगा। शिक्षक हितों की रक्षा के लिए सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष किया जाएगा। नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में 11 से 16 जुलाई के मध्य जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। उसके बाद 22 अगस्त को शिक्षा निदेशक माध्यमिक के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सितंबर माह में विधानसभा के सामने धरना प्रदर्शन करने की रणनीति तैयार की गई। प्रांतीय अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि बस्ती मंडल में 4 हजार से अधिक शिक्षकों को सदस्य बनाना है,जिसके तहत शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की टीम विद्यालयों का भ्रमण करेगी। संग्रह की गई सदस्यता 31 जुलाई को लखनऊ में आयोजित राज्य परिषद की बैठक में जमा की जाएगी। मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने तदर्थ शिक्षकों को वर्तमान संकट से उबारने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने, पुरानी पेंशन योजना, वित्त विहीन शिक्षकों को मानदेय दिलाने, बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन बकाया पारिश्रमिक का भुगतान करने बकाया एरियर का भुगतान करने ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया को गतिशील करने सहित तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 जुलाई को 14 जुलाई को संत कबीर नगर व 15 जुलाई को बस्ती जिला विद्यालय निरीक्षक पर धरने का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए तीनों जनपदों में सात जुलाई को जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया है। इस दौरान अजय प्रताप सिंह, जय प्रकाश मिश्रा, अरुण कुमार मिश्रा, रमेश गुप्ता, गुलाब चंद्र मौर्या, गिरिजानंद यादव,दिग्विजय सिंह, मनोज सिंह, शिव शंकर, विनोद वर्मा, गणेश कुमार पांडेय, अजीत सिंह, रवीश पांडेय,राम सूरत, प्रमोद सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्र प्रेम की भावना को लेकर 11 से 17 अगस्त तक चलेगा कार्यक्रम

**फतेहपुर।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) विनय कुमार पाठक ने बताया कि शासनदेशानुसार स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देशभर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रमों के अन्तर्गत सचिव संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र 23 मई द्वारा अवगत कराया गया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के क्रियान्वयन हेतु गठित राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति (एनआईसी) द्वारा 11 से 17 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम अनुमोदित किया गया है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतीय को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झण्डा फहराने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए।

# जिहाद की मध्ययुगीन अवधारणाओं पर लगे रोक

**बरेली।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की हत्या के मामले पर बृहस्पतिवार को कहा कि जिहाद की मध्य युगीन अवधारणाएं धार्मिक उन्माद को बढ़ा रही हैं और इन पर रोक लगनी चाहिए। उदयपुर की घटना के विरोध में यहां बजरंग दल द्वारा आयोजित प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा जिहाद की मध्ययुगीन अवधारणाएं धार्मिक उन्माद को बढ़ा रही हैं। ए विश्व शांति व मानवता के लिए गंभीर चुनौती हैं। इन पर रोक लगनी चाहिए, चाहे इसकी कोई भी कीमत क्यों ना चुकानी पड़े। उन्होंने उदयपुर कांड के आरोपियों के खिलाफ मुकदमे की फास्ट ट्रैक अदालत में सुनवाई तथा छह माह में फांसी की सजा की मांग भी की। कुमार ने कहा



मुसलमानों का एक वर्ग जिहाद को जिस प्रकार समझता है, वह बेहद खतरनाक है। उसे लगता है कि गैर इस्लामिक लोगों पर हमला, हत्या व उनका माल लूटना उचित है। इसी अवधारणा के कारण विश्व के अनेक भागों में हिंसा व अशान्ति फैली हुई है। विहिप नेता ने कहा कि कुछ इस्लामिक संस्थाओं ने उदयपुर की घटना की निंदा तो की मगर जब तक जिहाद के संबंध में मध्ययुगीन अवधारणाएं फैलाई जाती रहेंगी तब तक ना तो विश्व में शांति रहेगी और ना ही सांप्रदायिक सद्भाव। सरकारें तो इनको कानून–व्यवस्था का मामला मान कर निपटेंगी हीं, मगर यह एक वैचारिक युद्ध है जिसे विश्व भर के सम्पूर्ण सभ्य समाज को लड़ना है। कुमार ने मुस्लिम समाज का भी आह्वान करते हुए कहा कि वह वर्तमान समय के प्रवाह को समझकर अपनी विचारधारा को दुरुस्त करे। उन्हें इस बात की भी सावधानी बरतनी पड़ेगी कि मदरसे तथा अन्य संस्थाएं आतंकवाद की नर्सरी के रूप में इस्तेमाल ना हों। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल निर्भयतापूर्वक समाज की सुरक्षा के लिए अग्रिम मोर्चे पर मुस्तैद रहेंगे। गौरतलब है कि राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की दो मुस्लिम युवकों ने कथित तौर पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी और उन्होंने इस नृशंस हत्या का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर डाला था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रहा है और राजस्थान पुलिस का आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) जांच में मदद कर रहा है।

# बुमराह की कप्तानी का होगा टेस्ट

## ● इंग्लैंड का सामना करने को तैयार टीम इंडिया, आखिरी टेस्ट मैच आज से

भाषा। बर्मिंघम

**पहली बार** कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को पांचवें और आखिरी टेस्ट के लिए इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी तो काफी कुछ बदला हुआ होगा। इंग्लैंड की टीम ने जहां अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है तो भारत की तैयारी उतनी पुख्ता नहीं है। भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे थी लेकिन भारतीय खेमे में कोरोना के मामले आने के कारण पांचवां मैच स्थगित कर दिया गया था। उसके बाद से नौ महीने बीत गए और तत्कालीन कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी जबकि उनके बाद कप्तान बने रोहित शर्मा कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद यह मैच नहीं खेल रहे हैं। उपकप्तान केएल राहुल भी सर्जरी के कारण टीम से बाहर हैं। ऐसे में कप्तानी की जिम्मेदारी बुमराह को सौंपी गई है जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक हैं और राष्ट्रीय टीम के 36वें कप्तान होंगे। वह तेज आक्रमण के अगुवा रह चुके हैं लेकिन बेन स्टोक्स की टीम के खिलाफ चुनौती अलग तरह की होगी। भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले आखिरी तेज गेंदबाज कपिल देव थे। जवागल श्रीनाथ और जहीर खान को कभी उपकप्तानी भी नहीं दी गई लिहाजा 35 साल बाद कोई तेज गेंदबाज भारत का कप्तान बना है। वैसे यह बंदोबस्त एक मैच के लिए ही किया गया है लेकिन भविष्य में जब भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरेगी तो चयनकर्ता अपने सारे विकल्प आजमा लेना चाहते होंगे। इंग्लैंड ने हाल ही में न्यूजीलैंड को 3- 0 से हराया है और नए कोच ब्रेंडन मैकुलम के मार्गदर्शन में टीम काफी आक्रामक प्रदर्शन कर रही है। उनके बल्लेबाजों ने विरोधी आक्रमण की जमकर धुनाई की है जबकि जैक लीच ने दो बार पारी के पांच विकेट लिए हैं। यहां की पिच सपाट दिख रही है जो बल्लेबाजों की मददगार साबित हो सकती है। ऐसे में बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। कप्तानी छोड़ने के बाद से जो रूट फॉर्म में हैं जबकि आईपीएल से फॉर्म हासिल करने वाले जॉनी बेयरस्टॉ ने 120 प्लस की औसत से करीब 400 रन बनाए। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को कहा , इंग्लैंड ने दो मैचों में हार के करीब जाकर जीत दर्ज की है।



### कप्तानी में पदार्पण पर धोनी से प्रेरणा ली बुमराह ने

**बर्मिंघम।** संयोगवश भारतीय टीम की कमान संभालने जा रहे जसप्रीत बुमराह इसे अपने कैरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं और उन्होने इंग्लैड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से पहले महेंद्र सिंह धोनी की सीख को याद किया जिन्हे कप्तानी का कोई अनुभव नही होते हुए भी वह इतने सफल कप्तान बने। बुमराह को बृहस्पतिवार की सुबह की पता चला कि वह इस मैच मे कप्तान होंगे चूंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा का कोरोना टेस्ट फिर पॉजिटिव पाया गया। बुमराह ने कहा , दबाव होने पर सफलता का मजा ही कुछ और होता है।

### राहुल की जर्मनी में सफल सर्जरी, कुछ महीनों तक टीम से हो सकते हैं बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के सीनियर सलामी बल्लेबाज और नियमित उप कप्तान लोकेश राहुल का जर्मनी मे स्पोर्ट्स हर्निया का सफल आपरेशन हुआ और उनके कुछ और महीनों तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहने की संभावना है। इसी महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर होने को बाध्य हुए राहुल को पिछले कुछ वर्षो मे पेट के नीचे के हिस्से से जुड़ी फिटनेस समस्याओ का सामना करना पड़ा है जिसमे ग्रोइन मे खिंचाव और पैर की मांसपेशियो की चोट भी शामिल है। राहुल ने ट्वीट किया, पिछले कुछ हफ्ते काफी मुश्किल रहे लेकिन सर्जरी सफल रही। मै ठीक हो रहा हूं और अच्छी तरह उबर रहा हूं। मेरे उबरने का सफर शुरू हो चुका है। आपके संदेशो और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद। जल्द ही मिलते है। पिछले आठ साल में 30 साल के राहुल ने भारत की ओर से 42 टेस्ट, 42 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले है। भारत लौटने पर राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की खेल विज्ञान टीम के प्रमुख डॉ. नितिन पटेल की अगुआई मे उनका रिहैबिलिटेशन शुरू होगा। राहुल की वापसी की समय सीमा तय नही की जा सकती लेकिन मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों का मानना है कि उन्हे भारतीय टीम की ओर से वापसी करने मे कुछ और महीने का समय लग सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने पीटीआई को नाम जाहिर नही करने की शर्त पर बताया, वह कुछ दिन आराम करेगा और फिर एनसीए में उसका रिहैबिलिटेशन शुरू होगा। नियमित नेट सत्र शुरू करने से पहले कुछ हफ्तो का समय लगेगा।

### प्रतिद्वंद्वी के बदलने से हमारा खेलने का तरीका नही बदलेगाः स्टोक्स

**बर्मिंघम।** इंग्लैड के कप्तान बेन स्टोक्स का कहना है कि उन्हें पता है कि भारत को हराने के लिए किस चीज की जरूरत है लेकिन उन्होने जोर दिया कि यह उनके लिए एक मैच जीतने से कही अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि वे अपने खेल की शैली से टेस्ट क्रिकेट को नया रूप देने की कोशिश मे जुटे है। स्टोक्स ने पांचवें टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, हम निश्चित रूप से जानते है कि श्रृंखला ड्रा करने के लिए हमे इस मैच को जीतना जरूरी है। लेकिन जैसा कि आप जानते हो कि मैने पिछले हफ्ते के अंत मे कहा था कि इस समय हम नतीजे से बड़ा सोच रहे है, मैदान पर जो कुछ हो रहा है, हम उससे बड़ा सोच रहे है। हम निश्चित रूप से प्रत्एक मैच मे जीतना चाहते है लेकिन यह इससे भी बढ़कर है। यह मैच कोविड-19 मामले आने के कारण पिछले साल सितंबर मे स्थगित हो गया था। मुझे लगता है कि हम जिस तरह का क्रिकेट खेलते है, पिछले तीन हफ्तो मे उसे नए रूप मे बदलने मे कामयाब रहे है।

# भारतीय महिला टीम की निगाहें श्रीलंका के खिलाफ सभी विभागों में सुधार पर

## ● तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला आज

भाषा। पालेकल

**मिताली राज** के बिना 50 ओवर क्रिकेट में नए युग की शुरूआत कर रही भारतीय टीम की नव नियुक्त कप्तान हरमनप्रीत कौर शुक्रवार से मेजबान श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में अपनी खिलाड़ियों से सभी विभागों में सुधरे हुए प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी। भारतीय टीम अपनी दो दिग्गज - मिताली और झूलन गोस्वामी के बिना होगी। मिताली ने इस महीने के शुरू में क्रिकेट से संन्यास ले लिया जबकि झूलन की मांसपेशियों में खिंचाव है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दोनों शानदार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति कप्तान कौर के लिए वनडे श्रृंखला के शुरूआती मैच से पहले कई चिंताओं में से एक होगी। लेकिन भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन परफेक्ट से काफी दूर रहा लेकिन अब जब प्रारूप बदलेगा तो टीम की नियमित खिलाड़ी निचली रैंकिंग (नौंवी) की श्रीलंकाई टीम के खिलाफ दबदबे भरा प्रदर्शन करना चाहेंगी।



### अपनी फिटनेस से टीम के लिए मिसाल बनना चाहती हूं : हरमनप्रीत

**पल्लीकल।** श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला से भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्णकालिक कप्तान के रूप मे शुरूआत करने जा रही हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह अपनी टीम की फिटनेस और फील्डिंग के स्तर मे सुधार चाहती है। टी20 कप्तान हरमनप्रीत को मिताली राज के संन्यास लेने के बाद वनडे टीम की कमान भी सौपी गई है। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचो की श्रृंखला शुक्रवार से शुरू होगी जो वनडे कप्तान के रूप में उनकी पहली चुनौती है।

### हाईकोर्ट ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट श्रृंखला के अनधिकृत प्रसारण पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोनी टेन नेटवर्क चैनल द्वारा हासिल किए गए प्रसारण अधिकारो के उल्लंघन के लिए (अपराध के उद्देश्य से बनाई गई) 39 वेबसाइट पर आगामी भारत-इंग्लैड अतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला की स्ट्रीमिंग करने से रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि सोनी टेन नेटवर्क चैनलो के मालिक कलवर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पास खेल टूर्नामेंट के एक्सक्लूसिव मीडिया अधिकार है और उसने संबंधित श्रृंखला के अवैध प्रसारण, संचार, प्रसारण और अनधिकृत वितरण के खिलाफ सुरक्षा के लिए अपने पक्ष में प्रथम दृष्टया मामला बनाया है।

### डेविस कप में भारत 16-17 सितंबर को नार्वे से भिड़ेगा

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने गुरूवार को घोषणा की कि मेजबान नार्वे ने पुष्टि की है कि वे अपने अगले विश्व ग्रुप एक मुकाबले मे 16-17 सितंबर को भारतीय डेविस कप टीम की मेजबानी करेंगे। मेजबान के पास गुरूवार-शुक्रवार या फिर शुक्रवार-शनिवार को खेलने का विकल्प था। नार्वे ने शुक्रवार-शनिवार का विकल्प चुना। भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मे पहली बार नार्वे से भिड़ेगा। एआईटीए ने बयान मे कहा, भारत और नार्वे डेविस कप इतिहास मे पहली बार एक दूसरे से भिड़ेगे और हमे भारतीय टीम से कुछ शानदार टेनिस देखने की उम्मीद है।

### एआईएफएफ महासचिव कुशाल ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** विवादो का हिस्सा रहे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव कुशाल दास ने स्वास्थ्य कारणो से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस तरह उनके 12 साल के कार्यकाल का अंत हुआ जिस दौरान उन पर कई बार वित्तीय अनियमितताओ के आरोप लगे। वर्ष 2010 मे पद संभालने वाले दास स्वास्थ्य कारणो से 20 जून से छुट्टी पर थे। फुटबॉल जगत मे हालांकि कईयो का कहना है कि प्रशासको की समिति (सीओए) ने उन्हे काम से अलग रखा था क्योंकि नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) के आडिट मे कई वित्तीय अनियमितताओ का पता चला जिनकी जांच चल रही है।

### बटलर इंग्लैंड की टी20 और वनडे टीमों के कप्तान बने

**लंदन।** जोस बटलर को बृहस्पतिवार को इंग्लैड की टी20 और वनडे क्रिकेट टीमो का कप्तान बनाया गया। पिछले सात साल से टीम के उपकप्तान 31 वर्ष के बटलर को इयोन मोर्गन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद यह जिम्मेदारी सौपी गई है। बटलर भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जुलाई मे होने वाले 12 मैचो से जिम्मेदारी संभालेगे। इंग्लैड के लिए 151 वनडे मे 4120 और 88 टी20 मैचो मे 2140 रन बना चुके बटलर तीनो प्रारूपो मे शतक जड़ने वाले मलान और नाइट के अलावा इंग्लैड के तीसरे बल्लेबाज है।

### आयु धोखाधड़ी शिकायतों की जांच के लिए बीएआई पैनल गठित करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) आयु धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतो की विस्तृत जांच के लिए पैनल का गठन करेगा और दोषी पाए जाने वालो पर न्यूनतम दो साल का प्रतिबंध लगाएगा। हैदराबाद मे अखिल भारतीय सब जूनियर अंडर-13 रैंकिंग टूर्नामेंट (19 से 25 जून) और मोहाली मे मौजूदा अंडर-13 प्रतियोगिता के दौरान आयु धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए।

# क्वितोवा विंबलडन के तीसरे दौर में

भाषा। विंबलडन

**दो बार की** ऑल इंग्लैंड क्लब चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा ने गुरूवार को यहां विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में एना बोगडान की चुनौती समाप्त कर तीसरे दौर में जगह बनाई।

25वीं वरीयता प्राप्त क्वितोवा ने बोगडान को भले ही दो सेट में 6- ।, 7-6 से हरा दिया हो लेकिन दूसरे सेट में उन्हें प्रतिद्वंद्वी ने कड़ी चुनौती दी। अब क्वितोवा का सामना स्पेन की चौथी वरीय पाउला बाडोसा से होगा जिन्होंने इरिना बारा को 6-3 6-2 से शिकस्त दी। पिछले साल विंबलडन के फाइनल में पहुंची छठी वरीय कैरोलिना प्लिस्कोवा को सेंटर कोर्ट पर ब्रिटेन की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली कैटी बोल्टर ने 3-6, 7-6, 6-4 से हराकर बाहर कर दिया। बोल्टर ने पिछले हफ्ते अभ्यास टूर्नामेंट में प्लिस्कोवा को भी हराया था। अब बोल्टर का सामना अगले दौर में हार्मनी टैन से होगा। टैन ने सात बार की विम्बलडन चैम्पियन सेरेना विलियम्स को पहले दौर में हराने के बाद गुरूवार को 32वीं वरीय सारा सोरीबेस टोर्मो को 6-3, 6-4 से पराजित किया। पुरूषों के ड्रा में निक किर्गियोस ने तीसरे दौर में जगह बनाई। इस गैर वरीय आस्ट्रेलियाई ने 26वें वरीयता प्राप्त फिलिप क्राजिनोविच को 6-2, 6-3, 6- । से हराया। अब उनका सामना चौथे वरीय स्टेफानोस सिटसिपास से होगा जिन्होंने जोर्डन थाम्पसन पर 6-2, 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की। अमेरिका के टेलर फिट्ज, नीदरलैंड के बोटिक वान डि जांडशुल्प और फ्रांस के रिचर्ड गास्केट ने भी अगले दौर में जगह बनाई। स्पेन के रोबर्टो बतिस्ता अगुट कोविड-19 पॉजिटिव आने के कारण टूर्नामेंट से हट गए। इससे पहले दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे को बुधवार को यहां आल इंग्लैंड क्लब पर पुरुष एकल के दूसरे के मुकाबले में जॉन इसनर के खिलाफ चार सेट में हार का सामना करना पड़ा। मरे को 20वें वरीय अमेरिकी खिलाड़ी ने 6-4, 7-6 (4), 6-7 (3), 6-4 से हराया। मरे से पहले मेजबान देश की एक और शीर्ष खिलाड़ी और गत अमेरिकी ओपन चैंपियन एमा राडुकानु को भी फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया के खिलाफ महिला एकल के दूसरे दौर में सीधे सेट में 3-6, 3-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मरे 2013 में विंबलडन खिताब जीतने वाले 77 साल में ब्रिटेन के पहले पुरुष एकल चैंपियन बने थे। उन्होंने इसके बाद 2016 में एक बार और विंबलडन का एकल खिताब जीता। पिछले 13 मौकों पर मरे हमेशा विंबलडन के कम से कम तीसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे थे। उन्हें 2005 में पदार्पण करते हुए और 2021 में तीसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।



### सानिया और जोड़ीदार पहले दौर से बाहर

**विम्बलडन।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा अपने आखिरी विम्बलडन में चेक गणराज्य की लूसी राडेका के साथ पहले ही दौर मे हारकर बाहर हो गई। सानिया और लूसी को पोलैड की मैगडलीना फ्रेंच और ब्राजील की बीत्रोज हदाद माइया ने 4-6, 6-4, 6-2 से हराया। सानिया ने यहां 2015 मे मार्तिना हिंगिस के साथ पहली बार युगल खिताब जीता था। पिछले साल वह मिश्रित युगल के तीसरे दौर मे हार गई थी। अभी उन्हे मिश्रित युगल मे क्रोएशिया के मेट पेविच के साथ खेलना है। दोनो का सामना पहले दौर मे नटेला डी और डेविड वेगा हर्नांडिज से होगा।

# भारत की नजरें पहले खिताब पर

## ● महिला हॉकी विश्व कपः प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा नीदरलैंड

भाषा। टेरेसा (स्पेन)

**विश्व हॉकी** की शीर्ष 16 महिला टीम प्रतिष्ठित एफआईएच विश्व कप खिताब के लिए शुक्रवार से चुनौती पेश करेंगी जिसमें आठ बार के विजेता नीदरलैंड की नजरें खिताबी हैट्रिक पर टिकी होंगी जबकि भारत पहली बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा। स्पेन के साथ एक से 17 जुलाई तक होने वाले टूर्नामेंट की सह मेजबानी करने वाला गत चैंपियन नीदरलैंड महिला हॉकी में सबसे अधिक दबदबा बनाने वाली टीम है और उसने आठ बार खिताब जीता है जबकि चार बार उप विजेता रहा। नीदरलैंड की महिला टीम ने चार बार ओलंपिक स्वर्ण, दो बार रजत और तीन बार कांस्य पदक भी जीता और इस बार भी अपने विश्व खिताब की रक्षा करने की प्रबल दावेदार है। अर्जेन्टीना, आस्ट्रेलिया और जर्मनी की टीम ने दो-दो बार विश्व कप जीता है।



टूर्नामेंट की शुरुआत मेजबान स्पेन और कनाडा के बीच पूल सी मुकाबले के साथ होगी। स्पेन का टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कुआलालंपुर में 1983 में रजत पदक जीतना है। टूर्नामेंट में 16 टीम को चार-चार टीम के चार पूल में बांटा गया है। प्रत्एक पूल की शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच क्रॉस ओवर होगा। क्रॉसओवर में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल डी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी जबकि पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम की भिड़ंत पूल डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगी। इसी तरह पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना पूल सी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा जबकि पूल बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगी। पूल ए में जर्मनी, चिली, पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता आयरलैंड और नीदरलैंड को जगह मिली है जबकि पूल बी में भारत, चीन, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड शामिल हैं। पूल सी में अर्जेन्टीना, कनाडा, कोरिया और स्पेन को शामिल किया गया है जबकि पूल डी में आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, जापान और दक्षिण अफ्रीका चुनौती पेश करेंगे। एफआईएच प्रो लीग का खिताब जीतने के बाद नीदरलैंड की टीम टूर्नामेंट में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। इस टूर्नामेंट में बेल्जियम की टीम दूसरे जबकि भारत की टीम पदार्पण करते हुए तीसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में पहले टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहना रहा। पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में एतिहासिक चौथा स्थान हासिल करने के बाद भारतीय टीम की दावेदारी भी मजबूत होगी। भारतीय महिला टीम ने इस साल मई में विश्व रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ छठा स्थान हासिल किया और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष टीमों को अच्छी चुनौती देते हुए अर्जेन्टीना, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों को पछाड़कर पोडियम पर जगह बनाई।

### खिलाड़ी से दुर्व्यवहार के कारण अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के कोच को वापस बुलाया

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के साथ जुड़े कोच को यूरोप के मौजूदा ट्रेनिंग दौरे पर एक नाबालिग खिलाड़ी से दुर्व्यवहार के आरोप में निलंबित किया गया है और नॉर्वे से वापस बुलाया गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति (सीओए) ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को इस घटना की जानकारी दी है। सीओए के बयान के अनुसार, अंडर-17 महिला टीम में दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम पर कोविड का साया

## ● स्ट्राइकर गुरजंत और कोच ग्राहम रीड पॉजिटिव पाए गए

भाषा। बेंगलुरू

**राष्ट्रमंडल खेलों** के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के तैयारी शिविर पर बृहस्पतिवार को कोविड-19 का प्रकोप दिखा जब स्ट्राइकर गुरजंत सिंह और मुख्य कोच ग्राहम रीड सहित पांच खिलाड़ी वायरस के लिए पॉजिटिव पाए गए। बुधवार सुबह आरटी-पीसीआर परीक्षण किया गया था। संक्रमित लोगों में हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं और उन्हें यहां पृथकवास पर रखा गया है।हॉकी इंडिया ने बिना किसी का नाम लिए मीडिया विज्ञप्ति में कहा, राष्ट्रमंडल खेल 2022 की तैयारी कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम के दो खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। टीम के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, गुरजंत और ग्राहम रीड संक्रमित हो गए हैं। टीम का वीडियो विश्लेषक अशोक कुमार चिन्नास्वामी भी पॉजिटिव पाया गया है। गुरजंत के अलावा पॉजिटिव पाए गए खिलाड़ी आशीष कुमार टोप्नो हैं। यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के परिसर में चल रहे शिविर में 31 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जिसमें पीआर श्रीजेश, मनप्रीत सिंह, पवन, ललित कुमार उपाध्याय, हरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार और अमित रोहिदास शामिल हैं। खिलाड़ी एफआईएच हॉकी प्रो लीग में बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ खेलने के बाद शिविर में पहुंचे हैं। शिविर 23 जुलाई को संपन्न होगा जिसके बाद टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में भारत में कोरोना वायरस के 18,819 नए मामले सामने आए हैं।



### भारतीय टेस्ट टीम में अपनी भूमिका का लुत्फ उठा रहा हूं, और प्रभाव डालने के लिए तैयार : शार्दुल ठाकुर

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले भारतीय आल राउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा कि वह टीम में अपनी भूमिका का लुत्फ उठा रहे हैं और जब तक मुख्य गेंदबाज ब्रेक पर हैं तो वह निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर और प्रभाव डाल सकते हैं। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ठाकुर ने बीसीसीआई टीवी से कहा, इस समय हमारे तेज गेंदबाजी विभाग में हर कोई अच्छा प्रदर्शन कर रहा है जिनमें (मोहम्मद) शमी, (जसप्रीत) बुमराह, उमेश (यादव - जब भी उन्हें मैच मिलता है) शामिल हैं। इशांत (शर्मा) इसमें थे और आमतौर पर वे नई गेंद से शुरूआत करते और कई दफा ऐसा होता कि वे पहले स्पैल में दो-तीन विकेट झटक लेते और मुझे बाद में गेंदबाजी का मौका मिलता। ठाकुर अकसर चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका निभाते हैं।

### ग्रीन व कैरी ने आस्ट्रेलिया को श्रीलंका पर बढ़त दिलाई

**गॉल ( श्रीलंका )।** आस्ट्रेलिया ने कैमरन ग्रीन और एलेक्स कैरी की मदद से गुरूवार को पहले टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक श्रीलंका पर 101 रन की बढ़त हासिल कर ली। श्रीलंका की टीम पहली पारी में 212 रन पर सिमट गई थी। बारिश से प्रभावित दिन में स्टंप तक आस्ट्रेलिया का स्कोर आठ विकेट पर 313 रन था। ग्रीन और कैरी ने तेजी से 93 गेंद में 84 रन की साझेदारी निभाई जिससे आस्ट्रेलियाई टीम श्रीलंका के पहली पारी के स्कोर से आगे बढ़ने के साथ बढ़त हासिल करने में सफल रही। ग्रीन ने 109 गेंद में छह चौके से 77 रन बनाए जबकि कैरी ने 47 गेंद में 45 रन की पारी खेली। इन दोनों से पहले सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने 71 रन बनाए। आस्ट्रेलिया ने रात के तीन विकेट पर 98 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए चाय तक पांच विकेट पर 233 रन बना लिए थे। इसके बाद टीम बड़ी बढ़त की ओर बढ़ रही थी लेकिन कैरी ऑफ स्पिनर रमेश मेंडिस की गेंद पर खराब शॉट खेलने से दिनेश चांदीमल को कैच देकर आउट हुए। ग्रीन और मिशेल स्टार्क ने सातवें विकेट के लिए 37 रन जोड़ लिए थे। लेकिन ग्रीन मेंडिस की गेंद को स्वीप करने के प्रयास में पगबाधा आउट हुए। उन्होंने रिव्यू लिया लेकिन यह उनके पक्ष में नहीं गया।



### मुक्केबाजी : सचिन क्वार्टर फाइनल में , सिमरनजीत बाहर

**नूर सुल्तान।** मौजूदा युवा विश्व चैम्पियन सचिन सिवाच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एलोरडा कप में पुरूषों के 57 किलो वर्ग में तुर्कमेनिस्तान के यखलास जिलिश्जानोव को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं पूर्व विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत कौर को महिलाओं के 60 किलो क्वार्टर फाइनल में चीन की शू जिशू ने 3-2 से हराया। भारत के लक्ष्य चाहर और हर्ष लाकड़ा भी कजाखस्तान के प्रतिद्वंद्वियों से हारकर बाहर हो गए। लक्ष्य को 86 किलो क्वार्टर फाइनल में अबजल के ने 5-0 से हराया जबकि हर्ष को एरासिई जाकपेकोव ने 80 किलो वर्ग में इसी अंतर से मात दी। टूर्नामेंट का फाइनल चार जुलाई को खेला जाएगा।

# सिंधू भी क्वार्टर फाइनल में, प्रणय भी जीते

## मलेशिया ओपनः प्रणय ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी को हराया

भाषा। कुआलालंपुर

**दो बार की** ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और थॉमस कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एचएस प्रणय ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए बृहस्पतिवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

थॉमस कप में भारत की एतिहासिक खिताबी जीत के दौरान अपने सभी मैच जीतने वाले गैरवरीय प्रणय ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को 30 मिनट से अधिक चले मुकाबले में 21-15 21-7 से हराया। पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले 29 साल के प्रणय ने दोनों मुकाबलों में धीमी शुरुआत की लेकिन एक बार लय हासिल करने के बाद इस भारतीय खिलाड़ी ने विरोधी का कोई मौका नहीं दिया और लगातार 12 अंक जीतकर अंतिम आठ में जगह बनाई। दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय अगले दौर में सातवें वरीय इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे जिनके खिलाफ उन्होंने तीन मैच जीते हैं जबकि पांच मुकाबले गंवाए हैं। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को थाईलैंड की फिटायापोर्न चेईवान के खेल के सामंजस्य बैठाने में समय लगा। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पहला गेम गंवाने के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को दूसरे दौर के 57 मिनट चले मुकाबले में 19-21 21-9 21-14 से हराया। सातवीं वरीय भारतीय खिलाड़ी अगले दौर में चिर प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग से भिड़ेंगी। सिंधू ने ताइ जू के खिलाफ 15 मुकाबले गंवाए जबकि उन्हें सिर्फ पांच मैचों में जीत मिली है। चेन ने प्रणय के खिलाफ पहले गेम में अच्छी शुरुआत करते हुए 4- । की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने वापसी करते हुए अपने तीखे स्मैश से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी को बैकफुट पर धकेला।

प्रणय ने 6-6 के स्कोर पर बराबरी हासिल की और फिर 12-8 की बढ़त बनाकर विरोधी पर दबाव डाला। प्रणय ने इस बढ़त को 18-13 तक पहुंचाया और फिर क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ पहला गेम 17 मिनट में अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी प्रणय ने पिछड़ने के बाद 4-4 के स्कोर पर बराबरी हासिल की। चेन ने स्कोर 7-9 किया लेकिन प्रणय ने लगातार 12 अंक के साथ गेम और मैच जीत लिया। इससे पहले सिंधू पहली बार थाईलैंड की खिलाड़ी से खेल रही थी और भारतीय खिलाड़ी को विरोधी का खेल समझने में समय लगा।



### विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय एथलेटिक्स दल की अगुवाई करेंगे नीरज

**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अमेरिका के यूजीन में 15 से 24 जुलाई तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में भारत के 22 सदस्ईय दल की अगुवाई करेंगे। भारतीय टीम में 17 पुरूष और पांच महिला खिलाड़ी हैं। पैदल चाल खिलाड़ी भावना जाट और चक्का फेंक खिलाड़ी सीमा पूनिया ने इससे नाम वापिस ले लिया है। दोनों राष्ट्रमंडल खेलों पर फोकस करना चाहती हैं। महासंघ के प्रमुख आदिले ने कहा, सीमा का फोकस राष्ट्रमंडल खेल है जिसमें उसने चार पदक जीते थे। उसका मानना है कि वहां उसकी उम्मीदें ज्यादा है और हमारा भी यही मानना है। चोपड़ा के अलावा भालाफेंक में रोहित यादव भी टीम में हैं। भारतीय टीम तीन टुकड़ों में जाएगी और पहला समूह शनिवार को , दूसरा सोमवार को तथा तीसरा पांच जुलाई को रवाना होगा।